जाना तुम्हें मैंने है तुम्हारी ही कृपासे ।
भाग्यशालिनी हूँ मैं;
छल नहीं करना नाथ ! मेरे साथ ।
तुम जो हो, जानती मैं,
मैं जो हूँ, जानते उसे तुम;

तुमि आमि भिन्न नहि,	तुम और मैं भिन्न नहीं,
नाहि भेदाभेद, तोमाते-आमाते नाथ !	नहीं भेदाभेद, नाथ ! मेरे-तुम्हारे बीच।
तुमि सर्व्वत्यागी हबे,	सर्वत्यागी बनोगे तुम,
भाल कथा—	ठीक है;—
किंतु आमि सर्व्वमध्ये नहि;	किंतु मैं नहीं उस 'सर्व' में ;
तोमा मध्ये आमि,—	अन्तस्‌में तुम्हारे मैं,—
आमा मध्ये तुमि,—	तुम मेरे अन्तस्‌में,—
सर्व्वं भूते तुमि-आमि विद्यमान।	तुम और मैं विद्यमान सब भूतोंमें।
सत्य कथा,—शास्त्र-कथा,	सत्य वचन,—शास्त्र-वचन,
से अंश रूपे,—	उसी अंश-रूपमें,—
अंशरूपिणी आमि तव सेथा;	तुम्हारी अंशरूपिणी मैं तत्र-तत्र।
पूर्णरूपे परिपूर्ण, परम पुरुष तुमि	पूर्णतया परिपूर्ण, परम पुरुष तुम,
श्रीकृष्ण स्वयं।	स्वयं श्रीकृष्ण।
तव कृपा-बले भाग्यवती आमि,	तुम्हारे कृपाबलसे भाग्यवती मैं हूँ,
पतिरूपे पाइयाछि तोमा।	पाया है तुम्हें पतिरूपमें।
आमि पूर्ण शक्ति तव,	तुम्हारी पूर्ण शक्ति मैं,
कृपावशे तुमि मोर प्राणपति,	कृपावश बने तुम मेरे प्राणपति,
हृदय-ईश्वर।	हृदय-ईश्वर।
सर्व्वत्यागी ह'ले तुमि,	सर्वत्यागी बनकर भी तुम
छाड़िते नारिबे मोरे।	छोड़ नहीं मुझको सकोगे।
शक्ति-शक्तिमान,	शक्ति-शक्तिमान्—
एके दुइ,—दुये एक,	एकके ही दो रूप, दो होकर भी एक,
विच्छेद नाहिक हेथा।	सम्भव नहीं है विच्छेद यहाँ।
परिपूर्ण घन आनन्दस्वरूप तुमि आमि;	परिपूर्ण, घन, आनन्द-स्वरूप तुम और मैं;
सकलि त जान तुमि नाथ !	सब कुछ तो जानते हो तुम, नाथ !
तबे केन कर छल आमा सने ?	तब क्यों करते हो छल मुझसे ?
लोक-शिक्षा तरे,	लोक-शिक्षणके लिये,
प्रेमभक्ति शिखाइते कलि-जीवे,	प्रेमभक्ति सिखलाने कलियुगके जीवोंको
एस नाथ ! दुइ जने मिलि,	आओ नाथ ! दोनों जने मिलकर,
अनासक्त भावे थाकि संसार-आश्रमे,	अनासक्त भावसे, रहकर गृहस्थाश्रममें

लौकिकी लीलाय श्रीकृष्ण-भजन करि ।	लौकिकी लीलामें करें श्रीकृष्णभजन ।
देखुक जगत-जीव प्रेम-पूजा,—	देखें संसारी-जन प्रेम-पूजा,
तारा शिखुक प्रेमेर भजन-रीति	सीखें वे प्रेमकी भजन-रीति
इहा ह'ते;	माध्यमसे इस;
प्रेम-पूजा, प्रेम-भक्ति, प्रेमेर संसार	प्रेम-पूजा, प्रेम-भक्ति, प्रेमकी गृहस्थी,
देखुक जगत-जन ।	देखें जगत-जन ।
तुमि हे प्रेमिक वर,	हे परम प्रेमिक ! तुम
प्रेमवशे वशीभूत, प्रेमेर अधीन,	वशीभूत प्रेमके, प्रेमाधीन,
बुझाओ जगत-जीवे,	जगतके जीवोंको बता दो,
कि सुन्दर प्रेमेर संसार !	कितनी अभिराम गृहस्थी प्रेमकी !
ओहे प्रेममय ! प्रेमेर ठाकुर !	प्रेमके ठाकुर अहो ! अहो प्रेममय !
कृपा करि भासाइया प्रेम-वन्या	कृपाकर बहाकर प्रेमबहियाको
जगतेर प्रति गृहे गृहे,	जगत्के घर-घरमें,
प्रेममय कर त्रिजगत ।	कर दो त्रिलोकीको प्रेममय ।
शीतल हउक विश्व,	शीतल हो उठे विश्व,
प्रेमेर तरङ्ग उठुक प्रति जीव-हृदे ।	प्रेमकी तरङ्ग उठे, हृदयमें एक-एक जीवके।
कर प्रेमदान नाथ ! स्थावर-जङ्गमे;	करो प्रेम-दान नाथ ! सकल चराचरको;
उठुक प्रेमेर तुफान ए मर जगते	प्रेमका तूफान उठे इस मर्त्य जगमें ।
विश्वनाथ ! विश्वप्रेम शिक्षा दाओ जीवे,	विश्वनाथ ! विश्व-प्रेम-शिक्षा दो जीवोंको,
प्रेमधर्म दाओ शिक्षा विश्ववासी जीवे,	प्रेमधर्म-शिक्षा दो विश्ववासी जीवोंको ।
कर जुड़ि तव पदे नाथ !	हाथ जोड़ चरणोंमें नाथ ! तव
ए मोर विनति;	यही मेरी विनती है——
गृहे रहि कर एइ प्रेमलीलारङ्ग,	घरमें रह करो यही प्रेमलीला-रङ्ग ।
कृपा करि, लीलामय ! लह मोरे साथे;	कृपा कर लीलामय ! साथमें मुझेको लो;
सर्व्वभावे सहाय हइब आमि तव,	सब विधि बनूँगी सहायिका तुम्हारी मैं,
एइ काजे ।	इस कार्यमें ।
आमि तव चरणेर दासी	मैं तुम्हारी चरण-दासी,
श्रीचरणसेवा बिना	सिवा श्रीचरणोंकी सेवाके
किछु नाहि जानि ।	जानती कुछ और नहीं ।

श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !	विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
बुझियाछ सारतत्त्व तुमि;	समझा है सार तत्त्व तुमने;
तव मुखे कृष्णधन मोर,	मुखसे तुम्हारे मेरे प्यारे श्रीकृष्णने
शिखालेन मोरे,	समझाया मुझे है—
शक्ति-शक्तिमाने अभेद-तत्व ।	शक्ति-शक्तिमान्‌का अभेद-तत्त्व ।
कृष्णतत्त्व, जीवतत्त्व, प्रेमतत्त्व—	कृष्ण-तत्त्व, जीव-तत्त्व, प्रेम-तत्त्व—
सबइ एकाधारे;	सभीका है एक आधार;
भाग्यवती तुमि, पुण्यवती सति,	भाग्यवती तुम हो, पुण्यवती सती हे !
शास्त्रे बले—पतिप्राणार पति-प्रेम	शास्त्रमें कहा है, पतिप्राणा नारीका पति-प्रेम
जगते आदर्श,—	जगत्‌का आदर्श,—
मधुर भाव,श्रेष्ठ भजनपन्था ।	मधुर भाव ही है श्रेष्ठ भजन-मार्ग ।
नारी-शिरोमणि तुमि,	नारी-शिरोमणि तुम,
प्रेममयी तुमि,	प्रतिमा तुम प्रेमकी,
श्रीकृष्णेर कृपापात्री,	श्रीकृष्ण-कृपापात्री
सर्व्वभावे तुमि सति !	सभी भांति, तुम सती !
विष्णुप्रिये ! तुमि यदि कृपा कर मोरे	विष्णुप्रिये ! करो कृपा मुझ पर यदि तुम
पाब आमि अनायासे कृष्णधने ।	अनायास पाऊँगा मैं श्रीकृष्णधनको ।
दाओ तुमि अनुमति, अकपटे मोरे	दे दो तुम अनुमति बिना दुराव मुझे,
जाब आमि कृष्ण-अन्वेषणे;	जाऊँगा मैं श्रीकृष्णकी खोजमें;
वृद्धा जननी मोर,	वृद्धा जननीको निज,
सँपि जाब तोमार करेते ।	सौंप कर जाऊँगा तुम्हारे कर-युगलमें ।
पतिसेवापरायणा तुमि,	पतिसेवा-परायणा तुम,
पतिर जननी पूजनीया तव;	पतिकी जननी तुम्हारी पूजनीया ।
पतिसेवा परिवर्त्ते,	पतिकी सेवाके बदलेमें,
पतिर मातृसेवा कर तुमि,	पति-जननीकी सेवा करो तुम,
पतिर आदेशे;	पतिकी आज्ञासे ।
साध्वी सति तुमि,	साध्वी हो सती ! तुम,
पति-आज्ञा सर्व्वभावे पालनीय तव ।	सब विधिसे पति-आज्ञा-पालन उचित तुम्हें ।
विष्णुप्रिये ! आमार सेवार चेये	विष्णुप्रिये ! मेरी सेवाकी अपेक्षा

आमार मातृसेवा बड़;	बड़ी है सेवा मम माताकी,
तुमि मोर मातृसेवा कर सयतने।	करो सयत्न तुम सेवा मम माताकी।
तुष्ट हब आमि,	हूँगा संतुष्ट मैं,
तुष्ट हबेन श्रीकृष्ण तोमार प्रति;	होंगे श्रीकृष्ण भी तुम्हारे प्रति संतुष्ट।
विष्णुप्रिये! दाओ अनुमति।	विष्णुप्रिये! अनुमति दो।
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
प्राणनाथ! जीवन-सर्व्वस्व!	प्राणनाथ! जीवन-सर्वस्व!
दुःखिनीर हृदय-रतन!	दुखियाके हृदय-रत्न!
तबू छल नाहि छाड़,	अब भी नहीं छोड़ते छल
अबला बालिका सने;	बलहीना बालिकासे;
शठ-शिरोमणि तुमि	शठोंके शिरोमणि तुम—
सर्व्वलोके जाने,	सभी लोग जानते हैं;
किंतु नाथ! कृपा क'रे जाके	किंतु नाथ! कर अनुकंपा जिसे
अङ्कते दियेछ स्थान,	अङ्कमें है दिया स्थान,
अधिकारी करियाछ चरणसेवाय,	किया अधिकारी है चरणोंकी सेवाका,
तार सने एत छल नाहि शोभा पाय।	उसके प्रति इतना छल शोभा नहीं देता।
शत-शत कठिन परीक्षाय	शत-शत कठिन परीक्षामें
उत्तीर्ण हयेछे ए दासी,	उत्तीर्ण हुई है दासी यह,
युग-युगान्तरेर	युग-युगान्तरकी
कठोर साधना बले;	साधना कठोरके प्रतापसे;
कृपावशे जारे तुमि करियाछ	कृपावश जिसे तुमने किया है
चरणेर दासी,	चरणोंकी चेरी,
तार सने एत छल शोभा नाहि पाय।	उसके प्रति इतना छल शोभा नहीं देता।
पुनः पुनः परीक्षार से पात्री नहे तव;	पुनः-पुनः परीक्षाकी पात्री नहीं वह तुम्हारी
तुमि त सकलि जान	तुम तो हो जानते सभी कुछ
अन्तर्य्यामी हृदय-ईश्वर;	अन्तर्यामी हृदयेश्वर!
केन तबे कर छल जेने-शुने?	करते हो छल तब किसलिये जान-बूझ?
मनोभाव तव	मनोभाव अपना
प्रकाशिये बल नाथ! लीलामय तुमि,	प्रकट कर बोलो नाथ! लीलामय तुम हो,
कि लीला करिते साध हयेछे ए बार?	कौन लीला करनेकी साध हुई है इस बार।

लीला-सहायिनी आमि तव,	लीला-सहायिका तुम्हारी मैं,
भूलिया कि गेछ नाथ ताहा ?	भूल क्या गये हो नाथ ! इसको ?
बल, बल लीलामय !	बोलो, बोलो लीलामय !
कि इच्छा तोमार ?	इच्छा क्या तुम्हारी है ?
कि खेला खेलिबे तुमि	कौन खेल खेलोगे तुम
एबार धराय ?	इस बार पृथ्वीपर ?
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
(अन्यमनस्क भावे अन्य दिके चाहिया)	(अन्यमनस्क भावसे दूसरी ओर देखते हुए)
आर छल शोभा नाहि पाय	और छल शोभा नहीं देता
विष्णुप्रियार सने ।	विष्णुप्रियासे ।
विष्णुप्रिया पूर्ण शक्ति मोर,	विष्णुप्रिया पूर्णशक्ति है मेरी
शक्तिहारा ह'ये कि खेला खेलिब आमि ?	शक्ति रहित होकर मैं खेलूंगा कौन खेल ?
नाम-प्रेम विलाइते हवे	नाम-प्रेम वितरित करना होगा
एइ कलियुगे,	इस कलियुगमें,
अयाचित भावे सर्व्व जीने;	बिना मांगे सम्पूर्ण जीवोंको;
निज गुप्तवित्त गोलोकेर धन—प्रेम,	मेरी गुप्तसम्पदा, धन गोलोकका—प्रेम,
पावे आचण्डाले कलियुगे;	पायेंगे कलियुगमें चण्डालतक ।
कलिहत जीव कालवशे	कलिकालहत प्राणी कालके प्रभावसे
विपन्न सतत;	विपन्न सदा;
जर्ज्जरित दुःखतापे हृदय तादेर,	जर्जरित दुःख-तापसे हृदय उनका,
उपद्रुत रोग-शोके,	व्यथित रोग-शोकसे,
हाहाकार प्रति घरे-घरे;	हाहाकार प्रत्येक घर-घरमें ।
पाषाणेर रेखा मत	पत्थरकी लीक सम
हृदये तादेर,	हृदयपर उनके
दुःख-शोक-चिन्ता-रेखा,	दुःख-शोक-चिन्ता-रेखा
रयेछे अङ्कित सतत ।	रहती है अङ्कित नित्य ।
आहा ! गात्रे वेत्राघात मत	आह ! वेत्राघात सम तनपर,
तादेर सर्व्व हृदय भरि	उनके समस्त हृद्देशमें
क्षत अगणन ।	घाव अनगिने हैं ।

त्रितापेर ज्वाला तादेर	उनकी त्रिताप-ज्वाला
करिबारे दूर,—	दूर करने के लिये,—
शान्तिवारि सिञ्चिते	शान्ति-जलधारासे सींचनेको
हृदये तादेर,—	हृदय उनका,—
नामरूपी भगवान,	नामरूपी भगवान
प्रेमरूप महोषधि,	प्रेमरूपी महौषधिको,
कृपा करि दिबेन तादेर स्वहस्ते ।	करुणा कर देंगे उनके निज हाथमें ।
क्षत हबे दूर,	घाव भर जायेंगे,
ताप-ज्वाला सब जाबे दूरे,	होगी समस्त ताप-ज्वाला दूर,
हृदि-प्राण हइबे सरस;	हृदय-प्राण होंगे सरस ।
तबे प्रेम संचारिबे हृदये तादेर ।	होगा तब प्रेमका संचार हृदयमें उनके ।
हबे एइ लीलाय करुणार	जायगी करुणा लुटायी इस लीलामें
छड़ाछड़ि,	खुले हाथ,
कृपार अविश्रान्त वृष्टि;	होगी कृपाकी वृष्टि अविरल ।
दुःखी-तापी जीवेर करुण-क्रन्दने—	दुःखी-परितप्त प्राणियोंके करुण-क्रन्दनसे—
तादेर हाहाकार आर्त्तनादे,	उनके हाहाकारपूर्ण आर्तनादसे,
कृपा-परवश ह'ये,	कृपा-वशीभूत होकर,
श्रीकृष्ण स्वयं दिबेन दरशन	श्रीकृष्ण देंगे दर्शन स्वयं
नर-वपु धरि;	नर-देह धारणकर;
नदीयाय आविर्भाव ताँर	नदियामें अवतार उनका
एइ लीला पुष्टि तरे ।	इस लीलाकी परिपुष्टि-हेतु ।
आमि साजिब संन्यासी,	लूंगा मैं संन्यासी बाना,—
धरि भिखारिर वेश,	धरकर भिखारी-वेश,
कृष्ण-कृष्ण बलि	"कृष्ण, कृष्ण" कहते हुए,
काँदिया बेड़ाब द्वारे-द्वारे;	रोते हुए घूमूंगा घर-घर,
लीला-सहायिनी विष्णुप्रिया मोर,	लीला-सहचरी मेरी विष्णुप्रिया,
पति-विरह-सागरे झम्प दिबे,	पति-वियोग-वारिधिमें कूदकर पड़ेगी जा
पागलिनी मत ।	पगली-सी ।
माता मोर पुत्र-शोके ह'ये शोकाकुला,	माता मम शोकाकुल पुत्र-शोकमें हो,
सकरुण आर्त्तनादे	सकरुण आर्तनादसे

जागा'बेन कलिजीवे	प्रबुद्ध करेंगी कलिजीवोंको
मोह-निद्रा ह'ते;	मोहमयी निद्रासे;
उठिबे जगते विषम करुणध्वनि,	उठेगी जगतमें विषम करुणध्वनि,
प्रिया-मुखे आर मातृ-मुखे ।	प्रियाके मुखसे तथा जननी-मुखसे ।
करुण रसे भरिबे भुवन ,	भरित हो उठेगा विश्व करुण-रससे,
करुण स्वरे काँदिबे पृथिवी,	सकरुण स्वरसे क्रन्दन करेगी धरा,
स्थावर-जङ्गम नाहि जावे बाद ।	चर और अचर—कुछ भी बचेगा नहीं ।
भक्ति-स्वरूपिणी विष्णुप्रिया,	भक्ति-स्वरूपिणी विष्णुप्रिया
एइ लीलाय सहायिनी हबे मोर ।	सहचरी मेरी बनेगी इस लीलामें ।
शुभ संयोग,	शुभ संयोग यही !
परामर्श उपयुक्त बटे ।	परामर्श उचित है ।
(श्रीविष्णुप्रियार प्रति)	(श्रीविष्णुप्रियाके प्रति)
विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !	विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
आर ना करिब छल,--	और न करूँगा छल,--
आर ना लुकाइव तव काछे किछु,—	और नहीं रखूँगा गुप्त तुमसे कुछ,--
स्वकर्णे शुनिते चेयेछ तुमि,	सुनना चाहा है तुमने कानोंसे अपने,
एबार नदीयाय कि खेला खेलिब आमि?	इस बार करूँगा मैं नदियामें खेल कौन ?
बलि, शुन् तबे,—	कहता हूँ, सुनो तब,--
कठोर से वाणी,--कठिन से कथा,	वचन कठोर वह,--कथा वह कठोर
शुनिले दुःख पाबे मने;	सुनकर पाओगी दुःख मनमें;
कोमल हृदये तव	कोमल हृदयमें तव
शेल सम विंधिबे से कथा,	सेलके समान वह कथा बिंध जायगी
जानि आमि इहा ।	जानता हूँ इसे मैं ।
किंतु विष्णुप्रिये ! तुमि शुनिते चेयेछ,	किंतु विष्णुप्रिये ! चाहा है सुनना तुमने,
से कठोर वाणी,--से निदारुण कथा,	वाणी कठोर वह, कथा अति दारुण वह;
ताइ मोर मुख ह'ते बाहिरिबे आजि ।	मेरे मुख-द्वारसे बाहर अतः होगी आज ।
भेवेछिनु मने,—	सोचा था मनमें,--
बलिब ना निज मुखे सेइ	कहूँगा नहीं निज मुखसे वह
प्राणघाती वाणी;	प्राणघाती वचन;
किंतु, तुमिइ ब'लाले मोरे,	तुम्हींने किंतु कहलाया मुझसे है ।

दोष नाइ मोर, विष्णुप्रिये !
बलेछ त तुमि,—
तुमि-आमि एक;
जेनेछ त तुमि,
के तुमि,—के आमि ?
कि हेतु मोर एइ अवतार;
काज नाइ आर लुकोचूरी।
आर ढाकाढाकि तोमाते-आमाते।
मन कथा बलि तबे,
शुन विष्णुप्रिये ! धैर्य्य धरि—
शिखा-सूत्र मुड़ाइये,
साजिब कपट-संन्यासी आमि;
कमण्डलु करे निये,
परणे कोपीन परि,
बेड़ाइब, भिक्षाकरि, द्वारे-द्वारे
दुःखी-तापी जगत जीवेर।
गोलोकेर धन—प्रेम
जने-जने बिलाइब जेचे-जेचे
केह नाहि जाबे बाद;
ब्राह्मण-चण्डाल, पाषण्डी-दुर्ज्जन,
पापी, तापी, दुराचार,
स्त्री-शूद्र, स्थावर-जङ्गम—
केह नाहि जाबे बाद।
युगधर्म्म नामब्रह्म करिब प्रचार;
हरिनाम-सङ्कीर्त्तन-महायज्ञे
आहुति दिब नदीयार
ए सुख-सम्पद।
मोर गोलोकेर परिकर सबे
अवतीर्ण कराइया धराधामे,
तबे आसियाछि आमि,


दोष नहीं मेरा है, विष्णुप्रिये !
कहा है तुम्हींने तो,—
तुम और मैं दोनों एक ही हैं;
जान तो लिया ही तुमने,—
कौन तुम, कौन मैं ?
किस हेतु मेरा यह अवतार।
अब नहीं काम लुकाचोरीका,
और तोप-ढाँक मेरे तुम्हारे बीच।
मनकी बात कहता हूँ तब,
विष्णुप्रिये ! सुनो, धारणकर धैर्यको—
शिखा-सूत्र त्यागकर,
बनूँगा कपट-संन्यासी मैं;
हाथमें कमण्डलु ले,
परिधान रूपमें कौपीन धारणकर,
माँगता हुआ भिक्षा घूमूँगा द्वार-द्वार
दुःखी और संतप्त संसारी जीवोंके।
गोलोक-सम्पदा—प्रेमको
जन-जनमें बाँटूंगा अनुरोध कर-कर—
कोई भी नहीं वञ्चित रह जायगा;
ब्राह्मण-चण्डाल पाखण्डी-दुर्जन,
पापी, तापी, दुराचारी,
स्त्री-शूद्र, स्थावर-जंगम—
कोई भी नहीं वंचित रह जायगा।
करूँगा प्रचार युगधर्म नामब्रह्मका;
हरिनाम-संकीर्तन-महायज्ञमें
होम दूँगा नवद्वीपकी
इस सुख-सम्पत्तिको।
गोलोकके अपने परिकर-वृन्दको
भेज धराधामपर,
तब हूँ आया मैं

कार्य्य-सिद्धि तरे ।	कार्य-सिद्धि हेतु ।
कलियुगे	कलियुगमें
एइ नाम-प्रेम-प्रचार-लीलाय,	इस नाम-प्रेमकी प्रचार-लीलामें,
प्रधान सहाय मोर तुमि, विष्णुप्रिये !	सहचरी प्रधान मेरी तुम्हीं विष्णुप्रिये !
सिद्ध नाहि हबे,	सिद्ध नहीं होगा,
नाम-प्रेम-दान-कार्य्य ऐश्वर्य्य-भावेते,	नाम-प्रेम-दान-कार्य ऐश्वर्य-भावसे;
ताइ काँधे करि भिक्षा झुलि	इसीलिये कंधेपर भिक्षाकी झोली रख,
भिखारिर वेशे, देशे-देशे भ्रमि,	वेशमें भिखारीके देश-देश घूमकर,
बिलाइब नाम प्रेम याचिया-याचिया,	बाँटूँगा नाम-प्रेम अनुरोध कर-कर
प्रति घरे-घरे ।	प्रत्येक घर-घरमें ।
काँदिया-काँदिया द्वारे-द्वारे फिरि,	रो-रोकर घूमकर द्वार-द्वार
जीवेर हाते धरि दिब,	प्राणियोंके हाथमें धर दूँगा,
गोलोकेर धन,--प्रेम;	गोलोक संपदा--प्रेम;
स्वयं दिब तादेर प्रेम-आलिङ्गन ।	दूँगा स्वयं प्रेम-परिरम्भण उन्हें ।
नाम-संकीर्त्तन-यज्ञे,	नाम-संकीर्तन-यज्ञमें
आचण्डाले दिब अधिकार;	चण्डालतकको दूँगा अधिकार;
विचार ना करिब जाति-कुल,	करूँगा विचार नहीं जाति या कुलका,
पूर्ण अधिकार दिब कलियुगे,--	पूर्ण अधिकार दूँगा कलियुगमें
स्त्री-शूद्रे विग्रह-सेवाय ।	स्त्री-शूद्रगणको भी विग्रह-सेवाका ।
करुण क्रन्दन छले,	करुण क्रन्दनके मिससे,
शिखाइब जगत-जीवे	सिखाऊँगा संसारी जीवोंको
श्रीकृष्ण-चरणे आत्म-निवेदन ।	श्रीकृष्ण-चरणोंमें आत्मनिवेदन ।
सर्व्वपाप-प्रायश्चित-सार	सर्व-पाप-प्रायश्चित-सार है,
हृदयेर अनुतापानले,	हृदयका अनुतापानल ही;
शिखाइब कलि-जीवे,	सिखाऊँगा कलियुगके प्राणियोंको
पाप-क्षयेर उत्कृष्ट उपाय ।	पाप-नाशका उपाय उत्कृष्ट यह ।
स्वयं आचरिये,	स्वयं आचरण कर
शिक्षा दिब सर्व्वभावे	सब विधि सिखाऊँगा
कलिजीवे	कलियुगके प्राणियोंको--
भक्तिधन किसे लभ्य हय;	भक्ति-धन कैसे प्राप्त होता है ।

भक्तवेश धरि,	भक्त-वेश धारणकर,
भक्तवशी भगवाने,--प्रेमानन्दे	भक्त वशीभूत भगवानका प्रेमानन्दमें भर
भक्तिभावे करिब भजन	भक्तिभावपूर्वक भजन करूँगा
जीव-शिक्षा हेतु;	जीवोंकी शिक्षा हेतु ।
विष्णुप्रिये ! तुमि मोर	विष्णुप्रिये ! तुम्हीं मेरी
लीला-सहायिनी;	सहचरी इस लीलामें ।
तुमिओ आमार मत	तुम भी समान मेरे
गृहे रहि मोर,--एइ नदीयाय,--	रहकर मम गृहमें,--इस नवद्वीपमें,--
आमार विरह-व्यथा,	मेरी विरह-व्यथाको,
दृढ़ करि हृदे भरि सति !	दृढ़ता से हृदयमें धारणकर, हे सति !
उठाओ विरहेर करुण क्रन्दनध्वनि	विरहकी उठाओ करुण क्रन्दन-ध्वनि,
जगत व्यापिया;	जगत्-व्यापिनी ।
साजि विरहिणी-साजे,	धरकर विरहिणी-वेश
ज्वालि दाओ विरहेर विषम अनल,	सुलगावो विरहकी विषम आग,
प्रति कलिहत जीव-हृदे ।	प्रत्येक कलिहत जीवके हृदयमें ।
बिरहेर दारुण व्यथाय,	विरहकी दारुण व्यथासे,
विरहिणी-हृदयेर तप्त दीर्घश्वासे,	विरहिणी-हृदयके तप्त-दीर्घ श्वासोंसे
आलोड़ित हइबेक जीवेर हृदय,	आलोड़ित उठेगा हो जीवधारियोंका हृदय
व्यथित हइया आमा तरे	व्यथित होकर मेरे लिये,
काँदिया आकुल हबे तारा तखन;	रो-रोकर आकुल वे होंगे तब;
करुण विरह-विलाप-गीते,	करुणा भरे विरह-विलाप-गीतोंसे,
तादेर हृदये हबे	उनके हृदयोंमें होगा
मोर तरे प्रेमेर सञ्चार;	मेरे लिये प्रेमका संचार;
तबे तारा शिखिबे,	तभी वे सीखेंगे,
अकपटे डाकिते आमारे ।	निष्कपट भावसे मुझको पुकारना ।
तबे तारा मुक्त हबे	तभी मुक्त होंगे वे
शोक दुःख ह'ते;	शोक तथा दुःखसे ।
एइ जे भजन पथ,--सर्व्वश्रेष्ठ इहा,--	भजन-मार्ग यह जो,--सर्वश्रेष्ठ यही है ।
कलि-जीव बड़इ दुर्ब्बल,	कलियुगका प्राणी बड़ा ही दुर्बल है,
कलिर भजन ताइ केवल रोदन;	कलिमें भजन अतएव केवल रोदन है;

दुर्व्बलेर इहा बिना आर,
कि आछे सम्बल ?
विष्णुप्रिये ! तुमि लीलासहायिनी मोर,
प्रतिश्रुत हइयाछ, सहाय हइबे तुमि,
सर्व्वभावे एइ मोर करुण लीलाय;
साध्वी सति तुमि,
असाध्य किछुइ नाइ तव त्रिजगते ।

दुर्बलका इसके बिना और
कौन-सा सहारा है ?
विष्णुप्रिये ! लीलासहचरी तुम्हीं मेरी हो
वचन दिया है, सहायिका बनोगी तुम,
सब प्रकार मेरी इस करुण लीलामें;
साध्वी हो, सती ! तुम,
कुछ भी असाध्य नहीं तुमको त्रिलोकीमें, ।



विष्णुप्रिये ! बुके धर बल,
हृदे धर शक्ति,
एखन दाओ अनुमति ।

(प्रियाजीर हस्त धारण, श्रीविष्णुप्रिया देवीर कम्पित कलेवरे भूमिते उपवेशन ओ क्रन्दन)

श्रीगौराङ्ग—(निज मने)
मायामय ए संसार,
मायाजाले अभिभूत सबे;

विष्णुप्रिये ! वक्षःस्थलको दृढ़ करो,
हृदयमें धारण करो शक्ति,
दे दो अब अनुमति ।

(प्रियाजीका हाथ पकड़ना—श्रीविष्णुप्रिया देवीका कम्पित कलेवरसे भूमि पर बैठना और रोना।)

श्रीगौराङ्ग—(स्वगत)
मायामय यह संसार,
सभी अभिभूत मायाजालसे;

ज्ञानी श्रो श्रज्ञानी,	ज्ञानी श्रौर श्रज्ञानी,
उदासी श्रो संसारी,	विरक्त तथा संसारी,
धनी श्रो निर्धनी, नारी श्रो पुरुष--	धनी श्रौर निर्धन, नारी श्रौर पुरुष—
विष्णुमायाजाले बद्ध सकलेइ ।	विष्णुमायाजालमें फँस रहे सभी हैं।
मोह-माया-जाले जड़ित ए संसार ।	मोह-माया-जालमें जकड़ा यह संसार ।
मायामय भगवान,--	मायामय भगवान्,--
मायिक रूपे कृपा करि,	मायामय रूपसे कृपा कर,
जखन नरवपु करेन धारण,	जिस समय करते हैं नर-देह धारण,
ताँर मायामयी शक्ति हन	मायामयी शक्ति उनकी बनती है,
योगमायारूपे	योगमायारूपसे
भगवान श्रो जीवेर मिलन सहाय ।	भगवान श्रौर जीवके मिलनमें सहायिका।
पूर्ण शक्ति मोर विष्णुप्रिया,	पूर्ण शक्ति मेरी हैं विष्णुप्रिया ।
जीवेर सहित मोर,	जीवोंके साथ मेरे
एइ महा सम्मिलने, श्रार श्रबाध मिलने	इस महासम्मिलनमें श्रौर निर्बाध मिलनमें
नामयज्ञ-श्रनुष्ठाने--	नामयज्ञरूपी श्रनुष्ठानमें,
प्रधान सहायक तिनि ।	सहायिका प्रधान वे ।
नरवपु धरि,	मानव-तन-धारिणी
वैकुण्ठेर लक्ष्मीभाग्ये	वैकुण्ठकी लक्ष्मीके भाग्यमें
संकीर्तन महारासलीला,	संकीर्तन-महारासलीलाका
ना हइल दरशन;	दर्शन था नहीं;
ऐश्वर्य्यमय लीलासहायिनी तिनि ।	ऐश्वर्यमयी लीला सहायिका वे ठहरीं ।
करि परामर्श मोर सने	करके परामर्श मेरे साथ
करिलेन ताइ, लीला-सम्वरण ।	कर लिया इसीलिये लीलाका संवरण ।
किंतु ताँर साध बड़ छिल	किंतु साध उनकी प्रबल थी--
दरशने संकीर्त्तन-महारासलीला;	संकीर्तन-महारास-लीलाके दर्शनकी;
ताइ निज प्रयोजने--	इसलिये श्रपने उस प्रयोजनसे,
श्रार श्रामार इच्छाय,--	श्रौर मेरी इच्छासे,
मिलिलेन विष्णुप्रिया सने ।	विलीन हुईं विष्णुप्रिया-रूपमें ।
विष्णुप्रिया पूर्ण शक्ति मोर	विष्णुप्रिया पूर्ण शक्ति मेरी हैं,
ह्लादिनी-सारभूता,	ह्लादिनी-सारभूता,

परा भक्ति-स्वरूपिणी
भक्तितत्त्व, प्रेमतत्त्व,
सर्व्वभावे हबे प्रचारित एइ युगे
विष्णुप्रिया ह'ते ।
लौकिकी लीलाय पतिविरहिणी इनि,
भगवत-विरह-दुःख-शिक्षा दिते जीवे,
मोर सने नदीयाय,
अवतार इहार ।
लोक-चक्षे, लीलार उद्देशे,
कुलेर कामिनी इनि;
आमिओ पण्डितवर नदीयार माझे ।
नरवपु धरि, नरेर स्वभावे,
लौकिकी लीला पुष्टि तरे
विरहिणी विष्णुप्रिया विषादिनी आजि
आमि संन्यासी साजिब बले ।
जे भावे जे मोरे भजना करे,
आमि तारे भजि सेइ भावे;
इहा मोर गीता-वाक्य ।
एबे मिष्ट वाक्ये
तुष्ट करि
प्राणप्रिये आलिङ्गन दिये;
योगमाया तुमि मोर हओ गो सहाय ।

(श्रीविष्णुप्रियादेवीके करे धरिया सादरे उत्तोलन एवं पालंके वसिया रसभरे कथोपकथन)

श्रीगौराङ्ग—

प्राणप्रिये ! विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
पागलिनी तुमि;
छाड़ि, तोमा समा पतिप्राणा भार्य्या,
त्यजि शोकाकुला वृद्धा जननी,

पराभक्ति-स्वरूपिणी ।
भक्तितत्त्व, प्रेमतत्त्व,
सभी भाँति होगा प्रचारित इस युगमें
विष्णुप्रियाद्वारा ।
लौकिकी लीलामें पतिविरहिणी ये,
भगवत्-विरह-दुःख सिखाने जीवोंको,
मेरे साथ नदियामें
अवतार इनका ।
लोक-दृष्टिमें, लीला-उद्देश्यसे,
बनी कुलकामिनी ये;
मैं भी बना पण्डितवर नदियामें ।
नर-देह धारणकर मानव-स्वभाव ले
लौकिकी लीलाकी पुष्टिके हेतु
विरहिणी विष्णुप्रिया विषादिनी बनी आज
जान संन्यासी वेश धारण करूँगा मैं ।
करता है भजन मेरा जो भी जिस भावसे ।
मैं भी उसे भजता हूँ उसी भावसे ।
गीतामें यही मैंने कहा है ।
इस समय मधुर वचनावलीसे
करता हूँ संतुष्ट
देकर आलिङ्गन प्राणप्रियाको;
अरी ! योगमाया! तुम मेरी सहायिका बनो

(हाथ पकड़कर श्रीविष्णुप्रियाको सादर उठाना, और पर्य्यङ्कपर बैठकर सरस वार्तालाप)

श्रीगौराङ्ग—

प्राणप्रिये ! विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
पगली हो तुम तो ।
छोड़कर तुम समान पतिप्राणा भार्याको,
त्यागकर शोकाकुला जराजीर्ण जननीको,

कोथा जाब आमि ?	कहाँ मैं जाऊँगा ?
प्राणेर आवेगे कि जे बलियाछि,	आवेगमें प्राणोंके क्या-क्या कह डाला है,
किछु नाइ मने;	कुछ भी नहीं याद है ।
व्यथा पाइयाछ कोमल प्राणे तुमि,	व्यथित हुई हो तुम, भीतर मृदुल प्राणोंके
विष्णुप्रिये !	विष्णुप्रिये !
कृष्णप्रेम उन्मत्त करियाछे मोरे	पागल बना दिया है मुझे कृष्ण-प्रेमने,
वाक्य मोर जानिओ प्रलाप,	वचनोंको मेरे जानना प्रलाप मात्र;
पागल ह'येछि आमि,——	पागल हुआ हूँ मैं,
पागलेर कथाय	पागलकी बातोंसे
वृथा केन व्यथा पाओ मने ?	मनमें क्यों वृथा व्यथा पाती हो ?
छाड़ि तोमा समा भक्तिमती भार्य्या	छोड़कर तुम-जैसी भक्तिमती भार्याको
कोथा जाब आमि भक्ति अर्ज्जन तरे ?	कहाँ मैं जाऊँगा भक्ति प्राप्त करनेको ?
भक्ति स्वरूपिणी तुमि,	भक्ति-स्वरूपा तुम,
भक्तिदात्री तुमि,	तुम भक्ति-दात्री;
गृहे रहि,——तव ठाँइ	गृहमें रह, तव समीप
करिब शिक्षा प्रेमभक्ति आमि,	प्रेम-भक्ति सीखूँगा मैं ।
प्रियतमे ! शान्त कर चित्त	प्रियतमे ! शान्त करो चित्त;
एस, प्रेम भरे देह आलिङ्गन ।	आओ, आलिङ्गन दो सप्रेम ।
क्षमा करो, प्रिये ! पागलेर कथाय	क्षमा करो प्रिये ! पागलकी बातोंसे
यदि दुःख पेये थाक मने ।	यदि दुःख पाया है मनमें ।
(चिबुक धरिया मुख-चुम्बन)	(चिबुक पकड़कर मुख-चुम्बन)
श्रीविष्णुप्रिया !	**श्रीविष्णुप्रिया—**
(लज्जित भावे)	(लज्जित भावसे)
प्राणेश्वर ! हृदय-रतन !	प्राणेश्वर ! हृदयरत्न !
दुखिनीर जीवन-सम्बल !	दुःखिनीके जीवन-सम्बल !
तव वाक्ये आश्वासित हल मोर प्राण;	वचनसे तुम्हारे आश्वासित हुए हैं मेरे प्राण
तिरपित हल मोर उद्वेलित चित;	शान्त हुआ है मेरा उद्वेलित चित्त,
देहे मोर प्राण आसिल ।	लौट आये प्राण मेरे तनमें ।
हृदयेश ! आमि तव चरणेर दासी,	हृदयेश ! दासी मैं तुम्हारे चरणोंकी,
तव प्रेम भिखारिणी;	भिखारिन प्रेमकी तुम्हारे;

पद-सेवा भिन्न तव, अन्य धर्म नाहि मोर।
तिल मात्र तव अदर्शन,
युग-युगान्तर हय बोध मोर मने;
पलके हाराइ तोमा;
अभागिनी चरणेर दासी छाड़ि
त्यजि नदीयार ए सुख-सम्पद,
ना जाइओ कोथा, प्राणनाथ !
गृहे रहि दुइ जने,
प्रेम-भक्ति-योगे
समर्पिये मन-प्राण,
श्रीकृष्ण-भजन करिब प्रेमानन्दे ।
गृहस्थ-आश्रमे रहि,
सस्त्रीक हइये कर श्रीकृष्ण-भजन ।
पालन करह जननीर उपदेश;
विघ्न नाहि दिब आमि
तोमार भजने,
ए कथा तुमि जानिह निश्चित ।
सहधर्म्मिणी आमि तव,
तोमार भजनेर सहायिनी हब आमि ।

श्रीगौराङ्ग—

विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
पूर्ण हबे तव इच्छा, इच्छामयी तुमि;
तव इच्छा अपूर्ण ना रबे ।
रात्रि हइयाछे,
एखन एस, करिगे शयन,

(पुष्पशय्योपरि, प्रियाजीके पुष्पहारे सज्जितकरण,—श्रीगौर विष्णुप्रिया युगले शयन)

पटाक्षेप ।

सिवा पद-सेवा तव, अन्य धर्म मेरा नहीं ।
तुम्हें बिना देखे पलमात्र समय,
युग-युगान्तर-सा लगता है मेरे मन;
पलकान्तरमें ही खो बैठती हूँ तुमको ।
छोड़कर चरणोंकी दासी अभागिनीको,
त्यागकर नदियाकी सुख-सम्पदा यह,
नहीं जाना कहीं, प्राणनाथ !
घरमें ही रहकर दोनों जन,
प्रेम-भक्ति-योगमें
लगाकर मन-प्राण,
प्रेमानन्दपूर्वक करेंगे श्रीकृष्ण-भजन ।
रहकर गृहस्थाश्रममें
सस्त्रीक रहकर करो श्रीकृष्ण-भजन ।
पालन करो जननीका उपदेश;
विघ्न नहीं डालूंगी मैं
भजनमें तुम्हारे,
निश्चित मान लो यह बात तुम ।
तुम्हारी सहधर्मिणी मैं,
भजनमें तुम्हारे बनूंगी सहायिनी मैं ।

श्रीगौराङ्ग—

विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
पूर्ण होगी तव इच्छा, इच्छामयी तुम हो;
इच्छा अपूर्ण न रहेगी तुम्हारी ।
अधिक रात हो गयी है,
आओ, अब शयन करें ।

(पुष्पशय्याके ऊपर प्रियाजीको पुष्प हारसे शृंगार धारण कराना श्रीगौराङ्ग और विष्णुप्रिया दोनोंका शयन।)

पटाक्षेप ।

द्वितीय अङ्क

(प्रथम गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन । श्रीविष्णुप्रिया गृहकोणे विरस वदने आसीना ।

(काञ्चनार प्रवेश)

काञ्चना--

प्रिय सखि ! एकाकिनी बसि केन
विरस बदने गृहकोणे ?
केन आनमना सखि ?
प्रफुल्ल बदन तव म्लान
हेरि केन आज ?
फुल्ल कमलिनी मत तुमि,
सतत प्रफुल्ल;
सदा हास्यमुखी तुमि
आज केन हास्य नाहि मुखे ?
बसे आछ मलिन वदने,
गृहकार्य्य सब रयेछे पड़िया,
देखि,--वृद्धा शाशुड़ी तव
एकाकिनी गृह-कार्य्य-रता;
केन ? कि हेतु विरस वदन तव ?
सखि ! प्रकाशिये बल मोरे !

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने ! कि आर बलिब ?
बलिते विदरे बुक,
हृदि फेटे जाय;
रात्रिशेषे देखेछि कुस्वप्न एक,

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन । श्रीविष्णुप्रिया घरके कोनेमें म्लानमुख बैठी हैं ।

(काञ्चनाका प्रवेश)

काञ्चना--

प्रिय सखी ! एकाकिनी बैठी हो क्यों
घरके कोनेमें विरस-वदन ?
क्यों हो अनमनी तुम ?
तुम्हारे प्रफुल्ल आननको म्लान
क्यों देखती हूँ आज ?
फूली कमलिनी समान तुम,
रहती प्रफुल्ल सतत;
सदा हँसमुखी तुम,
आज किसलिये नहीं हँसी मुखमण्डल पर ?
बैठी हो आज मुख म्लान किये,
पड़ा हुआ सारा गृह कार्य है
देखती हूँ--वृद्धा तुम्हारी सास
अकेली गृह-कार्यमें रत हैं;
क्यों, किस कारणसे उतरा तुम्हारा मुख ?
सखि ! कहो सब खोलकर मुझसे ।

श्रीविष्णुप्रिया--

सखि काञ्चने ! और क्या कहूँ ?
कहनेसे फटती है छाती--
होता है विदीर्ण हृदय;
शेष हो चुकी थी रात जब देखा दुःस्वप्न एक

महा भयंकर !	महा भयंकर ।
प्राणेश्वर मोर,--गुणमणि मोर,	मेरे प्राणेश्वर, गुणमणि मेरे,
तोमादेर नदीया नागर,--	तुम्हारे नदियाके नागर,
नदे छाड़ि करेछेन पलायन ।	नदियाको छोड़ पलायन कर गये ।
नदे बासी बलितेछे सबे--	नदियावासी सभी इस प्रकार कह रहे हैं-
भ्राता तार विश्वरूप	उनके भाई विश्वरूप
डेकेछेन ताँरे;	बुला रहे हैं उन्हें;
जननीर अनुमति लये	माताकी अनुमति ले
भ्रातृ अन्वेषणे तिनि	भाईको खोजने वे
गियेछेन दूर देशे चले;	गये हैं दूर देश चले ।
केह केह बलितेछे,	कोई-कोई कह रहे हैं--
गृहत्यागी ह'ये तिनि	होकर उन्होंने गृह-त्यागी
सेजेछेन यति;	कर लिया है धारण वेश यतिका;
नदीयाय पड़ेछे विषम हाहाकार ।	नदियामें मचा है विषम हाहाकार ।
देखि एइ स्वप्न भयंकर,	देखकर स्वप्न यह भयंकर,
सखि ! निद्रा भाङ्गि गेल;	सखि ! निद्रा गई टूट;
उठि शय्यापाशे बसि,	उठकर बैठ शय्या-पार्श्वमें,
केँदे मरि ।--	रो-रो दे रही प्राण ।
प्राणेश्वरे जागानु चकिते;	घबराकर जगाया प्राणनाथको,
आलस्य भङ्ग करि उठिलेन तिनि;	आलस्यको त्याग उठ पड़े वे;
स्वप्न-वृत्तान्त तिनिशुनि मोर मुखे	स्वप्न-वृत्तान्त वे सुन मेरे मुखसे,
कत क्षण रहि स्तब्धभावे,	कुछ देर स्तब्ध रह,
हासिया कहिलेन मोरे गुणमणि-	हँसकर मुझसे बोले मेरे गुणमणि--
स्वप्न कभु सत्य हय ?	स्वप्न कभी होता सत्य ?
स्वप्नेर कथा अलीक चिरकाल ।	होती असत्य चिरकाल बात स्वप्नकी ।
प्रिय सखि ! मन किंतु	प्रिय सखि ! मनको न किंतु
बुझिल ना मोर,	बोध हुआ मेरे,
प्राणे जेन विंधेछे विषम शेल;	प्राणोंमें मानो धँसा हो विषम सेल;
उठियाछे हृदे अशान्तिर तरङ्ग-निचय ।	उरमें अशान्ति का उठा है तरङ्ग-जाल ।
गियेछिनु गङ्गास्नाने प्राते	गयी थी गङ्गा नहाने प्रातःकाल,

शाशुड़ीर सने;	सङ्गमें सासके;
अमङ्गल-चिह्न जत हेरिनु चारि दिके;	जितने अमङ्गल-चिह्न देखे मैंने चारों ओर;
सेइ ह'ते नाचितेछे,	तबसे ही फड़क रहा
दक्षिण नयन मोर।	दक्षिण नयन मेरा।
अस्थिर हयेछे चित-मन;	हो रहा अस्थिर मेरा चित्त-मन।
सखि! कि जानि, कि आछे	सखि! क्या जानूं, क्या है
कपाले मोर;	मेरे कपालमें,
अभागिनी आमि;	अभागिनी हूँ मैं।

गीत

सखि रे।	सखि रे।
के जाने आमार कि आछे भाले?	क्या जाने क्या लिखा भाग्यमें मैं अपने ले आयी।
ए हेन नदीयापुर उदास लागे॥	एक उदासी-सी सारे नदिया भरमें है छायी॥
नाचिछे दक्षिन आँखि, सकलि उदास देखि, ना जानि कि हय बुझि, विधिर पाके।	फड़क रहा है दक्षिण लोचन, पड़ते दीख उदास सभी जन, नहीं जानती नियति-नटी ने लीला कौन रचायी।
अमङ्गल-चिह्न हेरि: सकल नदीया भरि, बड़ दागा लेगेछे गो हृदय माझे॥	अशुभ चिह्न नदिया भर छाये, मुझे दीख पड़ते मुँह बाये; विपुल वेदना अन्तस्तलमें कोई आलि समायी॥

काञ्चना—	**काञ्चना—**
प्राणसखि! विष्णुप्रिये!	प्राणसखि! विष्णुप्रिये!
अलीक स्वप्न हेरि	मिथ्या स्वप्न देखकर,
वृथा व्याकुलित केन कर चित्त;	वृथा व्याकुल किसलिये चित्त करती हो?
गुणमणि, गौराङ्ग नागर,	गुणमणि, गौराङ्ग नागर,
प्रेमाधीन तव;	प्रेमाधीन हैं तुम्हारे;
मोरा सबे इहा भाल रूपे जानि।	भलीभाँति जानती हैं बात यह हम सब।
तुमिओ त जान सखि।	तुम भी तो सखि! जानती हो,
प्राणवल्लभ तव,—	प्राणवल्लभ तव,

तोमा छाड़ि,—	त्यागकर तुमको,
तिलेक रहिते नारे कोथा,	लवमात्र भी रह सकते न कहीं;
असम्भव ताँर पक्षे	असम्भव है उनके लिये,
नदीयार ए सुख-सम्पद छाड़ि,	नदियाकी यह सुख-सम्पदा छोड़,
छाड़ि तोमा हेन प्रणयिनी,	तुम समान प्रणयिनीको त्यागकर,
जाइते अन्यत्र ।	चले जाना अन्यत्र ।
छाड़ि विष्णुप्रिया,	त्याग विष्णुप्रियाको,
विष्णुप्रिया-वल्लभ,	विष्णुप्रिया-वल्लभ वे
केमने जाइबे दूर देशे,	किस प्रकार जायेंगे दूर देश—
मोरा ताहा लइब बुझिया;	हम भी लेंगी यह बात समझ ।
सखि ! स्थिर कर मन,	सखि ! स्थिर करो मनको,
वृथा दुःखे चित्त केन कर	दुःखसे वृथा क्यों कर रही चित्तको
विषादित ।	विषादयुक्त ।
चल,—कुसुम-कानन गिये,	चलो, जाकर पुष्प-वाटिकामें,
तुलि फूल,—नव नव	नये-नये फूल चुनकर
गाँथिगे माला, नदीयानागर तरे,	गूँथेंगी माला हम नदियानागरके लिये;
शीघ्र आसिबेन गुणमणि तव	गुणमणि तुम्हारे शीघ्र आयेंगे
गङ्गा-स्नान ह'ते ।	गङ्गा-स्नानसे ।
चल विष्णुप्रिये !	चलो विष्णुप्रिये !
विष्णुगृह साजाइते हबे ।	होगा सजाना विष्णुमन्दिरको ।
(अमितादि सखिगणेर प्रवेश)	(अमितादि सखियोंका प्रवेश)

समवेत गीत

(आजि) फूल साजे साजाइव सखि रे मोरा ।	अपनी सखी सजायेंगी हम कुसुम-आभरण लेकर ।
प्राण भरे प्रणयिनी हेरिवे गोरा ॥	प्रिया प्रणयिनीको देखेंगे नदियानागर जी भर ॥
फूलेर वलय दिव,	कुसुमोंके कङ्कण बाँधेंगी,
फूल हारे साजाइव,	नवसुमन-हारसे साजेंगी,
कवरी बाँधिये दिव गोरा-मन-चोरा ।	गौर-हृदय हर ले—गूथेंगी वेणी ऐसी सुन्दर ।

काने दिव कान फूल,
दुलिवे फूलेर दुल,
फूलेर नूपुर पाये दिव दुइ जोड़ा।

फूल साजे फूलेश्वरी भुलाबे गोरा॥


कनफूल कान पहनायेंगी,
रच फूल-हिंडोल झुलायेंगी,
पुष्प - रचित दो जोड़ा
नूपुर बाँधेंगी पैरोंपर॥
फूलोंसे सज कुसुम-ईश्वरी
मोहेगी प्राणेश्वर।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने ! सखि अमिते !
जत किछु बल तुमि सबे,—
मन मोर ना माने प्रबोध,
कि जानि मन मोर,

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने ! सखि अमिते !
चाहे बात जितनी तुम सब कहो,
होता नहीं मनको प्रबोध मेरे;
क्या जाने मन मेरा,



केन आजि एतइ चञ्चल,
किछु नाइ भाल लागे—
इच्छा हइतेछे,—एकाकिनी गृहे बसि
अञ्चले वदन झाँपि,

किसलिये अस्थिर इतना आज;
कुछ भी सुहाता नहीं;
इच्छा हो रही है, घरमें अकेली बैठ,
अञ्चलसे वदन ढाँप,

करिते नीरवे रोदन ।	करनेकी चुपचाप रुदन ।
काञ्चने ! प्रिय सखि !	काञ्चने ! प्रियसखि !
तुमि सबे जाओ गृहे,	जाओ तुम लोग घर ।
एकाकिनी एइ गृहे कोणे बसि	अकेली इस घरमें कोनेमें बैठकर
किछु क्षण प्राण भरि	जी भरकर कुछ समय
काँदिते बड़ इच्छा हइयाछे मने ।	रोनेकी बड़ी इच्छा हो रही है मनमें ।
गुणमणि आसिबेन गृहे जबे	गुणमणि आयेंगे घर जब,
तुमि सबे आसिओ तखन ।	तुम सब आना तब ।
काञ्चना--	**काञ्चना--**
सखि विष्णुप्रिये !	सखि विष्णुप्रिये !
तुमि बड़ अबोधिनी बाला;	बड़ी भोली भामिनी तुम;
अलीक स्वप्नकथाय करिया विश्वास	मिथ्या स्वप्न-वार्तापर विश्वास करके,
मनागुने ज्वले	जलकर मनोज्वालामें,
मरितेछ अकारण ।	देती हो अकारण प्राण !
सरला बालिका तुमि,	बालिका सरल तुम,
सरल विश्वास तव;	सरल विश्वास तव;
गुणमणि गौराङ्ग नागर,	गुणमणि गौराङ्ग नागर,
तव प्रेमाधीन,—	तुम्हारे प्रेमाधीन,--
तुमि ताहा जान वा ना जान,	तुम इसे जानो या न जानो,
मोरा ताहा जानि भाल रूपे ।	भलीभाँति जानती हैं हम इसे ।
विष्णुप्रिये !	विष्णुप्रिये !
वृथा दुःखे कर केन	वृथा दुःखसे करती हो किसलिये
मन उचाटन ।	उच्चाटन मनका ।
चित्ते यदि पाओ सुख,	चित्तमें यदि मिले सुख,
गृहे वसि रोदन करिते एकाकिनी	घरमें बैठ करनेसे रुदन एकाकिनी,
ताइ कर तुमि सखि !	करो तुम वही सखि !
तव सुखे	सुखमें तुम्हारे
वादी नाहि हव मोरा केह,	न हम सब कोई भी होंगी बाधिका,
किंतु सखि ! सत्य कथा बलि,	किंतु सखि ! कहती हूँ सत्य बात—
ए भावे राखिया तोमा हेथा,	छोड़ इस दशामें तुम्हें यहाँ,

गृहे जेते मन नाहि सरे;	मन नहीं करता घर जानेको
किंतु अनुरोधे तव,	किंतु अनुरोध जब तुम्हारा है,
चलिलाम मोरा,	विदा हुईं हम सब,
फिरिया आसिया पुन,	लौटकर फिरसे
देखि जेन सखि !	देखें सखि ! जिससे
फुल्लमने गोरासने करिछ विहार,	सङ्ग गौराङ्गके करतीविहार सानन्द मन
प्रेमानन्दे हासि मुखे ।	भरी प्रेमानन्दमें, मुख पर हँसी लिये तुमको
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
(शचीमातार प्रवेश)	(शचीमाताका प्रवेश)
शचीमाता--	**शचीमाता---**
बोमा आमार ! मा लक्ष्मि आमार !	बहू मेरी ! लक्ष्मी मेरी !
एकाकिनी केन बसि गृहे कोणे ?	एकाकिनी बैठी हो क्यों गृह-कोणमें ?
विषादिनी केन तुमि आजि ?	किसलिये विषाद भरी आज तुम ?
गङ्गा-स्नान करि,	गङ्गास्नान करके
निमाइ आसिबे एखनि,	आयेगा निमाई अभी,
विष्णुगृहे पूजार सज्जा,	मन्दिरमें पूजाकी तैयारी
किछु नाहि देखि,—	कुछ नहीं देखती हूँ ।
त्वरा करि जाओ मागो !	शीघ्रतासे जाओ लली !
निमाइयेर पूजार सज्जा,	निमाईके पूजाकी तैयारी,
सब ठीक कर गिया,	जाकर सब करो ठीक;
पाकशाले आमि,	पाकशालामें मैं
भोगेर रन्धने व्यापृत	भोग-रन्धनमें हूँ लगी,
निमाइयेर आसिबार हयेछे समय ।	निमाईके आनेका समय हो गया है ।
(श्रीविष्णुप्रिया देवीर शचीमाताके प्रणामकरण)	(श्रीविष्णुप्रिया देवीका शचीमाताको प्रणाम करना)
श्रीविष्णुप्रिया--	**श्रीविष्णुप्रिया--**
(मन भाव गोपन करिया)	(मनोभावोंको छिपाते हुए)
मागो ! जाओ तुमि,	माँ ! जाओ तुम,
जाइतेछि आमि पूजागृहे;	जाती हूँ मैं पूजाघरमें,
स्वच्छन्द नहे आजि देह मोर,	स्ववश नहीं मेरा शरीर आज,

ताइ ब'सेछिनु गृहे एकाकिनी ।

(शचीमातार प्रस्थान)

श्रीविष्णुप्रिया—

(मने-मने)

कि आर बलिब माके ए सकल कथा
बलिले, दुःख पाबेन मने तिनि;
ए कथा बलिते कि पारि ?
बलिबार कथा नहे इहा;
मने-मने राखि ए दुःखभार,
मनागुने ज्वले
पुड़े मरि,
तबु भाल;
कारओ प्राणे ना दिब उद्वेग;
बुके धरि एइ दुःख-भार,
निर्ज्जने बसि एकाकिनी
करिब नीरवे रोदन;
शुनिबे ना केह,-जानिबे ना केह,
हृदयेर आगुन ज्वलिबे हृदये;
दुःख दिते नाहि चाइ
कारओ मने आमि।
आपनार दुःख आमि
आपनि सहिब ।
आपनार मनागुने—
आपनि पुड़िब ।
जाँर कथा,
बलियाछि ताँर काछे,
जा करेन तिनि, लब माथा पाति ।
दासी आमि,—प्रभु तिनि,
नहि स्वतन्त्र आमि ताँहा ह'ते ।

(प्रस्थान)

इसीलिये बैठी थी घरमें एकाकिनी ।

(शचीमाताका प्रस्थान)

श्रीविष्णुप्रिया--

(स्वगत)

और क्या कहूँगी भला माँको ये बातें सब,
कहनेसे दुःख वे पायेंगी मनमें;
कह भी क्या सकूँगी बात यह ?
कहनेकी बात ही नहीं है यह;
मनमें ही रखकर यह दुःखभार,
जलती-सुलगती मनोज्वालामें
प्राणोंको होम करूँ
तभी ठीक;
किसीके प्राणोंको दूँगी उद्वेग नहीं;
हृदयमें दुःखभार रखकर यह
सूनेमें बैठकर अकेली
चुपचाप आँसू गिराऊँगी;
सुनेगा न कोई, जानेगा न कोई,
हृदयकी ज्वाला हृदयमें ही जलेगी;
देना नहीं चाहती दुःख
किसीके भी मनको मैं ।
मैं निज दुःखको
आप ही सहूँगी ।
अपनी मनोज्वालामें,
सुलगूँगी स्वयं ही ।
जिनकी बात,
उनको ही कर दी है निवेदित मैंने;
जो कुछ वे करेंगे, लूँगी सिर माथे ओढ़ ।
दासी मैं,--स्वामी वे;
नहीं है स्वतंत्र सत्ता उनसे मेरी ।

(प्रस्थान)

द्वितीय अङ्क।

(द्वितीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवने ठाकुरघर।
(श्रीविष्णुप्रिया देवी पूजार
सज्जाय व्यापृता,—
गङ्गास्नान करिया श्रीगौराङ्गेर
गृहे प्रत्यागमन,
ईशानेर चरण-धौतकरण)

श्रीविष्णुप्रिया—
(पट्टवस्त्र, श्रीगौराङ्गेर हाते दिया)

प्राणेश्वर !
कि हेतु विलम्ब आजि
गङ्गास्नाने ?
पूजार समय तव हइल अतीत;
पथ पाने चेये ब'से आछि आमि।
छाड़ि भोगेर रन्धन,
स्नेहमयी जननी तोमार,
कत बार गिये राजपथे,
एक दृष्टे पथ पाने चेये,
छिलेन दाँड़ा'ये,
तोमार आशाय।
कि हेतु विलम्ब एत,
बल, बल, नाथ !

श्रीगौराङ्ग—
(विह्वल भावे)
विष्णुप्रिये ! कि बलिब आमि ?
यमुनार तीरे देखि यशोदानन्दन,

दृश्य—श्रीगौराङ्गगृहमें देवालय।
(श्रीविष्णुप्रिया देवी पूजाकी
तैयारीमें व्यस्त हैं,—
गङ्गास्नान करके श्रीगौराङ्गका
घर लौटना,
ईशानका चरण-प्रक्षालन करना।)

श्रीविष्णुप्रिया—
(श्रीगौराङ्गके हाथमें पाटम्बर देकर)

प्राणेश्वर !
हुआ विलम्ब किस कारण आज
गङ्गास्नानमें ?
पूजाका समय तुम्हारा बीत गया;
पथकी ओर देखती हुई बैठी हूँ मैं।
भोगका रन्धन छोड़,
स्नेहमयी जननी तुम्हारी,
राजपथपर जा-जाकर कितनी बार,
एकटक पथको निहारते,
रहीं खड़ी,
तुम्हारी प्रतीक्षामें।
किस हेतु इतना विलम्ब हुआ,
बोलो-बोलो नाथ !

श्रीगौराङ्ग—
(विह्वल भावसे)
विष्णुप्रिये ! क्या बताऊँ मैं ?
देखा यमुनाके तीर यशोदानन्दनको,

श्रीदाम-सुदाम-सुबलादि सखावृन्द साथे,
अगणन धेनु वत्स ल'ये,
करिछेन गोठेते बिहार ।
धवली श्यामली गाइ,
वत्ससह उर्द्ध पुच्छ तुलि,
दौड़िछे उधात्त हये चारिदिके;
गोठ ह'ते हतेछे विच्छिन्न
कत वत्स,—कत गाभी ।
फिराइते से सकल धेनु-वत्स
आमि ताइ गियेछिनु गोठे ।
शुनिलाम वंशीध्वनि मधुर,
छुटिलाम गाभी सने,—
जेदिके बाजिछे मुरलीर ध्वनि,
गिये देखि कोथा किछु नाइ
वंशी आर नाहि बाजे,
कोथाय लुकायेछे वंशीधारी
राखालेर राज ।
छुटि-छुटि यमुनार तीरे-तीरे
ढुँड़िलाम कत,—काँदिलाम कत
किंतु ना पानु दरशन ताँर;
बल, बल, विष्णुप्रिये !
कोथा गेल वंशीधारी राखालेर राज,
कोथा गेले देखा पाब ताँर ?

(ठाकुरघरे मुरलीधारी श्रीकृष्ण-
विग्रह-दर्शने
श्रीमूर्त्तिर प्रति चाहिया)

ऐ जे मोहन मुरली करे,
त्रिभङ्ग बङ्किम ठामे,
दाँड़ाये रयेछे घरे,
मोर मनचोरा, हाराधन

श्रीदाम, सुदाम, सुबलादि सखावृन्द साथ
गो, गोवत्स अगणित लिये
गोष्ठमें विहार कर रहे थे ।
धवली, श्यामली गाय
बछड़ोंके साथमें ऊँचे उठाये पूँछ,
दौड़ रहीं चारों ओर उछल-उछलकर;
गोठसे हो रही है विच्छिन्न,
कितने वत्स,—कितनी गायें ।
लौटानेको उन सब गाय-बछड़ोंको
मैं भी गया था वहींपर गोठमें ।
सुनी मैंने वंशीध्वनि मधुर-मधुर
दौड़ पड़ा गायोंके साथ,—
जिस ओर उठी वह वंशी-ध्वनि;
जाकरके देखा तो कहीं कुछ नहीं था,
और नहीं बज रही थी वंशी,
किस जगह गये थे छिप मुरलीधर
गोपाल-चूड़ामणि ।
दौड़-दौड़ यमुना किनारे-किनारे
कितना खोजा, कितना किया चीत्कार,
मिला नहीं दर्शन किंतु उनका ।
बोलो, बोलो विष्णुप्रिये !
कहाँ गये मुरलीधर गोपाल-चूड़ामणि,
कहाँ जानेपर मिलेगा दर्शन उनका ?

(पूजाघरमें मुरलीधारी श्रीकृष्ण-
विग्रहका दर्शन करके
श्रीमूर्तिके प्रति देखकर)

अहा ! वही मोहन मुरली लिये हाथमें,
त्रिभङ्ग बङ्किम मुद्रासे
खड़े हैं घरमें,
मेरे मनके चोर, खोये हुए धन ।

ओहे राखालेर राज !	अहो ! गोपालराज !
गोष्ठ छाड़ि, पलाये एसेछ बुझि तुमि ।	लगता है गोठ छोड़ आये हो भाग तुम ।
शिशु तुमि,	बच्चे ही तो ठहरे तुम !
क्षुधा बुझि पाइयाछे तव ।	लगता है भूख लगी तुमको है,
अथवा पिपासित तुमि बुझि ।	अथवा प्यासे तुम दीखते हो ।
गोठेते प्रखर रौद्रेर ताप	गोठमें धूपकी प्रखर गर्मी,
सहिते ना पारि,	सहनेमें असमर्थ होकर तुम,
आसियाछ मोर गृहे करिते विश्राम ।	आये हो मेरे घर करने विश्राम ।
वेश करियाछ,—प्राणधन तुमि,	अच्छा किया,—प्राणधन तुम हो
सोनामणि तुमि,—यादुमणि तुमि,	स्वर्णमणि तुम हो, यदुमणि तुम,
यशोदा मातार तुमि अञ्चलेर निधि;	मैया यशोदाके अञ्चल-निधि तुम हो;
नन्देर दुलाल ! एस, कोले करि तोमा,	नन्दके दुलारे ! आओ, गोदमें लेकर तुम्हें
जुड़ाइ जीवन ।	शीतल करूँ जीवनको ।
(बाहु प्रसारिया विग्रह-धारणोद्योग)	(भुजाओंको फैलाकर विग्रहको आलिङ्गन करनेकी चेष्टा)

श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
(शशव्यस्ते हस्त धरिया)	(आतुरतासे हाथ पकड़कर)
कर कि, कर कि नाथ !	करते हो क्या नाथ ! करते हो क्या ?
पागल हयेछ नाकि तुमि ?	पागल तो नहीं हो गये हो तुम ?
मागो ! कोथा तुमि ?—	ओ माँ ! कहाँ हो तुम ?—
भय होय मने मोर,	उठ रहा डर मेरे मनमें
तव पुत्रे देखि ।	पुत्रको तुम्हारे देख ।

श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
विष्णुप्रिये !	विष्णुप्रिये !
शीघ्र गिया जननीके बल,	शीघ्र जाकर जननीसे बोलो—
क्षीर, सर, नवनी ल'ये आसिते हेथाय;	दूध, मलाई, मक्खन लेकर आनेको यहाँ;
नन्देर नन्दन आजि,	नन्दनन्दन आज,
एसेछेन गोष्ठ ह'ते मोर गृहे	आये हैं गोष्ठसे मेरे घर

परिश्रान्त हये;	परिश्रान्त होकर;
बड़ क्षुधा पेयेछे ताँहार ।	बड़ी भूख लगी है उनको ।
एस विष्णुप्रिये ! एस गो जननी !	आओ विष्णुप्रिये ! अरी मैया आ !
त्वरा करि ल'ये क्षीर-सर-ननी ।	जल्दीसे लेकर दूध, मलाई, मक्खन ।
(श्रीविष्णुप्रिया देवीर ताड़ाताड़ि शचीमाताके आह्वान)	(श्रीविष्णुप्रिया देवीका जल्दी-जल्दी शचीमाताको पुकारना)
(शचीमातार प्रवेश)	(शचीमाताका प्रवेश)
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
मागो ! दयामयी जननी आमार !	ओ माँ ! दयामयी माँ मेरी !
तव भक्तिबले देख आजि,	देखो, आज भक्तिके प्रभावसे तुम्हारे,
नन्दनन्दन यशोदार प्राणधन,	नन्दनन्दन, यशोदाके प्राणधन,
गोष्ठ ह'ते मोर गृहे	गोष्ठसे अपने घर
आसि विद्यमान ।	आकर उपस्थित हैं ।
मागो ! क्षुधाय कातर कृष्ण,	माँ ! क्षुधासे कृष्ण हुए कातर हैं,
परिश्रान्त धेनु चराइये;	थककर गोचारणसे;
क्षीर-सर-नवनी दे, मा शीघ्र करि !	मलाई, मक्खन, दूध, दे माँ जल्दीसे !
मागो ! तुमि यशोमती माता,	माँरी ! तू ही माता यशोदा,
अञ्चलेर निधि तव, गृहेर माणिक,	गोदीके धन तुम्हारे, गृहके रत्न,
क्लान्त ह'ये एसेछे गृहेते ।	क्लान्त होकर आये हैं घरमें ।
शचीमाता—	**शचीमाता—**
(कर जोड़े श्रीविग्रहेर प्रति चाहिया)	(हाथ जोड़कर श्रीविग्रहकी ओर देखते हुए)
हे नारायण ! हे मधुसूदन !	हे नारायण ! हे मधुसूदन !
रक्षा करो तुमि देव,	रक्षा करो देव ! तुम
सर्व्वापद ह'ते आमार निमाइ चाँदे;	सभी आपदाओंसे मेरे निमाई-चन्द्रको;
किछु आमि बुझिते ना पारि,	कुछ भी समझ मैं पाती नहीं—
कि भाव ताहार ।	क्या भाव उसका है ।
गया ह'ते एसे बाछा,	गयासे लौटकर आनेपर लाल मेरा
केमन जेन ह'ये गेछे;	क्या जाने कैसा बन गया है ।
देखियाछि कृष्णभक्त,	देखा है कृष्णके भक्तोंको,

भक्तिश्रो देखियाछि	भक्ति भी देखी है
इष्ट प्रति गुरुजनेर,	गुरुजनोंकी उनके इष्टदेव प्रति;
किन्तु श्रामार निमायेर मत,	पर श्रपने निमाई-सा
ए श्रद्भुत भाव,	इस प्रकार श्रद्भुत भाव,
देखि नाइ कोथा।	देखा नहीं कहीं भी।
कि व्याधि हइल सोनार बाछार मोर,	कौन व्याधि लगी मेरे सोनेके लालको,
किछु नाहि बुझि।	समझमें न श्राता कुछ।
नारायण हे! मधुसूदन हे!	नारायण हे! मधुसूदन हे!
कृपा करि, रक्षा कर निमाये श्रामार;	कृपाकर रक्षा करो मेरे निमाईकी;
सुमति दाश्रो ताके,	उसको सुमति दो,
गृहे रहि सुस्थ मने भजुक तोमारे।	घरमें रह स्वस्थ मनसे भजन तुम्हारा करे।
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
(श्रीगौराङ्गेर प्रति)	(श्रीगौराङ्गसे)
बाप विश्वम्भर! सोनार निमाइ चाँद!	तात विश्वम्भर! सोनेके निमाई चाँद!
श्रतीत द्वितीय प्रहर वेला,	बीत गया दूसरे पहरका समय,
ठाकुरेर भोग-राग सकलि प्रस्तुत;	भोग-राग सारा भगवानका प्रस्तुत है;
विष्णुपूजा कर तुमि बाप!	विष्णु-पूजा करो तुम तात!
प्रसाद पाइये सुस्थ कर शरीर तोमार;	ग्रहणकर प्रसादको स्वस्थ करो श्रपना तन;
देख बाप! बालिका बोमा श्रामार,	देखो लाल! बालिका बहूने मेरी,
करे नाइ जलस्पर्श एयावत्,	किया नहीं जलस्पर्श श्रबतक;
तुमि बाप! ना पेले प्रसाद,	लिये बिना प्रसाद तुम्हारे तात!
सबे उपवासी रबे।	सभी लोग उपवास करेंगे।
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग—**
(वाह्यज्ञान पाइया सचाकिते)	(वाह्यज्ञान प्राप्तकर चकित हो)
मागो! हइयाछे एत बेला,	माँ! इतना समय हो गया,
बुझि नाइ श्रामि।	जाना नहीं मैंने।
दाश्रो वस्त्र, करि परिधान;	वस्त्र दो, धारण करूँ;
समापन करि विष्णुपूजा,	सम्पन्नकर विष्णु-पूजा
प्रसाद पाइब एखनि।	प्रसाद पाऊँगा श्रभी।

शचीमाता—

बोमा ! दाओ वस्त्र शीघ्र करि,
आमि जाइ भोगेर गृहेते ।

(प्रस्थान)

(श्रीविष्णुप्रिया देवीर पतिहस्ते वस्त्रदान श्रीगौराङ्गेर शुष्क वस्त्र परिवर्तन करण)

(ठाकुरघरे प्रवेश)

शचीमाता—

बहू रानी ! वस्त्र दो जल्दीसे;
मैं हूँ जाती भोगवाले घरमें ।

(प्रस्थान)

(श्रीविष्णुप्रिया देवीका पतिके हाथोंमें वस्त्र देना—श्रीगौराङ्गका बदलकर सूखे वस्त्रोंको पहनना)

(पूजा-घरमें प्रवेश करना)

गीत

दया कर दयानिधि, नन्दकुलचन्द्र ।
ना जानि पूजन आमि आर मन्त्र-तन्त्र ॥
जानि शुधु प्राणवँधु, तुया मुखचन्द्र ।
प्रेमे माखा, ढल-ढल, आनन्दकन्द ॥
आर जानि, तुमि शुधु करुणार सिन्धु ।
पतित-पावन प्रभु, तुमि दीनवन्धु ॥

हे नन्दगोप - कुल-चन्द्र !
दयानिधि ! करो दया ।
नहीं जानता मन्त्र-तन्त्र,
पूजा - विधान या ॥
प्राण-सुहृद मुख-चन्द्र,
तुम्हारा मैं जानूँ, बस ॥
प्रभा-पूर्ण, आनन्दकंद,
अति भरा प्रेम-रस ॥
और जानता तुमको,
केवल करुणा-सागर ।
तुम्हीं पतित पावन हे,
स्वामी ! दीनवंधु-वर ॥

श्रीगौराङ्ग—

आहा ! कि रूप;
मोर कृष्णधन, रूपेर माणिक,
हेन रूप नाहि त्रिजगते ।
मोर कृष्णधन रूपेर सागर
अपरूप रूप ताँर,
वर्णनार नहे वस्तु,—
देखिबार वस्तु ताहा;
चक्षु जार आछे, से देखे जा'क एसे;

श्रीगौराङ्ग—

अहा ! कैसा रूप !!
मेरे कृष्णरूपी धन रूपके मणि हैं;
ऐसा रूप नहीं त्रिलोकीमें ।
मेरे श्रीकृष्ण रूपके सागर हैं,
अपूर्व रूप उनका है,
वर्णनातीत वस्तु,—
दर्शनीय वस्तु यही;
आँखें हों जिसे, वह देख जाय इसे आकर ।

गीत

(तोरा) रूप देख्‌बि यदि, आय।

रूपेर सागर वहे मोर आङ्गिनाय॥

चरणे नूपुर दिये,
त्रिभङ्ग बंकिम ह'ये,
आमार कृष्ण आमार घरे
नाचिये बेड़ाय।
मुनिजन-मन हरे वदन-शोभाय॥

आओ, यदि हो तुम्हें:
रूपका करना दर्शन।
रूप-सिन्धु ले रहा,
हिलोरें मेरे आँगन॥
चरणोंमें मणि-नूपुर पहरे:
छवि वंकिम, रूप त्रिभङ्ग धरे:
घूम-घूमकर करे कृष्णमम,
मम गृह नर्तन।
मुख-शोभासे मुनिजनका भी,
लेते हर मन॥

(श्रीगौराङ्ग गान करिते-करिते काँदिया आकुल हइलेन। नयन-जले एवं नासिकार धाराय ताँहार परिधान-वस्त्र सिक्त हइल। तिनि पूजार आसने बसिलेन ना।)

(श्रीगौराङ्ग गान करते-करते रोकर आकुल हो उठते हैं। नयनोंके जल-से एवं नासिकाकी धारासे उनका वस्त्र भींग जाता है। वे पूजाके आसनपर बैठे नहीं।)

(श्रीविष्णुप्रियार प्रति कातर स्वरे)

(श्रीविष्णुप्रियाके प्रति कातर स्वरसे)

विष्णुप्रिये! अन्य वस्त्र कर आनयन;
नयनेर जले ओ नासिकार धारे
परिधान-वस्त्र मोर हयेछे अशुद्ध;
कि करि करिब पूजा
अशुद्ध वसन परि?

विष्णुप्रिये! लाओ वस्त्र दूसरा,
नयनोंके जलसे तथा नासिकाकी धारासे
परिधान-वस्त्र मेरा हो गया अशुद्ध;
पूजन करूगा मैं किस प्रकार
पहनकर अशुद्ध वस्त्र?

श्रीविष्णुप्रिया—

प्राणवल्लभ! लह एइ वस्त्र,
पुनः कर परिधान;
एइ विष्णुगृहे बसि,
कर पूजा प्रतिदिन तुमि,
ए कि भाव देखि आज तव?
काँदितेछ केन नाथ! तुमि?
दुखसिन्धु जेन तव उठेछे उछलि;

श्रीविष्णुप्रिया—

प्राणवल्लभ! वस्त्र लो यह,
पुनः धारण करो।
इसी विष्णु-मन्दिरमें बैठकर,
प्रतिदिवस पूजा किया करते हो तुम,
यह कैसा भाव आज देखती तुम्हारा हूँ?
रो रहे हो किसलिये स्वामी! तुम?
दुःख-सिन्धु मानो तुम्हारा उठा है उमड़;

नारायण-पूजा-काले,	भगवान् नारायणकी पूजाके समय
आनन्दे पूर्ण हय मन,—	होता पूर्ण मन आनन्दसे,
सर्व्वदुःख जाय दूरे,—	सर्व दुःख हो जाता दूर है ।
ना पारि बुझिते,—विष्णुगृहे बसि,	नहीं समझ पाती हूं,—बैठ विष्णुमन्दिरमें
दुखसिन्धु तव केन उछलिल	दुःख-सिन्धु किसलिये उमड़ा तुम्हारा
आजि ?	आज ?
कृपा करि, वल यदि नाथ !	कृपाकर कहो यदि नाथ !
कारण इहार,	इसका हेतु,
यथासाध्य प्रतिकार करिबे ए दासी,	यथासाध्य प्रतिकार करेगी दासी यह,
प्राण दिये;	प्राणपणसे ।
श्रीगौराङ्ग—	**श्रीगौराङ्ग**—
(वस्त्र-परिधान करिते-करिते)	(वस्त्र बदलते-बदलते)
विष्णुप्रिये ! कि बुझाव तोमा ?	विष्णुप्रिये ! समझाऊँ क्या तुम्हें ?
कि बुझिबे वा तुमि ?	समझोगी भी क्या तुम ?
कहिबार कथा नहे इहा,	कहनेकी बात ही नहीं यह,
बुझाबार शक्ति नाइ मोर ।	शक्ति नहीं मुझमें समझानेकी ।
प्रणय आस्पदे,—हृदयेर प्राणधने,	प्रणय-आस्पदकी, हृदय-प्राणधनकी
पूजा काके बले ? बुझिते ना पारि ।	पूजा किसे कहते हैं?—समझ नहीं पाता हूं।
गन्ध-पुष्प-तुलसी आदि,	गन्ध, पुष्प, तुलसी आदि—
पूजा-उपचार देखि,	पूजा-उपकरण देख,
केंदे मरि आमि;	रो-रोकर मरता मैं;
मने पड़े	स्मृति होती है—
प्राणधनेर वदनकमल! ,—	प्राणधनके आनन-अरविन्दकी,
मने पड़े मृदु हाँसि ताँर ।	स्मृत होती है—मृदु मुस्कान उनकी ।
काने शुनि जेन ताँर मधुर वचन;	कानोंमें सुनता हूं मानो उनके मधुर वचन,
ताइ नयनेर वारि,	इसीलिये नयनोंके जलको
नाहि पारि निवारिते;	रोक नहीं पाता हूं;
धारा बहे अविरल दुनयने;	धारा अविरल बह रही युगल नयनोंसे;
मन्त्र नाहि आसे मुखे,—	मुखमें नहीं उठता मन्त्र—
ध्यान-धारणा सब, दूरे चलि जाय ।	ध्यान-धारणा समस्त दूर भाग जाते हैं ।

साक्षाते हेरि आमि प्राणधन मोर	साक्षात् देखता मैं निज प्राणधनको,
यशोदा-जीवने ।	यशोदा-जीवनको ।
गोप वेश, वेणु करे,	गोपवेश, मुरली लिये हाथमें,
पीताम्बर-परिधान,	पीताम्बर धारण किये,
त्रैलोक्येर सर्व्व सौन्दर्य्यसिन्धु ल'ये	समस्त सौन्दर्य-सिन्धु
	त्रिलोकीका समेटे हुये,
सन्मुखे विद्यमान मोर,	सम्मुख उपस्थित हैं मेरे ।
सुन्दर,—अतीव सुन्दर	सुन्दर, अतीव सुन्दर,
सर्व्व माधुर्य्यमय अपरूप रूप हेरि,	सर्व माधुर्यमय, अप्रतिम रूप देख,
भूले जाइ पूजा,—भूले जाइ मन्त्र;	भूल जाता पूजाको, भूल जाता मन्त्र,
फूल जले,	फूल और जलसे
प्राणधने आराधिते	करना आराधना प्राणधनकी
मन नाहि चाय ।	मन नहीं चाहता ।
स्तव-स्तुति आप्तजने,	स्तव-स्तुति आप्त जनके प्रति
शोभा नाहि पाय ।	शोभा नहीं देती है ।
विष्णुप्रिये । प्रियतमे !	विष्णुप्रिये ! प्रियतमे !
प्रेमपूजा सब चेये बड़,	प्रेम-अर्चा सबसे बड़ी,
प्रेममय कृष्णधने, भालबासि आमि	प्रेममय कृष्णधनको करता हूँ प्यार मैं
प्राण दिये !	प्राणपणसे ।
प्रेम भरे, प्राणवल्लभ बलि,	प्रेमपरिपूर्ण हो, 'प्राणवल्लभ' शब्दसे,
डाकि तारे कत सुख पाइ;	उनको पुकारकर कितना सुख पाता हूँ !
ताइ एइ प्रेम-पूजार	इसीलिये इस प्रेम-पूजाका
करेछि आयोजन ।	किया है आयोजन ।
उपचार एइ पूजार,	उपकरण ये हैं इस पूजाके——
हृदि भरा भालबासा,	हृदयमें भरा हुआ अनुराग,
बुकभरा प्रेमराशि,	हृत्तलको प्लावित करती प्रेमराशि,
अर्घ्य तार नयनेर जल;	नयन-नीर अर्घ्य उसका;
प्रणय-अञ्जलि दिये, प्रीति-पुष्पहारे,	प्रणयकी अञ्जलि से, स्नेह-सुमन मालासे,
प्रणय-आस्पदे साजाइते हबे,	प्रणयास्पदको सज्जित करना होगा ।
प्रणय-बन्धने बाँधा,	प्रणय-बँधनमें बँधे,

प्रीतिर निगड़े बद्ध,
प्रेममय यशोदा-दुलाल;
शिखितेछि आमि, एइ महापूजा,—
एइ प्रेम-पूजा गुरुर आदेशे ।
प्रेम-भक्ति-साधने पथे,
अनुराग-भजने प्रथम सोपाने,—
नवीन पथिक आमि;
गुरु-कृपा-वले,
अधिकारी ह'ले एइ प्रेम सेवाय,
प्राप्ति हवे, गोलोकेर धन—प्रेम ।
सेइ प्रेमेर भजने कृष्णधन
पाव शेषे ।
चिरदिन तिनि प्रेमेर अधीन;
एवे प्रेमशून्य हृदि मोर,
प्रीति-शून्य पराण आमार;
ताइ काँदितेछि अविरत दुःखे ।

(पुनराय पूजार आसने उपविष्ट हइया पूजा करिवार चेष्टा-करण)

श्रीविष्णुप्रिया—(निज मने)

भगवाने प्रेम, भालबासा, प्रीति,
का'के वले जानि ना त आमि;
वुझिव कि रूपे मर्म्म ए सकल कथार ?
नयनेर जले
प्रेमपूजा भगवाने—
नुतन तत्व शिखिनु आजि,
इँहार निकटे आमि ।
गुरु इनि, दासी आमि;
हृदयेर धने,—प्राणेश्वरे,
करिते हवे अश्रुजले आवाहन ।

प्रीतिकी बेड़ीमें जकड़े हुए,
प्रेममय यशोदा-दुलारे हैं ।
सीख रहा मैं यही महापूजा,
यही प्रेमपूजा, गुरुके आदेशसे ।
प्रेमाभक्ति-साधनके पथमें
अनुराग-भजनके प्रथम सोपानपर,
यात्री नवीन मैं;
गुरु-कृपा-बलसे
अधिकारी होनेपर इस प्रेम-सेवाका,
प्राप्त होगा गोलोक-धन—प्रेम ।
उसी प्रेम-भजनसे कृष्ण-धन
पाऊँगा अन्तमें ।
सदा वे प्रेमके आधीन;
अभी तो प्रेमशून्य हृदय मेरा
प्रीति-शून्य प्राण मेरे,
इसीलिये रो रहा हूँ अविरत दुःखसे ।

(फिर पूजाके आसनपर वैठकर पूजा करनेकी चेष्टा करना)

श्रीविष्णुप्रिया—(स्वगत)

प्रेम, प्यार, प्रीति भगवानमें,
किसको कहा जाता है, जानती नहीं मैं तो,
समझूँगी कैसे मैं मर्म इन बातोंका ?
नयनोंके जलसे होती है
प्रेमपूजा भगवानकी—
नयी बात सीखी है आज,
इनके समीप मैंने ।
गुरु हैं ये, मैं दासी;
हृदयके धन, प्राणेश्वरका
करना होगा अश्रुजलसे आवाहन ।

आज इङ्गिते, प्राणवल्लभ मोर
दिलेन एइ शिक्षा मोरे ।

(नेपथ्ये शचीमातार आह्वान)

शचीमाता—
बउमा !
ह'ल कि निमायेर पूजा समापन ?
बहुक्षण भोग हयेछे प्रस्तुत,—
सब जे शीतल ह'ये गेल ।

श्रीविष्णुप्रिया—
ना मा !
पूजा एखनओ हय नाइ शेष;

श्रीगौराङ्ग—
(पुनराय पूजार आसन त्याग करिया काँदिते-काँदिते बाहिरे आगमन)
(श्रीविष्णुप्रियार प्रति)
विष्णुप्रिये !
पूजा नाहि ह'ल आज,
पुनराय तितिल वस्त्र नयनेर नीरे,
नासिकार धारे तितिल उत्तरीय मोर,
पुनराय वस्त्र ल'ये एस;
(पुनराय वस्त्र दान)

श्रीगौराङ्ग—
(वस्त्र-परिवर्त्तन करिया श्रीविग्रहेर प्रति चाहिया)
मरि मरि !
कि सुन्दर बदनेर आभा,
आहा ! कि वा शोभा हेरि,
सोनार नूपुर परा चरण-युगेर ।
सुवलित बाहुयुगे
अङ्गद-वलय किवा शोभे मनोहर;

आज संकेतसे मेरे प्राण-वल्लभने
दी है यह शिक्षा मुझे ।

(नेपथ्यमें शचीमाताका पुकारना)

शचीमाता—
बहूरानी !
हुई सम्पन्न क्या पूजा निमाईकी ?
बहुत देरसे भोग तैयार है,
वह सब ठंढा हो गया है ।


श्रीविष्णुप्रिया—
नहीं माँ !
अबतक भी हुई नहीं पूजा समाप्त ।

श्रीगौराङ्ग—
(पुनः पूजाका आसन त्यागकर रोते-रोते बाहर आना)
(श्रीविष्णुप्रियाके प्रति)
विष्णुप्रिये !
पूजा नहीं हुई आज;
पुनः वस्त्र भीग गया नयनोंके जलसे,
नासिकाकी धारासे सिक्त उत्तरीय मेरा,
आओ वस्त्र पुनः लेकर ।
(फिर वस्त्र देना)

श्रीगौराङ्ग—
(वस्त्र-परिवर्तन करके श्रीविग्रहकी ओर देखकर)
बलिहार ! बलिहार !
कितनी मनोरम है मुख-आभा !
अहा ! कैसी अपूर्व शोभा देख रहा—
धारण किये स्वर्ण-मञ्जीर पद युगलमें;
गोल-गोल बाहु-युगलमें
अङ्गद-वलयकी कैसी मनोहारी शोभा;

पीन वक्षस्थले,
भृगुपद-चिह्न किवा शोभा धरे;
एस मोर कृष्णधन, हृदय-रतन,
बुके धरि जीवन जुड़ाइ;
(दुइबाहु प्रसारिया श्रीविग्रहके वक्षे धारण ओ क्रन्दन)

पीन वक्षस्थलपर
भृगुपद-चिह्नकी शोभा अपार छायी।
आओ मेरे कृष्णधन ! हृदयरत्न !
छातीसे लगाकर शीतल करूँ प्राणोंको।
(दोनों बाँहोंको फैलाकर श्रीविग्रहको छातीसे लगाना और क्रन्दन करना)



श्रीविष्णुप्रिया—(भय पाइया)
मागो ! मागो ! कि करेन इनि ?
ठाकुर धरिया वक्षे,
करिछेन रोदन।
मागो ! शीघ्र करि एस;

श्रीविष्णुप्रिया—(डरकर)
माँ ! माँ ! कर क्या रहे हैं ये !
ठाकुरजीको वक्षसे लगाकर
कर रहे हैं रोदन।
माँ ! जल्दीसे आओ;

भय लागे मोर,
देखि इँहार आश्चर्य्य व्यवहार;
(प्रस्थान)

(गदाधरेर प्रवेश)

श्रीगौराङ्ग—
(वक्ष हते श्रीविग्रह नामाइया)
गदाधर ! आसियाछ उत्तम समय;
विष्णुपूजा कर गिया तुमि;
आमा ह'ते ह'ल ना पूजन ।
कृष्णधनेर रूप देखे,
केँदे मरि आमि;
भावे गद्गद हइ,
नासिकाय बहे धारा घने घन;
परिधान-वस्त्र मोर,
भिजे जाय नयनेर नीरे ।
वस्त्र-परिवर्तन करिनु तिन बार,
तबुओ नारिनु सदाचारे
पूजिते नारायणे ।
मन्त्र-तन्त्र सब भूले गेछि,
केँदे-केँदे अन्ध ह'ल दु'नयन मोर;

किछु नाहि हेरि,
बिना कृष्ण-वदन-सरोज;
गदाधर ! कर तुमि पूजा,
आमि देखि द्वारे बसि,
कृष्णधने मोर ।

(शचीमातार प्रवेश)

श्रीगौराङ्ग—
मागो ! पूजा आर नाहि हबे
आमा दिये;

डर मुझे लग रहा,
देखकर इनका अद्भुत व्यवहार ।
(प्रस्थान)

(गदाधरका प्रवेश)

श्रीगौराङ्ग—
(छातीसे श्रीविग्रहको उतारकर)
गदाधर ! आये हो ठीक अवसरपर
जाओ, करो ठाकुरकी पूजा तुम;
मुझसे तो पूजा हो सकी नहीं ।
श्रीकृष्ण-धनका रूप देख,
रो-रोकर मरता हूँ मैं;
भावमें गद्गद हो जाता हूँ ।
नासिकासे बहती धार अविरल;
परिधान-वस्त्र मेरा
भीग-भीग जाता है नयनोंके नीरसे ।
वस्त्र-परिवर्तन किया तीन बार,
तब भी पाया नहीं कर आचार सहित
पूजा नारायणकी ।
मन्त्र-तन्त्र सभी भूल गया हूँ,
रोते-रोते आँखें मेरी हो गयीं
निर्ज्योति दोनों;
कुछ नहीं दीखता है,
सिवा श्रीकृष्ण-मुख-कमलके ।
गदाधर ! करो तुम पूजा
देखता हूँ बैठकर मैं द्वारपर
अपने कृष्णनिधिको ।

(शचीमाताका प्रवेश)

श्रीगौराङ्ग—
माँ ! पूजा अब नहीं होगी
मुझसे;

जननि ! तव गृहेर देवता,
साक्षात नन्दनन्दन,
गोप-वेश, वेणु करे,
नयनेर कोने चेये । नन्दनन्दन कृष्ण
आमा सने कत रङ्ग करे;
मनचोरे धरि-धरि करि,
धरिते ना पारि;
लुको चुरि क'रे लुकाय कोथाय,
धरा नाइ देय मोरे;
नयनेर जले बुक भेसे जाय,
केंदे मरि मनेर आवेगे;
परिधान-वस्त्र मोर हय अश्रुसिक्त,
नासा मोर झरे अविरत;
ताते पूजा नाहि हय ।
करिनु मागो ! वस्त्र-परिवर्तन
बार-बार, तिन बार—
पुत्रवधु जाने तव ।
तोमार नारायण,
आज ह'ते पूजिवे गदाधर ।
अभाजन आमि,
आमा ह'ते ह'ल ना पूजन ।

गदाधर—

प्रेमयोगे प्रेमपूजा कर तुमि प्रभु,
जीव-शिक्षा तरे;
स्वयं आचरिये शिक्षा दाओ तुमि
कलिहत जीवे
अनुराग-भजन-पद्धति ।
प्रेमपूजा, प्रीतिर भजन
शिखाइते जगज्जीवे,
अवतार तव प्रभु,

जननी ! देवता तुम्हारे घरके,
साक्षात् नन्दनन्दन,
गोप-वेश, मुरली लिये करमें,
नयनोंके कोनेसे देख रहे । नन्दनन्दन कृष्ण
मेरे साथ कितना खेल करते हैं;
चलता हूँ बार-बार पकड़ने चितचोरको,
पकड़ नहीं पाता हूँ ।
लुका-छिपी करके कहीं छिप जाते हैं,
पकड़में मेरी आते नहीं;
नयनोंके जलमें डूब-डूब जाती है छाती,
रो-रोकर मरता हूँ मनके आवेगसे ।
परिधान-वस्त्र मेरा हो जाता है अश्रुसिक्त,
नाक मेरी झरती है अविरत;
इसीसे पूजा नहीं हो पाती ।
माँ ! वस्त्र-परिवर्तन तो किया
बार-बार, तीन बार—
पुत्रवधू जानती तुम्हारी है ।
तुम्हारे नारायणकी
आजसे किया करेंगे पूजा गदाधर ।
निश्चय अपात्र मैं
मेरे द्वारा हो सकी न पूजा ।

गदाधर—

करते हो प्रेमपूजा प्रेमयोगसे प्रभु तुम,
जीवोंको शिक्षा-प्रदान करनेके लिये;
स्वयं आचरणकर देते हो शिक्षा तुम
कलिहत जीवोंको
अनुराग मय भजनपद्धतिकी ।
प्रेम-पूजा, प्रीति-भजन
सिखानेको जगत्के प्राणियोंको
अवतार हुआ है प्रभु ! तुम्हारा

एइ नदीयाय ।	इस नदियामें ।
प्रकृत भजन-पन्था	यथार्थ भजन-पथकी
कृपा करि शिक्षा दिले तुमि	कृपा करके शिक्षा दी तुमने
आजि मोरे;	आज मुझे;
उच्च अधिकारे अधिकारी क'रे	उच्च अधिकारका अधिकारी बनाकर
कृतार्थ करिले मोरे ।	किया कृतार्थ मुझे ।
शचीमाता--	**शचीमाता--**
बाप् विश्वम्भर ! बाप् गदाधर !	तात विश्वम्भर ! तात गदाधर !
किछुइ ना बुझि आमि	कुछ भी नहीं समझती मैं
तोमादेर ए सकल कथा;	बातें तुमलोगोंकी ये सब;
जाओ बाप् गदाधर !	जाओ, तात गदाधर !
साङ्ग कर नारायण-पूजा आजि;	साङ्ग सम्पन्न करो नारायण-पूजा आज,
काल हते क'र तुमि पूजा ।	कलसे करना तुम्हीं पूजा ।
वेला तृतीय प्रहर हइल अतीत,	तीसरे पहरका समय भी गया बीत,
बाछा मोर पायनि प्रसाद,	लालने मेरे प्रसाद नहीं ग्रहण किया,
बालिका वधुमाताओ उपवासी एतक्षण;	बालिका बहूरानी भी निराहार अबतक है।
सोनार निमाइ मोर, गया ह'ते एसे,	सोनेका निमाई मेरा गयासे आनेपर
उन्मत्त भावे,	उन्मत्त भावसे
कि जे करे,-कि जे भावे,--	क्या वह करता है, क्या वह सोचता है,
कि जे बले,	क्या वह कहता है,--
किछुइ ना बुझि आमि;	कुछ भी नहीं समझती मैं ।
बाप् गदाधर !	तात गदाधर !
तुमि तार सङ्गे थेक अनुक्षण ।	तुम उसके साथ रहो प्रतिक्षण ।
जाओ बाप् ! साङ्ग करि	जाओ तात ! साङ्ग सम्पन्नकर
नारायण-पूजा	नारायण-पूजा
निमाइके करि सङ्गे	निमाईको साथ ले
शीघ्र करि एस प्रसाद पाइते ।	जल्दीसे आ जाओ प्रसाद ग्रहण करनेको
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)

द्वितीय अङ्क ।

(तृतीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गेर शयनकक्ष;
काल—शेष रात्रि ।
श्रीविष्णुप्रिया देवी पालङ्के शयाना,
निद्राभङ्गे शय्यापार्श्वे स्वामीके
ना देखिया—

श्रीविष्णुप्रिया—

कइ ? तिनि कइ ?
कोथा गेलेन तिनि शय्या छाड़ि ?
एइ काल रात्रिशेषे,
एइ भावे शय्यात्याग,
लक्षण भाल नाहि बुझि ।
कपाल भाङ्गिल बुझि मोर,
स्वप्न बुझि हइल सफल ।
ना——ना——ताओ कि ह'ते पारे,
गुणमणि मोर ना बलि आमाके,
करिबेन एइ निदारुण काज—
स्वप्न-अगोचर ।
ना,—ना,—ताँहा हते एइ काज
हबे ना कखन ।
परिहास क'रे——छल क'रे,
बुझि तिनि आछेन लुकाये गृहकोणे ।
देखि आलो ज्वालि,
खुँजि प्राणनाथे;
(वाति ज्वालन एवं गृहकोण
अन्वेषण)

दृश्य—श्रीगौराङ्गका शयनकक्ष,
समय—रात्रिका पिछला पहर ।
श्रीविष्णुप्रिया देवी पलँगपर सोई हैं,
निद्राभङ्ग होनेपर शय्यापर स्वामीको
न देखकर—

श्रीविष्णुप्रिया—

कहाँ ? अरे, कहाँ वे ?
कहाँ चले गये वे शय्या छोड़कर ?
इस समय, पिछले पहरमें,
इस प्रकार शय्या-त्याग !
लक्षण शुभ दीखते नहीं ।
फूट गया भाग मेरा, लगता है मुझे;
मेरी जान सपना सच होकर ही रहा ।
नहीं नहीं, यह भी क्या हो सकता है ?
गुणमणि मेरे मुझको कहे बिना
करेंगे भला, यह अतिशय दारुण कार्य—
स्वप्नमें भी असम्भव ।
नहीं, नहीं, उनके द्वारा यह कार्य
कभी नहीं होगा ।
परिहासपूर्वक,——छल करके,
लगता है छिप गये हैं घरके कोनेमें वे ।
देखूँ जलाकर दीप,
खोजूँ प्राणनाथको ।
(वत्ती जलाना एवं घरके कोने-कोनेमें
खोजना)

कइ, गृहेते तिनि त नाइ,—	कहाँ ! घरमें तो नहीं हैं वे—
देखि पालङ्केर नीचे,	देखूँ पलँगके नीचे भी,
पाइ यदि खुँजे ताँरे ।	शायद खोज पाऊँ उन्हें ।
(पालङ्केर निम्नदेश अन्वेषण)	(पलँगके नीचे खोजना)
कइ ? तिनि जे एखानेओ नाइ,	कहाँ ? वे तो यहाँ भी नहीं,
देखितेछि द्वार बद्ध बाहिर हइते,	देखती हूँ द्वारको बंद बाहरकी ओरसे
खुले जाइ आङ्गिनाय,	खोल चलूँ आँगनमें
देखि गिया, गुणमणि यदि,	देखूँ जाकर, गुणमणि यदि
परिहास छले, आछेन दाँड़ाये बाहिरे ।	परिहासके मिससे बाहर खड़े हों ।
(द्वार उन्मुक्त करिया बाहिरे गमन)	(द्वार खोलकर बाहर जाना)
कइ ? एखानेओ देखि ना त ताँरे,—	कहाँ ? यहाँ भी तो देखती न उनको हूँ,—
शेष रात्रि,	रात्रिका पिछला पहर है,
एखनओ आछे अन्धकार;	छाया अंधकार अब भी;
नीरवता चारि दिके,	नीरवता चारों ओर,
मध्ये-मध्ये शुधु मात्र शुनि	बीच-बीचमें सुन पड़ता है केवल,
शृगालेर रव,—अमङ्गल-चिह्न;	शब्द शृगालका,—अमङ्गल-सूचक;
काँपितेछे भये हृदि मोर ।	काँपता है भयसे हृदय मेरा ।
जाइ,—त्वरा करि, डाकि गिये माके;	जाऊँ, फिर जल्दीसे माँको पुकारूँ मैं;
दुइ जने मिलि,	दोनों जने मिलकर,
खुँजि ताँरे गृहे ओ बाहिर ।	खोजें उन्हें घरके भीतर और बाहर भी ।
(शचीमातार गृहद्वारे कराघात एवं क्रन्दन)	(शचीमाताके कमरेके दरवाजेको हाथसे पीटना और रोना)
मागो ! उठ उठ,	माँ ! उठो-उठो,
उठ त्वरा करि;	उठो जल्दीसे;
पुत्र तव गृहे नाइ,	तुम्हारे पुत्र घरमें नहीं,
शून्य गृहे एकाकिनी आमि ।	मैं हूँ अकेली सूने घरमें ।
भय पाइ मने, आइनु तोमार काछे;	मनमें भयभीत हो, आयी हूँ तुम्हारे पास;
द्वार खोल मागो !	द्वार खोलो, माँ !
कपाल भाङ्गिल बुझि मोर;	जान पड़ता फूट गया भाग्य मेरा ।
(शचीमातार अर्द्धनग्नावस्थाय द्वार-उन्मोचन एवं बाहिरे आगमन)	(शचीमाताका अर्द्धनग्नावस्थामें द्वार खोलना और बाहर आना)

शचीमाता—
बउमा ! कि ? कि बलिले तुमि ?
निमाइ आमार नाइ गृहे !
एइ रात्रिशेषे बाछाधन
कोथा गेल तोमाके एकाकिनी रेखे ?
सोनार निमाइ चाँद, बाप्रे आमार,
दुखिनी जननी फेलि;
ना बलि काहाके किछु,
कोथा गेलि तुइ ?
चल, चल, बउमा !
अग्रे तार घर खुँजे आसि;
त्वरा करि चल, ना कर विलम्ब आर।
(उभये एकत्रे प्रदीप हस्ते शयनकक्षे गमन एवं अन्वेषण)

श्रीविष्णुप्रिया--(काँदिते-काँदिते)
मागो ! खुँजियाछि आमि सब आगे,
नाहि देखि ताँहारे कोथाओ;
तबे गियेछिनु तव काछे।
अभागिनी आमि,
भेङ्गेछे कपाल मोर,
जनमेर तरे;
बुझेछि आमि, गियाछेन तिनि
नवद्वीप छाड़ि।
(क्रन्दन एवं भूमितले उपवेशन)

शचीमाता—
बउमा ! धैर्य्य धर,
काँदिओ ना तुमि,
निमायेर आमार अकल्याण हवे;
चल, दुइ जने गिये खुँजि
गृहेर वाहिरे।

शचीमाता —
बहूरानी ! क्या ? क्या कहा तुमने ?
मेरा निमाई घरमें नहीं है !
रातके इस पिछले पहरमें प्यारा लाल
कहाँ गया तुमको अकेली छोड़ ?
सोनेके निमाई चाँद ! वत्स मेरे !
दुःखिनी जननीको त्याग,
कहे बिना किसीको कुछ,
कहाँ तुम चले गये ?
चलो, चलो, बहूरानी !
पहले उसके कक्षमें ही खोज लें;
जल्दीसे चलो, अब करो न विलम्ब और।
(दोनोंका हाथमें दीपक लिये एक साथ शयनकक्षमें जाना और खोजना)

श्रीविष्णुप्रिया —(रोते-रोते)
माँ ! खोज लिया है सर्वत्र मैंने पहले ही,
नहीं उनको देख पायी कहीं भी;
तभी तो गयी थी तुम्हारे पास।
अभागिनी हूँ मैं,
फूट गया भाग्य मेरा,
जन्म भरके लिये;
जान गयी मैं, चले गये वे
नवद्वीप छोड़कर।
(रोना और पृथ्वीतलपर बैठ जाना)

शचीमाता—
बहू माँ ! धैर्य धरो,
रोओ मत तुम,
निमाईका मेरे अकल्याण होगा;
चलो दोनों जने जाकर खोजें
बाहर भवनके।

दाँड़ाइये द्वारे,	द्वारपर खड़ी हो,
उच्चैःस्वरे डेके देखि	ऊँचे स्वरसे देखूँ पुकारकर,
बाप् विश्वम्भर थाके यदि	लाल विश्वम्भर हो यदि
लुकाये कोथाओ।	छिपा कहींपर।
(दुइ जने मिलिया प्रदीप हस्ते समस्त आङ्गिना अन्वेषण, बहिर्द्वारे गिया शचीमातार क्रन्दन)	(दोनोंका हाथमें दीपक लिये हुए समस्त आँगनमें खोजना, द्वारके बाहर जाकर शचीमाताका क्रन्दन करना)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
निमाइ! निमाइ! बाप् विश्वम्भर!	निमाई! निमाई! बेटा विश्वम्भर!
कोथा गेले तुमि?	कहाँ गये तुम?
बाप् धन! फिरे एस गृहे;	लालमणि! लौट आओ घरमें;
शेष रात्रि काले	निशाके पिछले पहरमें,
माघेर एइ दारुण शीते,	माघमासके इस दारुण शीतमें
गेछ कि गङ्गास्नाने बाप्?	गये हो क्या गङ्गास्नान हेतु, लाल?
बाप् रे! निमाइ रे!	लाल रे! निमाई रे!
कोथा गेलि तुइ,	कहाँ गया तू,
दुखिनी जननी फेलि?	दुःखिनी जननीको त्याग?
बाप्धन, प्राणधन, अञ्चलेर निधि,	लालमणि! प्राणधन! अञ्चलनिधि!
तिल अदर्शने पलके हाराइ तोमा;	तिल मात्र पलकान्तर अदर्शनसे खो बैठती हूँ तुम्हें;
केन बाप्! निदारुण एत तुइ	वत्स! क्यों इतना हुआ निर्मम तू
वृद्धा शोकातुरा जननीर प्रति?	वृद्धा, शोकातुरा जननीके प्रति?
विष्णुप्रिया, सरला अबला बाला,	विष्णुप्रिया, सरला, अबला बाला
तोमा भिन्न किछुइ ना जाने;	जानती सिवा तुम्हारे कुछ भी नहीं;
तार प्रति एत केन अकरुण?	उसके प्रति इतने अकरुण क्यों?
तुमि बाप्! एस बाप् चले एस!	लाल तुम! आओ तात! चले आओ!
यदि तुमि लुकाये थाकह कोथाओ।	यदि तुम हो छिपे कहीं भी।
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
मागो! काँपितेछे मोर	माँ! काँप रहा मेरा
सर्व्व अङ्ग थर-थर,	सकल अङ्ग थर-थर,

देह ह'ते निरन्तर बाहिरिछे काल घाम; शुष्क कण्ठ,—शुष्क तालु, वाक्य नाहि सरितेछे मुखे । दाँड़ाइते ना पारि आमि,— शुइ आमि हेथा । (आङ्गिनाये पतन)	शरीरसे निकल रहा निरन्तर मरण-काल-जैसा स्वेद; शुष्क कण्ठ, शुष्क तालु, वाक्य नहीं मुखसे निकलता है । पाती न रह खड़ी मैं,— सोती हूँ यहीं मैं । (आँगनमें गिर पड़ना)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
हाय ! हाय ! कि ह'ल आमार ? केह नाहि हेथा, काके डाकि आमि ? कि करे बुझाइ बौमाके ? हा विधातः ! ए वृद्ध वयसे, अभागिनीर दग्ध कपाले एइ कि लिखियाछिले ? (कपाले कराघात, ओ वहिर्द्वारे उपवेशन) (नदियार ब्राह्मण पण्डितगणेर प्रातः-स्नाने गमन एवं शचीमातार प्रश्न)	हाय, हाय ! क्या हुई दशा मेरी ? कोई नहीं यहाँ, किसको पुकारूँ मैं ? कैसे समझाऊँ बहू माँको ? हा विधाता ! इस वृद्धावस्थामें, अभागिनीके झुलसे कपालमें यही क्या लिखा था ? (कपालको हाथसे पीटना और वाहरी द्वारपर वैठना) (नदियावासी ब्राह्मण पण्डितगणोंका प्रातःस्नानके लिये जाना एवं शचीमाताका उनसे पूछना)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
ओगो ! तोमरा के ? आमार निमाइ चाँद के कि तोमरा देखेछ ? बाछा आमार रात्रिशेष माघेर एइ दारुण शीते कोथाय गेल ? ओगो ! तोमरा यदि तारे गङ्गास्नाने देखिते पाओ, तोमादेर पाये धरि, ताके बल तोमार मा तोमाके ना देखे पागलिनीर मत द्वारे ब'से काँदछेन आर माथा कूट्छेन ।	अहो ! कौन हो तुम ? मेरे निमाई चाँदको तुमलोगोंने देखा है क्या ? मेरा लाल रात्रिके पिछले पहरमें माघके इस दारुण शीतमें कहाँ चला गया ? सुनो, तुमलोग यदि उसको गङ्गा-स्नान करते देख पाओ तो, तुम्हारे पैर पकड़ती हूँ, उससे कहना—तुम्हारी माँ तुमको न देखकर पगलीकी भाँति द्वारपर बैठी रोती और माथा कूटती हैं ।

प्रथम ब्राह्मण--	**प्रथम ब्राह्मण--**
मा ! तुमि स्थिर हश्रो, धैर्य्य धर, एखनि आमरा गिए निमाइ पण्डितके यदि देखिते पाइ, तोमार निकट एने हाजिर करे दिब ।	माँ ! तुम स्थिर होओ, धैर्य धरो, हमलोग अभी जाकर निमाई पण्डितको यदि देख पायेंगे तो तुम्हारे निकट लाकर उपस्थित कर देंगे ।
शचीमाता--	**शचीमाता—**
बाबा ! तोमरा बेंचे थाक, चिरजीवी हश्रो, आमार निमाइके एने दाओ ! ताके ना देखे आर आमि स्थिर थाकते पाच्चिने । निमाइ रे ! बाप् रे ! तुइ कोथाय गेलि रे ! शीघ्र आय, आर दुःख दिस्ने बाप् !	बाबा ! तुम जीते रहो, चिरजीवी हो, मेरे निमाईको ला दो । उसको देखे बिना अब मैं चैन नहीं पा रही । निमाई रे ! लाल रे ! तू कहाँ गया रे ! शीघ्र आ, और दुःख न दे, मेरे लाल !
द्वितीय ब्राह्मण--(मने-मने)	**द्वितीय ब्राह्मण**—(स्वगत)
पुरन्दरपत्नीर कि प्रगाढ़ पुत्रस्नेह ! एइ स्नेहेर शतांशेर एकांशओ यदि भगवाने अर्पित हय, ताहा हइले स्वयं भगवान तुष्ट हये दर्शन देन । आहा ! एइ दुखिनी वृद्धार पुत्रटि बद्ध पागल । ब्राह्मण पण्डितेर छेले विद्या शिक्षा करिया एमन जे हस्तीमूर्ख हय--ताहा पूर्व्वे आमरा जानिताम ना, एइ प्रथम देखिलाम । पुरन्दरपत्नी बड़इ अभागिनी	पुरन्दर-पत्नीका कितना प्रगाढ़ है पुत्रस्नेह ! इस स्नेहके शतांशका एक अंश भी यदि श्रीभगवान्में अर्पित हो तो स्वयं भगवान तुष्ट होकर दर्शन दें । अहा ! इस दुःखिनी वृद्धाका पुत्र नितान्त पागल है ! ब्राह्मण पण्डितका पुत्र विद्या पढ़कर ऐसा वज्रमूर्ख हो सकता है--यह हम पहले नहीं जानते थे, ऐसा पहले ही पहल देखा है। पुरन्दरपत्नी बड़ी अभागिनी है ।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
(श्रीवास पण्डितेर प्रवेश)	(श्रीवास पण्डितका प्रवेश)
श्रीवास--	**श्रीवास--**
मा ! भोर रात्रिते माघेर एइ दारुण शीते तुमि दुयारे बसे केन ? कि हयेछि मा ?	माँ ! प्रातमुखी रातमें, माघके इस दारुण शीतमें तुम द्वार पर क्यों बैठी हो ? क्या बात है माँ ?

शचीमाता—(काँदिते-काँदिते)
पण्डित श्रीवास !
भाङ्गा कपाल अभागिनीर
भेङ्गेछे आबार ।
ऐ देख,—शून्य करि गृहे मोर,
आँधार करिया घर-द्वार,
आँधार घरेर माणिक,—
सोनार निमाइ चाँद आमार,
रात्रिशेषे चलि गेछे कोथा ?
खुँजिलाम गृहद्वार,—अङ्गन-बाहिर,
पाठा'लाम लोक गङ्गातीरे,
कइ ? एखनओ त आसिल ना,
घरे फिरे निमाइ आमार ।
ऐ देख,—सोनार बौमा आमार,
मृतवत धुलाय लुटाय अङ्गिनाय पड़ि;
(विष्णुप्रियार प्रति चाहिया)
बाछारे ! कि दारुण दुःख तुमि
सहितेछ प्राणे ?
राजराणी तुमि,—
अनाथिनी, भिखारिणी मत
धुलाते शयान आजि;
हा दग्ध कपाल मोर !
देखिते हइल ए पोड़ा नयने—
एइ निदारुण दृश्य आजि;
प्राण फेटे जाय,
बुकेर माझे ज्वले भीषण अनल !
निमाइ रे ! बाप् रे !
कोथाय आछिस तुइ ?
देखे जा,—एक बार एसे,
कि दशा ह'येछे दुखिनी मायेर तोर;

शचीमाता—(रोते-रोते)
पण्डित श्रीवास !
अभागिनीका फूटा कपाल
पुनः फूट गया ।
यह देखो, सूना कर घर मेरा,
डुबा अन्धकारमें घर-बार,
अँधेरे घरका माणिक्य,—
सोनेका निमाई चाँद मेरा,
रात्रिके पिछले पहरमें कहाँ चला गया ?
खोज चुकी घर-द्वार, आँगनमें, बाहर भी,
भेजा लोगोंको गंगाके तीरपर ।
कहाँ ? अब भी तो आया नहीं,
घरपर लौटकर निमाई मेरा ।
देखो यह, स्वर्णकी प्रतिमा बहू माँ मेरी
मृतवत् धूलमें पड़ी है आँगनमें गिरकर
(विष्णुप्रियाकी ओर देखकर)
लाली रे ! दारुण दुःख कितना तुम
प्राणोंपर झेल रही ?
तुम जो राजरानी,—
अनाथिनी, भिखारिणी सम
धूलमें पड़ी हो आज;
हाय ! झुलसा हुआ भाग्य मेरा ।
देखना पड़ा इन जली आँखोंसे
यह महा दारुण दृश्य आज;
प्राण फटे जाते हैं,
छातीमें जलती है भीषण आग !
निमाई ! लाल रे !
कहाँ है तू ?
देख जा एक बार आकर,
क्या दशा हुई है दुखिया माँकी तुम्हारी;

राजराणी बौमा आमार	राजरानी बहू माँ मेरी
मृतवत पड़िये रयेछे भूमितले ।	मृतवत् पड़ी हुई है पृथ्वीपर ।
मुखे तार वाणी नाइ;	मुखमें उसके वचन नहीं,
प्राण तार आछे कि ना आछे देहे—	प्राण उसके हैं अथवा नहीं शरीरमें—
के बलिते पारे?	कौन कह सकता है?
उठिबार शक्ति नाइ मोर,	उठनेकी शक्ति नहीं मुझमें है,
केमने वा जाइ तार काछे ।	कैसे भला, जाऊँ उसके समीप ।
(द्वारदेशे पतन)	(दरवाजेपर गिर पड़ना)
(श्रीवास पण्डित शशव्यस्ते शचीमातार शुश्रूषाय व्यस्त हओन)	(श्रीवास पण्डितका अत्यन्त आतुर होकर शचीमाताकी शुश्रूषामें लगना)
(मालिनीर सह प्रतिवेशिनीगणेर प्रवेश)	(मालिनीके साथ पड़ोसी स्त्रियोंका प्रवेश)
श्रीवास—	**श्रीवास**—
(मालिनोर प्रति)	(मालिनीसे)
हइयाछे सर्व्वनाश !	हो गया सर्वनाश,
नवद्वीपचन्द्र चलि गेछेन नवद्वीप छाड़ि;	नदिया-चाँद चले गये छोड़कर नदियाको;
जाओ शीघ्र करि,—जल आन,—	जाओ जल्दीसे,—जल लाओ,—
मूर्च्छिता हये छेन गौराङ्ग-जननी ।	मूर्च्छित हो गयी हैं गौराङ्ग-जननी ।
देख गिये शीघ्र करि	देखो जा शीघ्रतासे
श्रीविष्णुप्रिया कि आछेन जीविता?	श्रीविष्णुप्रिया बची है क्या जीवित?
(जलहस्ते ईशानेर प्रवेश)	(हाथमें जल लिये ईशानका प्रवेश)
(श्रीविष्णुप्रियाके क्रोड़े लइया मालिनी देवीर उपवेशन)	(श्रीविष्णुप्रिया देवीको गोदमें लेकर मालिनीदेवीका बैठना)
ईशान—	**ईशान**—
(काँदिते-काँदिते)	(रोते-रोते)
पण्डित ! बड़ भाग्यहीन आमि,	पण्डित ! बड़ा भाग्यहीन मैं,
अधम कुक्कुर ।	अधम कुक्कुर ।
कोले पिठे क'रे,	गोदमें बिठाकर, पीठपर चढ़ाकर,
मानुष करेछि आमि नदीयार चाँदे	बड़ा किया है मैंने नवद्वीपचन्द्रको
शिशुकाल ह'ते;	शैशव अवस्थासे;
महापापी आमि,—नराधम आमि,	महापापी मैं—नराधम मैं,

उपयुक्त शास्ति मोर हइल एबार।
एखन काके देखि आमि ?
किवा करि आमि ?
नदे छाड़ि गियाछेन नदीयार राजा,
नदीयार राणी धूलाय लुण्ठिता,—
राजमाता पथेर भिखारिणी आजि,
शून्य गृहद्वार जेन गिलिवारे चाहे।
सब अन्धकार,–सब म्रियमाण,
नवद्वीपचन्द्र गियाछेन चलि,
नवद्वीप छाड़ि;
आर नाहि फिरिवेन गृहे !
आर ना हेरिब ताँर रातुल चरण,
आर नाहि भाग्ये हवे मोर
धौत करिते ताँर चरण युगल।
शिव-विरिञ्चि-वाञ्छित सेवा
बहु भाग्ये पेयेछिनु आमि,
ताँर कृपाबले;
मोर पापे,
एवे वञ्चित हइनु ताते।

(क्रन्दन)

(शचीमातार मूर्च्छाभङ्गे उत्थान)

शचीमाता—

कइ निमाइ ? कोथाय निमाइ ?
विश्वम्भर ! बापूरे ! कोथा गेले तुइ ?

(श्रीवास पण्डितेर हात धरिया काँदिते-काँदिते)

पण्डित श्रीवास ! जाओ तुमि,
ना कर विलम्व तिलार्द्ध आर;
जेखानेते पाओ, सोनार निमाइचाँदे,

उचित दण्ड मुझको मिला इस बार।
अब किसको सँभालूँ मैं,
अथवा करूँ ही क्या ?
नदियाको छोड़ गये नदियाके राजा,
धूलमें लोट रही हैं नदियाकी रानी
राजमाता हुई हैं पथकी भिखारिन आज,
सूना घर-द्वार मानो निगल जाना चाहता।
सर्वत्र अन्धकार,–– सभी म्रियमाण,
चले गये नवद्वीपचन्द्र
नवद्वीप छोड़कर;
अब नहीं लौटेंगे घरमें।
अब नहीं देखूँगा उनके अरुण चरणोंको,
और नहीं मिलेगा सौभाग्य मुझे
प्रक्षालित करनेका उनके युगल चरणको।
शिव-विरिञ्चि-वाञ्छित सेवा
मैंने प्राप्त की थी बड़े भाग्यसे,
उनकी कृपाशक्तिसे;
अपने पापोंसे
वञ्चित हुआ उससे अब।

(क्रन्दन)

(शचीमाताका मूर्च्छाभङ्ग होनेपर उठना

शचीमाता—

कहाँ निमाई ? निमाई कहाँ ?
विश्वम्भर ! लाल रे ! कहाँ गया तू ?

(श्रीवास पण्डितका हाथ पकड़कर रोते-रोते)

पण्डित श्रीवास ! जाओ तुम,
न करो विलम्ब क्षणार्द्धका भी और;
जहाँ पाओ सोनेके निमाई चाँदको

घ'रे ल'ये एस निकटे आमार ।
तुमि सबे प्रियजन तार
सबे मिले कर अन्वेषण अविलम्बे,—
कोथा गेल बाप् विश्वम्भर ?

(शचीमाताके मालिनी देवीर क्रोड़े करण)

मालिनी—

दिदि ! शान्त कर मन, रोदन संवर,
क्रन्दनेर स्वर तव,
यदि जाय काने,
विष्णुप्रिया पुनः हबे अचेतन;
बहु कष्टे मूर्च्छा भङ्ग ह'येछे ताहार ।
तुमि यदि दिदि ! धैर्य्य नाहि धर,
ना संवर रोदन,
रक्षा करा हबे भार,
श्रीविष्णुप्रियार प्राण ।

शचीमाता—

भगिनी ! जाओ तार काछे तुमि,
हेथा आमि रहि एकाकिनी;
आमि गेले दुःख तार, बाड़िबे द्विगुण,
बाड़िबे अन्तर ज्वाला,—
बाड़िबे हृदयेर व्यथा शतगुणे तार ।
आर आमि काँदिब ना,—
आर ना करिब हाहाकार पथे ब'से,
सुधु आमि ब'से थाकि पथपाने चेये,
यदि पाइ निमाइ चाँदेर दरशन ।

(भक्तगण सह श्रीनित्यानन्देर प्रवेश)

पकड़कर लाओ यहाँ पास मेरे !
तुम सब प्रियजन हो उसके,
सब मिलकर खोजो अविलम्ब,—
कहाँ गया मेरा लाल विश्वम्भर ?

(मालिनी देवीका शचीमाताको गोदमें लेना)

मालिनी—

दीदी ! शान्त करो मन, रोना बंद करो,
क्रन्दन-स्वर तुम्हारा,
यदि पड़ेगा कानोंमें,
विष्णुप्रिया पुनः होगी अचेतन;
बड़ी कठिनाईसे मूर्च्छा टूटी है उसकी ।
तुम यदि दीदी ! धैर्य नहीं धरोगी,
आँसू नहीं रोकोगी,
कठिन बन जायगा बचाना,
विष्णुप्रियाके प्राणोंको ।

शचीमाता —

बहिन ! जाओ पास उसके तुम,
यहाँ मैं बैठी हूँ अकेली;
मेरे वहाँ जानेसे दुःख उसका होगा दूना,
बढ़ेगी अन्तर्ज्वाला,—
बढ़ेगी हृदय-व्यथा शतगुनी उसकी ।
अब मैं और न रोऊँगी,—
और हाहाकार करूँगी न पथमें बैठकर;
केवल मैं बैठी हूँ पथको निहारती,
कदाचित् देख पाऊँ निमाई चाँदको ।

(भक्तगणके साथ श्रीनित्यानन्दका प्रवेश)

गीत

श्रीनित्यानन्द—

व्रज छाड़ि, भाइ कानाइ
आजि गेछे मथुराय।
यशोमती माता काँदे
दुयारे दाड़ाइ॥
व्रजवासी नारी - नरे,
सवाइ काँदे उच्चैःस्वरे,
राखाल वालक डाके
भाइरे कानाइ।
खूंजते तारे जाव सवे,
आय तोरा आय॥
(शचीमाताके देखिया)

एकि ? शचीमातार चोखे
नाइ जल,
निष्पन्द शरीर;
वाक्य नाहि मुखे,
चेये आछेन पथपाने, उदास नयने।
आमि जे दाँड़ाये काछे,
से ज्ञानओ नाइ ताँर।
हाहाकार चारि दिके
आर्त्तनाद गृहेर भितरे,
पथ माझे महा कोलाहल;
कर्णे ताँर किछु नाहि जाय;
ना कोन ज्ञान ताँर;
सुधु अनिमेष चोखे,
चेये आछेन पथपाने,
पागलिनी मत गौराङ्ग-जननी।
निमाइ आसिवे फिरि गृहेते आवार,
एइ आशे,—वुक वाँधि,
व'से आछेन शचीमाता,

श्रीनित्यानन्द—

आज छोड़कर व्रजको मथुरा
गया कन्हैया भैया।
रही द्वारपर खड़ी-खड़ी है
विलख यशोदा मैया॥
व्रजवासी सारे नारी-नर,
फूट-फूट रोते ऊँचे स्वर,
रहे पुकार गोपवालकगण
कान्हा कहाँ, वताओ।
उसे खोजने चलो, चलेंगे,
आओ रे तुम आओ॥
(शचीमाताको देखकर)

यह क्या ? शचीमाताकी आँखोंमें
जल नहीं,
निष्पन्द शरीर;
वाणी नहीं मुखमें,
देख रहीं पथकी ओर उदास नयनोंसे।
मैं जो खड़ा पासमें,
उसका भी ज्ञान उन्हें नहीं।
हाहाकार चारों ओर,
आर्तनाद भीतर गृहके,
पथमें महा कोलाहल;
कानोंमें उनके किंतु कुछ नहीं जा रहा है।
नहीं कोई ज्ञान उन्हें;
केवल नयनोंसे अनिमेष
देख रही हैं पथकी ओर
पगली समान गौराङ्ग-जननी।
निमाई आयेगा लौटकर घरको पुनः,
यही आशा बाँधकर
बैठी हैं शचीमाता,

पथपाने चेये ।	निहारतीं पथकी ओर ।
पुत्रस्नेहेर पराकाष्ठा इहा,	पुत्र-स्नेहकी यही पराकाष्ठा,
वात्सल्यभाव-समुद्रेर सीमा इहा;	वात्सल्य-भावोदधि की सीमा यह;
एइ स्नेहवशे,	इसी स्नेह-वश
हयेछिलेन बद्ध प्रेमपाशे,	हुए थे बद्ध प्रेम-पाशमें,
नन्दनन्दन यशोदामातार काछे ।	नन्दनन्दन माता यशोदाके समीप ।
यशोदानन्दन जेइ,—	यशोदानन्दन जो,—
शचीर नन्दन सेइ;	शचीनन्दन भी वही;
मा यशोदा जिनि, शचीमाता तिनि ।	माँ यशोदा जो, शचीमाता भी वे ही ।
ल'ये द्वापरेर जत सब परिकर,	साथ ले द्वापरके जितने सब परिकर थे,
नन्दनन्दन हरि,	नन्दनन्दन हरि
नदीयाय अवतीर्ण,—लीला तरे;	नदियामें अवतरित,—लीला हेतु;
ताइ एइ लीला अभिनय ।	इसीलिये अभिनय इस लीलाका ।
कलिहत जीवेर कठिन हृदय	कलिग्रस्त जीवोंका कठिन हृदय
द्रवाइते सकरुण लीला रसे,	द्रवित करनेके लिये लीलारस सकरुणसे,
लीलामय श्रीगौराङ्गेर	लीलामय श्रीगौराङ्गका
एइ प्राणघाती लीला-अभिनय ।	यह प्राणघाती लीला-अभिनय ।
सबइ जानि,—सकलि बुझि;	सभी जानता हूँ, समझता भी हूँ सब;
किंतु प्रभुर	किंतु प्रभुकी
मोहकरी वैष्णवी मायावशे,	मोहकरी वैष्णवी मायावश,
एखन अभिभूत सबे ।	इस समय अभिभूत सभी ।
भगवानेर लौकिकी लीला,—	भगवान्‌की लौकिक-लीला
लोक शिक्षा तरे	लोक-शिक्षाके लिये;
अतएव करणीय इहा ।	अतएव सम्पन्न होना उचित है इसका ।
(शचीमातार गलदेशे बाहु-वेष्टन करिया स्नेह भरे)	(शचीमाताके गलेमें बाँह लपेटकर स्नेहपूर्वक)
मागो ! संवर रोदन, सुस्थ कर चित्त,	माँ ! बंद करो क्रन्दन, स्वस्थ करो चित्त,
हृदे धर बल;	हृदयमें धैर्य धरो;
छुटियाछे चारि दिके भक्तवृन्द सबे	छूटे हैं चारों ओर भक्तवृन्द सब-के-सब
तव पुत्रे अन्वेषणे,—	खोजनेके लिये तुम्हारे पुत्रको ।

आमिओ जाइतेछि ।	मैं भी जा रहा हूँ ।
जेखानेते पाइ,	पाऊँगा जहाँ भी
धरिया आनिब तव पुत्रे	पुत्रको तुम्हारे, पकड़कर लाऊँगा
तव काछे;	तुम्हारे पास;
वाक्य मोर करह विश्वास ।	बातपर मेरे करो विश्वास ।
निन्यानन्द आमि——	नित्यानन्द हूँ मैं——
गौराङ्गेर अभिन्नहृदय ।	अभिन्नहृदय गौराङ्गका ।
शचीमाता——(सचकिते)	**शचीमाता**——(चकित भावसे)
ओके ? बाप् निताइ ।	कौन वह ! लाल निताई ?
एसेछ,——एस बाप् धन,	आये हो ? आओ, प्रिय वत्स !
कोले एस,——	गोदीमें आओ,
जुड़ाओ मोर तापित हृदय ।	शीतल करो तप्त हृदय मेरा ।
निताइ !	निताई !
कइ, आमार निमाइ कोथाय ?	कहाँ, मेरा निमाई कहाँ है ?
एका कोथा तारे फेलि,	छोड़ अकेले कहाँ उसको
तुइ एलि एथा ?	आया तू यहाँ है ?
छोट भाइ तोर,	लघु भ्राता तेरा,
दूधेर छेले निमाइ आमार;	दुधमुहा निमाई मेरा;
निश्चिन्त छिनु आमि,	निश्चिन्त थी मैं
रेखे तारे तोर काछे ।	तेरे पास रख उसे ।
निशिदिन थाकित से	निशिदिन रहता वह
सङ्गे-सङ्गे तोर ।	साथ-साथ तेरे ।
कोथा तारे रेखे एलि बाप् ?	कहाँ उसे रख आये, तात ?
बल मोरे शीघ्र करि,	कहो मुझे जल्दीसे,
निमायेर आदर्शने प्राण फेटे जाय;	निमाईको देखे बिना प्राण फटे जाते हैं;
निमाइरे ! बाप्रे !	निमाई रे ! लाल रे !
श्रीपाद नित्यानन्द तोर,	श्रीपाद नित्यानन्द तेरे,
दाँड़ाये दुयारे;	खड़े द्वारपर
एस बाप विश्वम्भर !	आओ, लाल विश्वम्भर !

कर अभ्यर्थना तारे मधुभाषे।
नित्यानन्द छिल तव प्राण,
तुमि छिले नितायेर प्राण,
एकिला निताये हेरि एबे,
गेल मोर सब आशा दूरे,——
प्राण मोर बड़इ कठिन।
(क्रन्दन)

करो अभ्यर्थना उनकी मधुर वाणीसे।
नित्यानन्द थे तुम्हारे प्राण,
तुम थे प्राण निताईके;
देख निताईको अकेले अब
टूट गयी सब आशा मेरी—
प्राण मेरे बड़े ही कठोर हैं।
(क्रन्दन)

गीत

श्रीनित्यानन्द——

जाछि मोरा, आनते गोरा,
हृदय - रतन।
आनबो तारे, हाते धरे,
(मागो) सुस्थ कर मन।
जे खाना ते थाक्ना केन,
(तारे) आनबो घरे निश्चय जेन,
पाये पड़ि मागो, तुमि,
कर ना रोदन॥
(प्रस्थान)

श्रीनित्यानन्द——

हम जा रहे हैं जा रहे,
गौराङ्ग लाने जा रहे,
हृदय रम्य-रत्न-रुचिकर।
हमलोग उन्हें लायेंगे,
पकड़कर हाथ लायेंगे,
जननी करो मन सुस्थिर॥
जहाँ कहीं भी पायेंगे,
पकड़कर हाथ लायेंगे,
पैर पडूँ, जननी! तुम
अब न करो रोदन फिर॥
(प्रस्थान)

द्वितीय अङ्क ।

(चतुर्थ गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन, शून्य शयन-कक्षे शून्य शय्या। धरासने श्रीविष्णुप्रिया अधोवदने उप-विष्ट—नयने नीर-धारा।

(सखी काञ्चना ओ अमितार प्रवेश)

काञ्चना—

सखि विष्णुप्रिये।
हृदिभरा विषादेर प्रतिमूर्ति ल'ये,
कि जे भाव तुमि,
निशिदिन शून्य गृहे बसि,
बुझिते ना पारि।
दिन-दिन जीर्ण-शीर्ण,
हेरि देह तव,—भय हय मने।
गेछे काल ह'ये आहा! सोनार वरण;
प्राणरक्षा तव हइयाछे भार।
सखि नष्ट करि,—
गौराङ्ग-विलासेर वस्तु,—देह तव,—
किवा हवे फल?
भजनयोग्य एइ देह तुमि,
ना करिओ पात सखि!
वृथा शोके;
किछु दिन परे गुणमणि तव,—
आसिबेन फिरि नदीयाय;

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन, शून्य शयनकक्षमें शून्य शय्या। पृथ्वीपर श्रीविष्णुप्रिया अधोवदन बैठी हैं। आँखोंसे अश्रुधारा प्रवाहित हो रही है।

(सखी काञ्चना तथा अमिताका प्रवेश)

काञ्चना—

सखि विष्णुप्रिये!
हृदयमें भरे विषादकी प्रतिमा बनी
क्या सोचती रहती हो तुम,
निशिदिन सूने भवनमें बैठ,
समझ नहीं पाती हूँ।
दिन-दिन जीर्ण-शीर्ण
देखकर तुम्हारा तन, भयभीत होता मन।
काली पड़ गयी है, आह! स्वर्णकान्ति;
प्राणरक्षा तुम्हारी हो रही कठिन।
सखि! नष्ट करनेसे
गौराङ्ग-विलास-वस्तु,—तनको अपने
क्या लाभ?
भजनके योग्य इस तनको तुम
करना न नष्ट सखि!
व्यर्थके शोकमें।
कुछ दिन पीछे, गुणमणि तुम्हारे
आयेंगे लौट नदियाको।

तुमि विरहिणी,—तिनिश्रो विरही,—	तुम विरहिणी, वे भी विरही,
उभयेर मनोभाव-स्रोत,	दोनोंका मनोभाव-स्रोत
एक टाना भावे,—	एक ही भावसे खिंचे,
एकइ उद्देश्य,—-	एक ही उद्देश्य लिये,—-
चलियाछे समभावे	बहा है समान भावसे
एकइ लक्ष्य स्थले,	एक ही लक्ष्यस्थलकी श्रोर,—-
श्रसीम-श्रनन्त-श्रगाध,—	श्रसीम, श्रनन्त, श्रगाध,
प्रेम-समुद्रेर माझे ।	प्रेम-समुद्र बीच ।
सखि ! तुमि भाव जाके,	सखि ! सोचती हो तुम जिनको,
से भावे तोमाके;	सोचते हैं वे तुमको;
निशिदिन तुमि नाम जप जाँर	निशिवासर तुम नाम जपती हो जिनका
गुण जाँर गाश्रो तुमि,—-	गाती तुम गुण जिनका,
तिलार्द्धेर तरे जाँर जन्य	तिलार्द्ध भी जिनके लिये
हृदय ना पाश्रो सोयास्ति,	हृदयमें न पाती हो शान्ति,
ताँरश्रो भाव एइ रूप ।	उनका भी भाव इसी रूप ।
श्रवस्था ताँहार तोमा चेये	उनकी दशा श्रपेक्षा तुम्हारी
किछु नहे भाल ।	लेश नहीं श्रच्छी है ।
भावितेछ तुमि गृहे वसि,	चिन्ता करती हो तुम घरमें रहकर,
काँदितेछ तुमि गृहेर भीतरे,	रोती हो तुम घरके भीतर,
वलितेछ दुःख निज परिजने;	कहती हो दुःख श्रपना परिजनोंसे ।
गुणमणि तव,	गुणमणि तुम्हारे
प्रिया-विरह-शोकेते हइये कातर,—-	प्रिया-विरहके शोकसे कातर हो,
भ्रमितेछे देश-देशान्तरे,—-	भटक रहे हैं देश-देशान्तरमें,—-
फिरितेछे केंदे-केंदे द्वारे-द्वारे,—-	घूमते हैं रोते-रोते द्वार-द्वार,
छल करि तव नाम ल'ये ।	लेते बहानेसे नाम तेरा ।
नाहि काछे, निज जन ताँर,—-	निजजन उनके न पास हैं—-
मनदुख प्रकाशिये वलिते ना पारि,	मनोदुःख स्पष्ट कहनेमें श्रसमर्थ
श्रन्तरे गुमुरे मरे;	भीतर ही वे घुटते रहते हैं;
झरे श्रश्रुधारा दु'नयने श्रविराम ।	झरती श्रश्रुधारा युगनयनोंसे श्रविराम ।
लाज भये देशे ना फिरिते पारे;	लज्जाके मारे नहीं लौट पाते देश;

संकटे पड़ेछे गुणमणि
सखि ! स्थिर कर मन,
प्राणवल्लभ तव,—विरह—कातरे,—
शीघ्र आसिबेन फिरि पुनः नदीयाय ।

सङ्कटमें पड़े हैं गुणमणि ।
सखि ! स्थिर करो मनको,
प्राणवल्लभ तव, विरह-कातर,
शीघ्र ही आयेंगे लौट नदियाको ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि ! प्रियसखि ! काञ्चने !
जत किछु बल,—सब जाय भेसे
प्रबल वन्यार जले
भासमान शुष्क काष्ठ मत ।
किछु नाहि भाय मने,
बिना दरशन ताँर ।
सखि ! एइ सेइ घर,—
सेइ खाट,—से बालिस,—
सेइ ताँर सुखशय्या,—
सेइ सब द्रव्य-सम्भार;
ताँर गलार सेइ,—बासि फूलमाला,
रयेछे एखनओ सखि, ओइ,—
शय्यापरि ओइ,—देख चेये,—
कइ ? मोर गुणमणि कइ ?
प्राणवल्लभ कइ ?
कोथा मोर प्राणेश्वर ?
तिनि बिना सब शून्य हेरि ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि ! प्रिय सखि ! काञ्चने !
जो कुछ भी कहती हो,—सब बह जाता है
प्रबल जल-प्लावनमें
बहती हुई सूखी लकड़ीके समान ।
कुछ नहीं मनको सुहाता है
बिना उनका दर्शन किये ।
सखि ! घर है यह वही,—
वही खाट, तकिया वही,
वही उनकी सुख-शय्या,
वही सब द्रव्य-सम्भार,
उनके गलेकी वही,—बासी फूलमाला
पड़ी है अबतक सखि ! वह,
वहीं उसी शय्यापर—देखो दृष्टि फेर उधर
कहाँ ? मेरे गुणमणि कहाँ ?
प्राणवल्लभ कहाँ ?
कहाँ मेरे प्राणेश्वर ?
उनके बिना मुझे सूना सब लगता है ।

गीत

कोथा तुमि गेले नाथ !
नदीया छाड़ी ।
शून्य हेरि तोमा बिना,
ए घर - बाड़ी ॥
जे दिके फिराइ आँखि ।
गौरहारा धरा देखि

नदियाको तुम नाथ !
छोड़कर कहाँ सिधारे ?
सब सूना घर - द्वार
दीखता विना तुन्हारे ॥
दृष्टि जिधर भी ले जाती हूँ
गौर-विहीन महो पाती हूँ,

पशु पाखी सकलेरइ नयने वारि । वृक्ष-लता-तृण काँदे, ना हेरे नदेर चाँदे, फुकारि फुकारि काँदे कुलेर नारी ॥ शिशु ते ना स्तन खाय गाभी ते ना गोठे जाय, उठेछे रोदन - ध्वनि, हृदि विदारी । केन तुमि गेले नाथ! नदीया छाड़ि ॥	विकल सकल पशु-पक्षि- वृन्द भी आँसू ढारे । वृक्ष-लता-तृण करते क्रन्दन, न कर प्राप्त नदिया-विधु दर्शन, फूट-फूटकर कुल-ललना घरमें चिक्कारे ॥ स्तनमें शिशुगण मुँह न लगायें, नहीं गोठमें जाती गायें, रही रुदन-ध्वनि ऐसी उठ, जो हृदय विदारे । नदियाको तुम नाथ। छोड़ किसलिये सिधारे ॥
काञ्चना-- विष्णुप्रिये ! प्रिय सखि । यथार्थ बलेछ तुमि; नदेवासी,—बाल-वृद्ध-युवा,— कुलेर कामिनी,— सकलेइ शोकेते आकुल । बिने गोरा गुणमणि, नदीया आँधार । किंतु सखि ! नदेवासीर सब चेये बेशी दुःख,— भयावह देखे तव दशा,— आर जननीर मनदुःख भेवे; ह'येछेन नदीयार राजा देशत्यागी; वृद्धा जननी ताँर आछेन गृहेते; आछे घरे बालिका रमणी ताँर । नदेवासीर ऊपर, सखि ! गुणमणि तव, दिये गेछेन बड़इ विषम भार । भूलि गौराङ्ग-विरह-ज्वाला	**काञ्चना--** विष्णुप्रिये ! प्रियसखि ! ठीक कहती हो तुम; नदियावासी,—बाल, वृद्ध, युवा,— कुल-ललना-गण,— सभी शोकाकुल । बिना गौराङ्ग गुणमणिके— नदियामें अन्धकार । किंतु सखि ! नदियावासियोंको सबकी अपेक्षा अधिक दुःख है, देखकर तुम्हारी भयावह दशा, और जननीका मनोदुःख सोचकर । हुए हैं नदियाके राजा देशत्यागी, वृद्धा जननी उनकी घरमें वर्तमान है घरमें बालिका रमणी उनकी । नदियावासियोंपर सखि ! गुणमणि तुम्हारे डाल गये हैं बड़ा ही विषम भार । भूलकर गौराङ्ग-विरह-ज्वाला

एबे नदेवासी नरनारी,
गौराङ्ग-जननी ओ घरणीर शोके,
घोर शोकाकुला ।
प्रिय सखि ! पतिर आदेश तव,—
कर ताँर मातृसेवा ।
तुमि यदि काँदिबे दिवानिशि
पति-आज्ञा पालिबे केमने ?
धैर्य्य धर,—धैर्य्यवती तुमि सखि !
शोकाकुला शाशुड़ीर चेये मुखपाने;
विष्णुप्रिये !
संवर दुःख-ताप-ज्वाला,
उठ सखि ! एस बाहिरेते एस !

श्रीविष्णुप्रिया—

चल सखि !
बसे आछि बहुक्षण हेथा,
गेछि भूले,
दुखिनी मायेर कथा, एकेबारे ।
हलेम् अपराधी चरणे ताँहार,
अपराध ह'ल पति-पदे मोर;
सखि ! भाग्यक्रमे तुमि,
आसिये हेथाय,
दिले शिक्षा कर्त्तव्य मोर;
बाँधिले मोरे चिर-ऋणे तुमि,
चल सखि ! जाइ मार काछे एबे ।

(शचीमाता आङ्गिनाय शाकेर क्षेते वसिया शाक तुलिते छिलेन, ताँर निकट गमन)

श्रीविष्णुप्रिया !

वेला-अवसान प्राय,
चल, घरे चल;

इस समय नदियावासी नर-नारी
गौराङ्ग-जननी तथा गृहिणीके शोकसे
घोर शोकाकुल हैं ।
प्रिय सखि ! पतिका आदेश तव,
उनकी माताकी करो सेवा ।
तुम यदि रोओगी दिन-रात,
पति-आज्ञा पालोगी किस प्रकार ?
धैर्य धरो,—धैर्यवती तुम सखि !
शोकाकुल सासके मुखकी ओर देखकर ।
विष्णुप्रिये !
सहन करो ज्वाला दुःख-तापकी ।
उठो सखि ! आओ चलो बाहर ।

श्रीविष्णुप्रिया—

चल सखि !
बैठी हूँ बहुत कालसे यहाँ,
गयी भूल,
दुःखिनी माँकी बात सर्वथा ।
बनी अपराधिनी चरणोंके प्रति उनके,
अपराध बना पति-चरणोंके प्रति मेरा ।
सखि ! सौभाग्यसे तुमने,
आकर यहाँ,
सिखाया मुझे कर्तव्य मेरा;
बाँध लिया मुझको चिर-ऋणमें तुमने ।
चलो, सखि ! चलें माँके पास अभी ।

(शचीमाता आँगनमें शाकके खेतमें बैठकर शाक तोड़ रही थीं, उनके निकट जाना)

श्रीविष्णुप्रिया—

दिन लगभग बीत चला,
चलो, चलें घर;

असमय बसि हेथा,
तुलिछ केन मागो तुमि,
एत शाक आजि ?
सकालेर काज इहा,
हयेछे संध्या एखन;
चल, मागो, चल घरे ।

शचीमाता—

(काहाकेओ लक्ष्य ना करिया आपन मने)

शाके निमायेर अतिशय प्रीति;
बुनेछि ताइ आङ्गिनाय आमि,
नानाविध शाक;
निज हस्ते प्रतिदिन,
करेछि सेचन कत जल !
देख देखि, कि सुन्दर,
जन्मेछे क्षेते मोर शाक !
निमाइ आमार शाक भालबासे;
यत्न करे, ताइ आजि
बाछि-बाछि, तुलितेछि शाक मनमत ।
राँधिब प्रीतीर सहित;
निमाइ मोर, बड़ शाक प्रिय;
दिये ठाकुरेर भोग पाइबे प्रसाद ।
बेला ह'ल, जाइ,
बलि बऊमाके गिये—
रन्धनेर करिते उद्योग ।
आसिबार हयेछे समय निमायेर,
गङ्गास्नान ह'ते,
करि पूजा-समापन,
बलिबे एखनि आसि बाछा,

असमयमें बैठ यहाँ,
तोड़ रही किसलिये माँ तुम,
इतना शाक आज ?
प्रातःकालीन कार्य यह,
हो रही संध्या अब;
चलो, माँ, घर चलें ।

शचीमाता—

(किसीको भी लक्ष्य किये बिना ही स्वगत)

शाकसे निमाईको बड़ी प्रीति;
बोया है इसीलिये आँगनमें मैंने,
नानाविध शाक;
अपने हाथ प्रतिदिन,
सींचा है कितना जल !
देखो तो सही कितना सुन्दर
उगा है खेतमें मेरे साग !
निमाईको मेरे भाता है शाक;
यत्नसहित इसीलिये आज,
बीन-बीन तोड़ा है शाक रुचिके अनुसार ।
राँधूँगी प्रीतिसहित;
निमाई मेरा, बड़ा शाक-प्रेमी है;
लगा भोग ठाकुरको पायेगा प्रसाद ।
विलम्ब हो गया, जाती हूँ
कहती हूँ बहू माँसे जाकर—
रन्धनकी करनेको तैयारी ।
आनेका हो गया है समय निमाईके,
गङ्गास्नानसे;
कर पूजा सम्पन्न,
कहेगा लाल आकर अभी

पेयेछे बड़ क्षुधा, मागो !	लगी है बड़ी भूख, माँ !
दाओ प्रसाद मोरे ।	दो प्रसाद मुझ को ।
काञ्चना--(मने-मने)	**काञ्चना**--(स्वगत)
आहा ! पागलिनी हयेछेन	आह ! पगली हो गयी हैं
गौराङ्ग-जननी;	गौराङ्ग-जननी ।
पुत्र नाहि घरे,–	पुत्र नहीं घरमें,--
से ज्ञान नाइ ताँर,--	यह ज्ञान नहीं उनको,--
दिवा-अवसान प्राय,–	दिवसका अवसान निकट,—
सूर्य्य डुबु-डुबु,---	सूर्य अब डूबा, तब डूबा,--
भाविछेन मा जननी,---	सोचती हैं माँ जननी--
पुत्रेर ताँर स्नानेर समय एइ,---	पुत्रके उनके स्नानका समय यही,
ठाकुरेर भोगेर समय एइ,---	भगवान्के भोगका समय यही ।
शाके बड़ प्रीति जानि	शाकके प्रति बड़ी रुचि जानकर
निमाइ चाँदेर;	निमाई चाँदकी,
तुलेछेन यत्न करि, शाक राशि-राशि;	तोड़ा है यत्न सहित शाक राशि-राशि;
लक्ष्य नाइ,—ज्ञान नाइ,--	ध्यान नहीं, ज्ञान नहीं,--
दिवा कि रजनी ।	दिन है या रात ।
एकि देखि ? उजाड़ करिया क्षेत	यह क्या मैं रही देख ? खेतको उजाड़कर
तुलेछेन शाक दश-बिश झुड़ि;	तोड़ा है शाक दस-बीस टोकरी,
गृहे जेन महोत्सव-काल;	घरमें हो मानो महोत्सव कोई,
पुत्रशोके पागलिनी शचीमाता;	पगली शचीमाताने पुत्रशोकमें;
गौर-माता ह'ये गौर-हारा,	गौर-माता होकर गौर बिना,
हयेछेन एकेबारे उन्मादिनी;	हो गयी हैं उन्मादिनी सर्वथा,
ए दृश्य सहिते के पारे ?	यह दृश्य सह सकता है कौन ?
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
(श्रीविष्णुप्रियार प्रति)	(श्रीविष्णुप्रियाके प्रति)
विष्णुप्रिये ! प्रिय सखि !	विष्णुप्रिये ! प्रिय सखि !
देख देखि, कि दशा हयेछे शचीमार !	देखो, देखो, क्या दशा हुई है शचीमाकी !
भजितेछिले पतिधने तुमि,	भजती थी अपने पतिधनको तुम,
ताँर शयनकक्षे बसि,	बैठकर उनके शयनकक्षमें,

एकभावे ;
शाशुड़ी तव बसि आङ्गिनाय,
शाकेर क्षेत माझे,
अनन्यभावे भजितेछेन पुत्रधने ताँर ।
तोमरा उभयेइ, गौर-पागलिनी ;
वृद्धा जननीर भार,
सर्मापिया तव हस्ते, हइये निश्चिन्त,
गियेछेन नदे छाड़ि, तव गुणमणि ।
एखन तोमार,—
सर्व्वापेक्षा प्रधान,
ओ गुरुतर कर्त्तव्य कर्म्म,
शोकाकुला वृद्धा शाशुड़ीर सेवा
एवं पतिर आदेश-पालन ।
सखि ! तिल मात्र,
ना छाड़िबे सङ्ग ताँर ;
कि जानि, कखन कि करेन तिनि,
किछु बला नाहि जाय ।
प्राण यदि जाय ताँर,—एइ भावे,—
गुणमणि तव कि भाविबेन मने,
बल देखि, सखि ?
नदीयाय पुनरागमन—
असम्भव हबे ताँर पक्षे ।

श्रीविष्णुप्रिया—

(अनेक क्षण नीरवे क्रन्दन करिया)
प्रिय सखि काञ्चने !
उपयुक्त शिक्षा दिले आजि तुमि मोरे,
चिर-ऋणे बाँधिले आमाय ।
स्वार्थपर आमि चिरदिन,
भूलि पति-आज्ञा,
कर्त्तव्य कर्म्म करि अवहेला,

एकाग्र मनसे ;
सास तुम्हारी बैठकर आँगनमें
शाकके खेतमें,
भजती हैं अपने पुत्ररत्नको अनन्य भावसे ।
तुम दोनों ही हुई पगली गौरके निमित्त ।
वृद्धा जननीका भार,
सौंप तुम्हारे हाथोंमें, होकर निश्चिन्त,
गये हैं नदिया छोड़, गुणमणि तुम्हारे ;
इस समय तुम्हारा,
सबसे प्रधान,
तथा गुरुतर करणीय कर्म—
शोकाकुल वृद्धा सासकी सेवा है
एवं यही है पति-आज्ञाका पालन ।
सखि ! क्षण भर भी
छोड़ना मत सङ्ग उनका ;
क्या पता किस समय क्या कर डालें वे,
कुछ कहा जाता नहीं ।
प्राण यदि चले जायँ उनके, इसी प्रकार,
गुणमणि तुम्हारे मनमें क्या सोचेंगे ?
बताओ तो, सखि !
नदियामें फिर आना
असम्भव हो जायगा उनके लिये ।

श्रीविष्णुप्रिया—

(बहुत देर तक नीरव क्रन्दन करके)
प्रियसखि काञ्चने !
उपयुक्त शिक्षा दी आज मुझे तुमने,
चिर-ऋणमें बाँध लिया मुझको ।
स्वार्थपरायण मैं सदा ही,
भूल पति-आज्ञाको,
कर्त्तव्य कर्मकी कर अवहेलना,

गियेछिनु आमि पतिर भजने ।	गयी थी करने मैं पतिका भजन;
पतिर भजन चेये,	पतिके भजनसे
पतिर आज्ञा बलवान,	पतिकी आज्ञा बलवती है,
मातृसेवा ताँर सर्व्वाग्रे कर्त्तव्य,—	उनकी जननीकी सेवा सबसे प्रमुख कर्म,—
तार पर आर किछु—	उसके बाद और कुछ—
इहा तुमि शिखाइलेन मोरे सखि !	तुमने सिखाया यह मुझको सखि !
तव मुखे गुणमणि मोर	मुखसे तुम्हारे गुणमणिने ही मेरे
शिखालेन इहा मोरे ।	सिखाया यह मुझको ।
आर ना भूलिब,—आर ना काँदिब,	अब और नहीं भूलूँगी, और नहीं रोऊँगी,
करि पतिर मातृसेवा,	कर सेवा पतिकी माँकी,
पतिर आज्ञा करिया पालन,	पालनकर पतिकी आज्ञाका,
करिब तुष्ट पतिधने आमि,—	तुष्ट प्राणधनको करूँगी मैं,
तव उपदेशे,—	तुम्हारे उपदेशसे;
तुमि मोर गुरु एइ काजे ।	गुरुस्थानीया तुम मेरी इस काममें ।
(शचीमातार निकटे गिया)	(शचीमाताके निकट जाकर)
मागो ! चल गृहे,	चलो, माँ, घर,
संध्या हइल उत्तीर्ण,	संध्या व्यतीत हुई,
दिते हबे प्रदीप विष्णुगृहे ।	प्रदीप्त करना है दीप विष्णुमन्दिरमें ।
शचीमाता—	**शचीमाता—**
(अर्द्धवाह्यावस्थाय)	(अर्द्धवाह्य अवस्थामें)
ओके ? बउमा ?	अरे कौन ? बहू माँ ?
जाओ, वेला ह'ल,	जाओ,, विलम्ब हो गया,
रन्धनेर उद्योग करगो सत्वर ।	रन्धनका उद्योग करो सत्वर ।
वाछि-वाछि आज आमि,	चुन-चुनकर आज मैंने,
तुलेछि शाक भाल-भाल;	तोड़े हैं शाक, अच्छे-अच्छे;
निमाइ आमार, बड़ शाक भालवासे ।	निमाई मेरा बहुत ही शाकप्रिय है ।
करि शाकेर घंट	प्रस्तुत कर बहुमेल शाक
फूलबड़ि दिये,	फूलवड़ीके योगसे,
ठाकुरेर भोग दिब आजि;	लगाऊँगी भोग आज ठाकुरको,
प्रसाद पाइबे विश्वम्भर ।	पायेगा प्रसाद विश्वम्भर ।

जाश्रो मागो, त्वरा करि, ज्वालगे उनान् ।	जाश्रो बेटी ! शीघ्रतासे जलाश्रो चूल्हेको,
श्रामि जाइ गङ्गास्नाने ।	मैं गङ्गास्नानको जाती हूँ ।
(घड़ा लइया गमनोद्योग)	(घड़ा लेकर जानेकी तैयारी)
(श्रीविष्णुप्रिया देवी शचीमातार हात धरिया वसाइलेन)	(श्रीविष्णुप्रिया देवीने शचीमाताको हाथ पकड़कर वैठा लिया)
श्रीविष्णुप्रिया—(स्वगत)	**श्रीविष्णुप्रिया**——(स्वगत)
हा हत विधि ! हा श्रदृष्ट !	हा हत विधि ! हा श्रदृष्ट !
कुक्षणे जनम मोर हयेछिल भवे;	कुक्षणमें जन्म मेरा हुश्रा संसारमें,
ए दृश्य हइल ताइ देखिते नयने ।	यह दृश्य इसीलिये देखना पड़ा नेत्रोंसे;
सहिते ना पारि श्रार ए दुःख-यन्त्रणा;	सह नहीं पाती श्रौर यह दुःख-यन्त्रणा ।
मार कथा ह'ले मने,——	माँकी बात श्रानेपर मनमें,
भुले जाइ निज दुःख,	भूल जाती श्रपना दुःख,
श्रात्महारा हइ;	श्रात्मविस्मृत होकर;
दिवा-निशि-ज्ञान नाहि ताँर ।	रात्रि-दिनका ज्ञान नहीं रहता उन्हें ।
गृहे नाइ तिनि,——	घरमें नहीं हैं वे,
श्राज दश दिन हल,——	श्राज दस दिन हो गये,
नदे छाड़ि गुणमणि गेछेन चलिया,	नदिया छोड़ गुणमणि चले गये,——
मार मने नाइ ताहा;	माँको यह भान नहीं;
देन नाइ श्रन्न-जल मुखे,	लेतीं नहीं श्रन्न-जल मुखमें,
श्राज दश दिन ह'ते;	श्राज दस दिनसे ।
धन्य तिनि,—धन्य ताँर पुत्रस्नेह,	धन्य वे, धन्य उनका पुत्रस्नेह,
धन्य ताँर शक्ति शरीरधारणे ।	धन्य उनकी शक्ति देह-धारणकी ।
(शचीमातार चरण धरिया क्रन्दन)	(शचीमाताके चरण पकड़कर रोना)
मागो ! चेये देख देखि—	माँ ! देखो तो श्राँख खोल—
संध्या हइल उतीर्ण;	संध्या विगत हुई,
हयेछे समय विष्णुगृहे	समय हो गया है विष्णुमन्दिरमें
दीप ज्वालिबार ।	दीप जलानेका ।
घरे गिये चेये देख एक बार,	घरमें चलकर ध्यानसे देखो जरा एक बार-
रयेछे राँधा भोग प'ड़े एखनश्रो तथाय,	राँधा भोग पड़ा है श्रभीतक वहीं,
खाय नाइ केह,—ना तुमि,—ना श्रामि ।	खाया नहीं किसीने,—न तुमने, न मैंने ।

हेरि ए दशा तव,	देख यह दशा तव,
प्राण फेटे जाय मोर;--	प्राण फटे जाते हैं मेरे;
इच्छा हय पदे तव,	इच्छा होता है,--चरणोंमें तुम्हारे
राखि मोर माथा,	रखकर अपना मस्तक,
त्यजिते पराण :	प्राण-त्याग करनेकी ।
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
काञ्चना--	**काञ्चना--**
मागो ! चेये देखो एकबार,	माँ ! आँख खोलकर देखो एक बार—
अनाथिनी विष्णुप्रिया तव,	अनाथिनी विष्णुप्रिया तुम्हारी
हये भूमि-लुण्ठित	भूमिपर लोटती
पड़ि तव पदतले, काँदिछे नीरवे;	चरणोंमें तुम्हारे पड़, रो रही चुपचाप;
से तोमार निमायेर प्रियतमा,	है वह तुम्हारे निमाईकी प्रियतमा ।
कत साधेर वउमा तोमार,	कितनी आशाओंकी केन्द्र
	बहू माँने तुम्हारी
दारुण पति-विरह-ज्वाला,	पति-विरहकी दारुण ज्वालाको
करि तुच्छ ज्ञान,	तुच्छ मान,
करियाछे साध,–सेविवे तोमाके,	की है कामना, सेवा तुम्हारी करनेकी
तव पुत्रेर आदेशे ।	तव सुत आदेशसे ।
अभागिनी,—वञ्चित हयेछे से,--	अभागिनी, वञ्चिता हुई है वह
भाग्यदोषे पतिसेवा-काजे;	भाग्यदोषसे पतिसेवा-कार्यसे;
करि पतिर मातृसेवा,	पतिकी जननीकी सेवा करके
यदि से किछु सुख पाय मने,	यदि वह पाये सुख मनमें कुछ भी,
से सुखे,—मागो !	उस सुख से,—माँ !
ना कर वञ्चित तारे ।	करो न वञ्चित उसे ।
उठ मा ! संवर ए भाव;	उठो माँ ! संवरण करो यह मनोभाव;
नदीया-नागर गौराङ्गसुन्दर,	नदिया-नागर गौराङ्गसुन्दर
शीघ्र आसिवेन फिरि पुनः नदीयाय ।	शीघ्र आयेंगे पुनः लौट नदियामें ।
(शचीमातार वाह्य प्राप्ति)	(शचीमाताको वाह्यज्ञान-प्राप्ति)
शचीमाता--	**शचीमाता--**
वउमा ! लक्ष्मी मेये !	बहू माँ ! लक्ष्मी-सी सुता मेरी !

केन मागो ! भूमिते लुण्ठित तुमि;	किसलिये बेटी ! भूमिपर लोट रही तुम;
वक्षेर धन तुमि, वक्षे एस मोर ।	हृदयकी निधि तुम, आओ मेरे हृदयमें ।
(वक्षे धारण करिया)	(हृदयसे लगाकर)
निमायेर स्थान इहा,--	निमाईका स्थान यह--
बड़ प्रिय तुमि बाछा,	मेरी दुलारी ! अतिशय प्यारी है तू
मोर निमायेर;	मेरे निमाईकी;
तार स्थान, तुमि एबे कर अधिकार ।	अब करो ग्रहण तुम्हीं उसके स्थानको ।
तुमि भिन्न,	तुम्हें छोड़
नारिबे जुड़ाइते अन्य केह,	अन्य कोई शीतल कर सकेगा नहीं
पुत्र-विरहानले सदा दह्यमान	पुत्र-विरहानलसे सर्वदा दह्यमान
एइ तप्त हृदि मोर ।	मेरे इस तप्त हृद्देशको ।
(अन्य दिके चाहिया)	(दूसरी ओर देखकर)
बोमाके ल'ये वक्षे,	बहू माँको लगाकर हृदयसे
दुर्निवार पुत्र-विरह दुःख,--	दुर्निवार दुःख पुत्रके वियोगका,
निमायेर अदर्शन-ज्वाला,--	निमाईको न देखनेकी ज्वाला,
यदि हय दूर,	कदाचित हो जाय दूर,
पाइ मने यदि, किंचित् सोयास्ति—	मनको मिल जाय कहीं, थोड़ी-सी शान्ति—
देखि चेष्टा करि ।	देखती हूँ चेष्टा करके ।
विष्णुप्रिया निमायेर प्रियतमा,--	विष्णुप्रिया प्रियतमा निमाईकी,
तार भालवासा-पात्री;	उसकी प्रीति-पात्री;
ल'ये वक्षे तारे जुड़ाइ पराण ।	लगाकर हृदयसे उसे, शीतल प्राण करलूँ ।
एस, बौमा ! वक्षेर धन तुमि	आओ बहू माँ ! हृदयकी निधि तुम
वक्षे एस मोर ।	मेरे वक्षसे आ लगो ।
(वक्षे धारण, मुखचुम्बन ओ क्रन्दन)	(छातीसे लगाकर मुख चूमना और रोना)
(पट-परिवर्तन)	(पट-परिवर्तन)

तृतीय अङ्क ।

(प्रथम गर्भाङ्क)

दृश्य—नदीयार प्रशस्त राजपथ
भक्तगण-सङ्गे श्रीनित्यानन्द ।

श्रीनित्यानन्द—

शान्तिपुरे अद्वैतभवने,—
राखि नदीयार चाँदे;
ताँहारेइ आदेशे,
एसेछि आमि नदीयाय,
लइते गौराङ्ग-जननीरे
शान्तिपुरे ।
वल, वल, भक्तगण !
शचीमातार अवस्था किरूप ?

चन्द्रशेखर आचार्य्य—

कि आर बलिब श्रीपाद !
आज द्वादश दिवस गत,
जलविन्दु देन नाइ
शचीमाता मुखे;
पागलिनी मत,—
ह'ये बाह्यज्ञानशून्य आछेन बसिये,
चाहि एक दृष्टे पथपाने,—
ताँर निमाइ चाँद आसिबे बलिया ।
विष्णुप्रिया अर्द्धमृता—
ताँर प्राणरक्षा भार;
गौराङ्ग-भवने जाओया हइयाछे दाय;
पड़ेछि मोरा सबे विषम संकटे ।

दृश्य—नदियाका प्रशस्त राजपथ
भक्तगणके साथ श्रीनित्यानन्द

श्रीनित्यानन्द—

शान्तिपुरमें अद्वैताचार्यके घर
छोड़ नदिया-चाँदको,
उन्हींके आदेशसे
आया हूँ मैं नदियामें—
ले जानेके लिये गौराङ्ग-जननीको
शान्तिपुर ।
बोलो, बोलो, भक्तगण !
दशा शचीमाताकी कैसी है ?

चन्द्रशेखर आचार्य—

और क्या कहूँ, श्रीपाद !
आज बीते बारह दिन,
जलकी एक बूंद भी दी नहीं
शचीमाताने मुखमें;
पगलीकी भाँति,
बाह्यज्ञान-शून्य हुई बैठी हैं,—
पथकी ओर एकटक लगाये दृष्टि,
उनका निमाई चाँद आयेगा जानकर यह ।
विष्णुप्रिया अर्द्धमृता,—
उनकी प्राणरक्षा कठिन ।
जाना गौराङ्ग-भवनमें हुई है समस्या एक,
पड़े हैं हमलोग सभी विषम संकटमें ।

श्रीनित्यानन्द--	**श्रीनित्यानन्द--**
देखितेछि सब,--	सब कुछ रहा हूँ देख,
बुझितेछि सब,--	सब कुछ हूँ समझ रहा,—
पड़ेछे हाहाकार, नदीयार घरे-घरे,	मचा है हाहाकार नदियाके घर-घरमें;
भक्तगण जीवन्मृत सबे ।	भक्तगण जीते ही मृतक समान सभी ।
गौर-हारा ह'ये,	होकर गौराङ्ग बिना
हयेछे तारा एकेबारे दिशेहारा ।	बन गये हैं लोग वे सर्वथा विमूढ़-चित्त ।
गभीर विषादेर छाया,	छाया विषादकी गभीर
रयेछे अङ्कित जेन प्रतिमुखे;	अङ्कित है मानो मुखपर प्रत्येकके ।
म्रियमाण सबे नदेवासी नरनारी;	म्रियमाण नदियानिवासी नरनारी सब;
पशुपक्षी, वृक्षलता, सकले नीरव ।	पशु-पक्षी, वृक्ष-लता-नीरव सभी ।
गङ्गाय तरङ्ग नाइ,--	गङ्गामें तरङ्ग नहीं,
तीरे नाइ जनकोलाहल;	तटपर न जनकोलाहल,
निस्तब्ध आकाश-देश,	निस्तब्ध नभप्रदेश,
समीरणे नाहि जेन प्राण;	समीरमें प्राण ही न मानो रहा;
आश्चर्य्य परिवर्त्तन प्रकृतिर	आश्चर्यजनक परिवर्त्तन प्रकृतिमें
हेरि चारि दिके;	देखता हूँ चारों ओर ।
शचीमाता जे आछेन बाँचिया,--	शचीमाता बची हैं जीवित जो,--
से केवल कृष्ण-कृपा-बले ।	वह केवल कृष्ण-कृपा-बलसे ।
श्रीविष्णुप्रिया जे रेखेछेन प्राण,--	श्रीविष्णुप्रियाने जो धारणकर रखें हैं प्राण,
से केवल गौराङ्ग-कृपाय ।	वह केवल गौराङ्ग-कृपासे ।
जाब केमने आमि गौराङ्ग-भवने,--	जाऊँ कैसे मैं गौराङ्ग भवनमें,
पुत्रविरह-व्याकुला शचीमातार काछे,--	पुत्र-विरह-व्याकुला शचीमाताके पास,—
ताइ भावितेछि मने-मने ।	यही सोचता हूँ मन-ही-मन ।
कथा छिल ताँर सने,--	कहा था उनसे,--
निमाइचाँदे एने दिब पुनः नदीयाय;	ला दूँगा पुनः निमाई चाँदको नदियामें;
श्रीकृष्णेर इच्छा नहे ताहा।	श्रीकृष्णकी इच्छा नहीं--वैसा हो ।
गौराङ्ग-जननीके,--एबे जेते हबे	गौराङ्ग-जननीको अब जाना होगा
पुत्र-दरशने शान्तिपुर-धामे ।	पुत्र-दर्शनके लिये शान्तिपुर-धाममें; —
एइ ताँर पुत्रेर आदेश;	यही उनके पुत्रका आदेश है ।

आमि दास,—तिनि प्रभु,—	मैं दास, वे प्रभु—
ताँर आज्ञापालन हेतु,	आज्ञापालन हेतु उनके,
एसेछि पुनः नदीयाय;	आया हूँ पुनः नदियामें;
ता' ना ह'ले	अन्यथा,
गौरशून्य नवद्वीपे	गौरशून्य नदियामें
कार साध्य आने मोरे।	कौन ला सकता था मुझे।
आर एक बड़इ कठिन, निठुर	और एक बड़ा ही कठिन, निठुर
आदेशवाणी ताँर,—	उनका आदेश-वचन,
वज्रसम,—शेलसम—बाँधि बुके,	वज्रसम, सेलसम, छातीपर रखकर
एनेछि अति कष्टे;—	लाया हूँ अत्यन्त कष्टसे;
नित्यानन्देर भाग्ये छिल लेखा इहा।	यही लिखा था भाग्यमें नित्यानन्दके।
एइ वज्रसम निदारुण वाणी,—	यही वज्रसम निदारुण वाणी,
एइ कठोर आदेश प्रभुर,—	यही कठोर आदेश प्रभुका,
शुनाइते ह'बे काके ?	होगा सुनाना,—किसको ?
ताँर सर्व्वापेक्षा प्रियतम निजजने,	उनके सर्वाधिक प्रियतम निजजनको,—
गौरवक्षविलासिनी, श्रीविष्णुप्रियाके।	गौरवक्षविलासिनी, श्रीविष्णुप्रियाको !
हा हतविधि !	हा हतविधि !
एइ कि लिखेछिले तुमि भाले मोर ?	लिखा था क्या तुमने यही मेरे कपालमें ?
ना,—ता,—ह'बेना—ह'बेना—	नहीं,—वह,—होगा नहीं,—होगा नहीं,
नित्यानन्द ह'ते एइ काज;	नित्यानन्दद्वारा यह काज।
एइ दुःखेर समय,—	इस दुःखके समयमें,—
एइ विपद-समये,—	इस विपदाकी घड़ीमें,—
सेइ प्राणघाती निदारुण वाणी	वह प्राणघाती, निदारुण वाणी
शुनाइब केमने आमि,	सुनाऊँगा किस प्रकार मैं,
दुर्ज्जय पति-विरहानले दग्धा,—	दुर्निर्वार पतिविरहानल-दग्ध हुई,
बालिका वधूरे ?	बालिका वधूको ?
हा गौराङ्ग ! गौरहरि !—	हा, गौराङ्ग ! गौरहरि !
कि काज दियेछ प्रभु मोरे ?	क्या काम सौंपा है मुझे तुमने ?
तुमि स्वतन्त्र ईश्वर,—प्रभु मोर,—	तुम ईश्वर स्वतन्त्र,—प्रभु मेरे,
तोमा पक्षे सब शोभा पाय;	शोभा देता है तुमको तो सभी कुछ।

क्षुद्र जीव आमि--	क्षुद्र जीव हूँ मैं,
नहि योग्य तव दासानुदास ह'ते;	नहीं योग्य बननेके दासानुदास तव ।
चरणेर भृत्येर उपर,--	चरणोंके भृत्यपर,--
पदानत दासेर उपर,--	पदावनत सेवकपर,--
केन प्रभु, कर	किसलिये करते हो प्रभु !
तुमि एत अत्याचार ?	तुम अत्याचार इतना ?
कि विषम संकटे तुमि,	कैसे विषम संकटमें तुमने,
फेलेछ आमारे प्रभु—	दिया है डाल प्रभु मुझको—
भेवे देख देखि !	देखो तो मनमें विचार जरा !
उभय संकट मोर,	दोनों ओर संकट मुझे,
जाइ कोन दिके ? ना पाइ भाविया ।	जाऊँ किस ओर ? नहीं सोच पाता हूँ।
(किछु क्षण नीरवे चिन्ता)	(कुछ देर नीरव रहकर सोचना)
बुझिलाम, सार कथा—	समझ गया, सार बात,—
आज्ञा बलवान तव,	आज्ञा बलवान तुम्हारी
सर्व्वापेक्षा	सबसे अधिक ।
पालिब आज्ञा तव सर्व्वभावे आमि,--	पालूँगा आज्ञा तुम्हारी मैं सब विधिसे,
जा थाके कपाले मोर ।	जो कुछ भी भाग्यमें हो मेरे ।
(भक्तगणेर प्रति)	(भक्तोंसे)
शुन सब भक्तगण ! प्रभुर आदेश,--	सुनो सब भक्तगण ! आदेश प्रभुका,--
शान्तिपुरे अद्वैतभवने--	शान्तिपुरमें अद्वैताचार्यके घर
रयेछे ताँर अधिष्ठान;	ठहरे हुए हैं वे;
ल'ये शचीमाके भक्तगण साथे	लेकर शचीमाताको साथ भक्तगणके
जेते हबे मोरे आजइ सेथाय ।	जाना होगा मुझे वहाँ आज ही ।
नदेवासी बाल-वृद्ध-	नदियानिवासी बाल-वृद्ध-
युवा, नारी,---	युवा नर-नारीको,
शान्तिपुरे जेते,--प्रभु दरशने;	शान्तिपुर जानेमें,--प्रभुके दर्शन निमित्त,
कारओ बाधा नाइ;	किसीको बाधा नहीं,--
केवल एक जन छाड़ा,--	छोड़कर, बस, एक ही व्यक्तिको,--
एक मात्र विष्णुप्रिया छाड़ा;	छोड़कर एकमात्र विष्णुप्रियाको ।
कि निदारुण प्राणघाती वाणी !	कितनी निदारुण प्राणघाती वाणी,

कि कठोर आदेश !	कैसी कठोर आज्ञा,
शुनाइते हबे इहा ताँर बालिका वधूरे;	होगी सुनानी यह, नन्ही-सी वधको उनकी।
बल, बल, भक्तगण !	बोलो, बोलो, भक्तगण !
एइ गुरुभार मोर,	मेरा गुरु भार यह,
केह कि तोमरा पारिबे लइते ?	कोई क्या ले सकेगा तुममेंसे ?
श्रीवासपण्डित-प्रमुख भक्तगण—	**श्रीवासपण्डित-प्रमुख भक्तगण—**
(शिरे हाथ दिया काँदिते-काँदिते)	(सिरपर हाथ रख रोते-रोते)
श्रीपाद ! प्राण गेलेओ ए काज	श्रीपाद ! प्राण चले जानेपर भी यह काम,
करिते नारिब मोरा केह।	कर नहीं पायेगा कोई भी हममेंसे।
वज्रपात हउक शिरोपरे,	वज्रपात भले हो माथेपर,
कालानले पुड़ि देह,	कालानलमें दग्ध हो देह यह,
होक छारखार;	बने भले भस्मनिचय;
मुख ह'ते आमादेर,	मुखसे हमारे किंतु
हेन वाक्य ना हबे बाहिर।	ऐसी बात बाहर न निकलेगी।
श्रीपाद नित्यानन्द !	श्रीपाद नित्यानन्द !
तुमि ओ गौराङ्ग,—	तुम और गौराङ्ग,
एक वस्तु, भिन्न काया;	दो देह, एक तत्त्व;
तुमि ओ स्वेच्छामय, स्वतन्त्र पुरुष।	तुम भी हो स्वेच्छामय, स्वतन्त्र पुरुष।
उपयुक्त पात्र बुझि प्रभु,	जानकर प्रभुने उपयुक्त पात्र,
दियेछेन एइ गुरु भार तोमार उपर।	दिया है ऊपर तुम्हारे यह गुरुभार।
शुनि निदारुण कठोर आदेश प्रभुर,—	सुनकर निदारुण कठोर आदेश प्रभुका
काँपिछे विषम तरासे देह-प्राण।	भयसे विषम कम्पित हो रहे हैं देह-प्राण।
कि जानि कि हबे	क्या जाने क्या होगा
आजि शची-आङ्गिनाय,	आज शचीके आँगनमें,
शुनिबेन जबे इहा विष्णुप्रिया	सुनेंगी जब इसे श्रीविष्णुप्रिया
आर गौराङ्ग जननी !	और गौराङ्ग-जननी !
श्रीनित्यानन्द—	**श्रीनित्यानन्द—**
भक्तगण ! जानि आमि,	भक्तगण ! जानता हूँ मैं,
तुमि सबे नाहि ल'वे मोर दुःखभार,—	तुमलोग लोगे नहीं दुःख-भार मेरा;

दुःख नाहि ताते मोर,—
बेंधेछि पाषाणे बुक आमि—
प्रभु-आज्ञा करिते पालन ।
अकर्त्तव्य यदिओ एइ काज,
तबुओ करिते हबे,
जेहेतु प्रभुर आज्ञा बलवान ।
आर विचारेर नाहि प्रयोजन;
चल, सबे मिले जाइ,
एबे गौराङ्गभवने ।
(भक्तगण सह श्रीगौराङ्ग-
भवने गमन)

श्रीनित्यानन्द—
(द्वारदेशे शचीमाताके देखिया)
मागो ! एसेछि आमि,
ल'ये तव पुत्रेर संधान,
शान्तिपुरे अद्वैतभवने—
एसेछि राखिया तव पुत्रधने ।
मागो ! पुत्रेर आदेश तव,
जेते हबे शान्तिपुरे तोमा
पुत्र-दरशने ।

दुःख नहीं इससे मुझे,
बाँध लिया छातीपर पत्थर है मैंने—
प्रभु-आज्ञा-पालन करनेके लिये ।
अकरणीय यद्यपि यह कार्य,
तब भी करना होगा;
कारण, बलीयसी प्रभुकी आज्ञा ।
अब और सोचनेका कोई प्रयोजन नहीं;
चलो, सब मिलकर चलें
अब गौराङ्ग-गृहमें ।
(भक्तगणके साथ श्रीगौराङ्ग-
भवनको जाना)

श्रीनित्यानन्द—
(द्वारपर शचीमाताको देखकर)
माँ ! आया हूँ मैं,
लेकर तव पुत्रकी खोज-खबर;
शान्तिपुरमें घरमें अद्वैतके
आया हूँ रखकर तुम्हारे पुत्र-धनको ।
माँ ! आदेश तव पुत्रका—
होगा तुम्हें शान्तिपुर जाना
पुत्रदर्शनके लिये ।

गीत

एनेछि शान्तिपुरे निमाइ ध'रे,
(मागो !) तुमि चल त्वरा करे ॥
(तोमार) निमाइ बलेछे मोरे,
नियै एस जननीरे;
आर जत नदेवासी सङ्गे करे ।
(मागो !) तुमि चल शान्तिपुरे ॥

चलो शान्तिपुर, मैं लाया हूँ
गौरचन्द्रको वहाँ पकड़कर ;
चल मैया, तू चल री, सत्वर ॥
लाया यह आदेश
निमाईका तव, सिर धर—
ले आओ मैयाको सादर ॥
सङ्ग लिये जितने
नदियावासी नारी - नर ।
चल री ! जननि ! शान्तिपुर-पथ-पर ॥

शचीमाता—

निमायेर आमार,
मधुमाखा नाम,
कार मुखे शुनि आजि ?
एजे नितायेर स्वर,--
चिर-परिचित मोर !
बाप् रे ! निताइ रे !
निमाइ कोथाय मोर ?
कोथा रेखे एलि तारे बाप्धन ?
स्वर शुनि चिनिलाम तोरे ।
'मा' बले निमाइ आमार
कइ डाकिल ना त मोरे
मधु भाषे ?
तबे कि से आसे नाइ ?
निताइ रे ! बाप् रे !
तारे तुइ कोथा रेखे एलि ?
शीघ्र एने दे बाछारे आमार,
कोले करि पराण जुड़ाइ ।
शून्य करि मोर गृह,
चले गेछे बाप्धन मोर--
आजि बार दिन ह'ल ।
एक-एक दण्ड क'रे,
कत प्रहर गेल,--
दिन गेल कत !
आशा पथ तार,--
एक दृष्टे चेये आछि आमि,--
एइ दुयारे बसिये;
कइ ? कोथा मोर हाराधन,
जीवनेर जीवन सोनार निमाइ चाँद ?
निताइ ! निताइ ! कइ तुइ ?

शचीमाता—

मेरे निमाईका,
मधु-मिश्रित नाम,
मुखसे मैं किसके आज सुन रही ?
यह तो निताईका स्वर है--
चिर-परिचित मेरा !
वत्स रे ! निताई रे !
कहाँ निमाई मेरा ?
कहाँ उसे छोड़कर आये, प्रिय वत्स ! तुम ?
स्वर सुनकर पहचाना तुमको ।
'माँ' कहकर मेरे निमाईने,
कहाँ ! पुकारा तो नहीं मुझको—
मधुमिश्रित स्वरसे ?
तब क्या वह आया नहीं ?
वत्स रे ! निताई रे !
उसको तुम कहाँ छोड़ आये ?
शीघ्र ला दो लालको मेरे,
लेकर गोदीमें शीतल करूँ प्राण ।
सूनाकर मेरा घर,
चला गया प्रिय लाल मेरा—
हुये आज बारह दिन ।
एक-एक घड़ी करके,
बीत गये कितने प्रहर,--
गये बीत दिन कितने !
आशामें पथ उसका,
एकटक बिछाये आँख देखती मैं,--
बैठी हुई बस, इसी द्वारपर ।
कहाँ ? कहाँ है मेरा खोया धन,
जीवनका जीवन, सोनेका निमाई चाँद ?
निताई ! निताई ! कहाँ तू ?

कोथा तुइ ?	कहाँ तू ?
कोथा मोर प्राणेर निमाइ ?	कहाँ निमाई मेरे प्राणोंका अवलम्ब ?
(गलदेश जड़ाइया धरिया क्रन्दन)	(गलेसे लिपटकर रोना)
शचीमाता— (काँदिते-काँदिते)	**शचीमाता**—(रोते-रोते)
तुइ निताइ !	अरे निताई !
आमार निमाइ कोथाय बाप् ?	मेरा निमाई कहाँ है वत्स ?
तारे तुइ कोथा रेखे एलि ?	उसे तुम कहाँ छोड़ आये हो ?
बुक जे फेटे गेल मोर	छाती तो फट गयी मेरी
तार अदर्शने ।	उसे बिना देखे ।
निमाइ रे ! बाप् रे !	निमाई रे ! लाल रे !
एकबार देखा दियेजा बाप् विश्वम्भर !	एकबार दरस दिखा जा, बेटा विश्वम्भर !
श्रीनित्यानन्द—	**श्रीनित्यानन्द**—
मागो !	माँ !
आछेन शान्तिपुरे अद्वैतभवने	हैं शान्तिपुरमें अद्वैतके घर
पुत्रवर तव;	पुत्ररत्न तव;
एसेछि आमि हेथा, ताँहार आदेशे,	आया हूँ यहाँ मैं उनके आदेशसे,
लइते तोमारे तथाय ।	ले जानेको तुम्हें वहाँ ।
चल, मागो ! चल; शीघ्रकरि चल,	चलो माँ ! चलो, शीघ्रतासे चलो,
पुत्रदरशने तव;	दर्शन करने निज पुत्रका;
उठ मागो उठ,	उठो ! उठो !
बड़ क्षुधा पेयेछे आमार,	बड़ी भूख लगी है मुझको,
मागो ! करगे रन्धन;	माँ ! रन्धन करो;
प्रसाद पाइब आमि ।	पाऊँगा प्रसाद मैं ।
अभुक्त अतिथि तव गृहे आजि ।	भूखा अतिथि आज घरमें तुम्हारे है ।
शचीमाता—	**शचीमाता**—
निताइ रे ! बाप् रे ! कि बलिलि ?	निताई रे ! वत्स रे ! क्या कहा ?
शान्तिपुरे एसेछे निमाइ मोर ?	शान्तिपुर आया है निमाई मेरा ?
आमाके जेते हबे सेथा ?	जाना होगा मुझे वहाँ ?

केन ? कि दोषे दोषी
नदेवासी तार काछे बाप् !

श्रीनित्यानन्द—
मागो ! किछु नाहि जानि आमि;
दिबेन उत्तर इहार पुत्र तव,
जबे तुमि जाबे शान्तिपुरे ।
आमि दास,—तिनि प्रभु,--
हयेछे आदेश ताँर,
ल'ये जेते शान्तिपुरे तोमा--
नदेवासी बहुलोक
गौरदरशने जावे तोमा सङ्गे ।
जाओ, मागो ! शीघ्र करि,
करह रन्धन,–ठाकुर-भोगेर तरे
पेयेछि क्षुधा बड़ मोर ।

शचीमाता—
(अन्य दिके चाहिया निजमने)
श्रीपाद नित्यानन्द,
अतिथि मोर गृहे आजि,
क्षुधित तिनि,—
जाइ,--अतिथिर सेवा आगे करि गिये ।
निमाइ गृहे थाकिले आजि
कत समादरे,
तुषित से नित्यानन्दे ।
बड़ भाग्य मोर,
श्रीपाद नित्यानन्द भिक्षा याचे मोर गृहे ।
(धीरे-धीरे उठिया गृहाभिमुखे प्रस्थान)

श्रीनित्यानन्द—(स्वगत)
आज बार दिन हल,--
देन नाइ जलबिन्दु मुखे,

क्यों ? किस अपराधसे अपराधी बने हैं
नदिया-निवासी उसके निकट तात !

श्रीनित्यानन्द—
माँ ! कुछ भी नहीं जानता मैं;
देंगे इस बातका उत्तर तुम्हारे पुत्र ही,
जाओगी शान्तिपुर जब तुम ।
मैं दास,--वे प्रभु,--
हुआ है आदेश उनका
ले जानेका शान्तिपुर तुम्हें;
नदियानिवासी बहुत लोग
गौरदर्शनके लिये जायँगे तुम्हारे साथ ।
जाओ शीघ्रतासे, माँ !
करो रसोई भगवान्‌के भोग-हेतु
मुझे लगी है भूख बहुत ।

शचीमाता--
(अन्य दिशाकी ओर देखकर स्वगत)
श्रीपाद नित्यानन्द
अतिथि आज मेरे घरमें,
भूखे वे,—
चलूँ, जाकर अतिथि-सेवाकार्य पहिले करूँ ।
निमाई घरपर यदि होता आज,
कितने समादरसे
वह परितुष्ट करता नित्यानन्दको ।
अहोभाग्य मेरा,
श्रीपाद नित्यानन्द माँग रहे भिक्षा घर मेरे ।
(धीरे-धीरे उठकर घरकी ओर जाना)

श्रीनित्यानन्द--(स्वगत)
आज हुए बारह दिन
लिया नहीं जलकण भी मुखमें

गौराङ्गजननी,—
खाओयाइते हबे ताँके सर्व्वाग्रे,—
तबे अन्य काज मोर ।
श्रीविष्णुप्रिया देवी—
शुनितेछि आछेन मृतवत् पड़े धरासने
सेइ दिन हते,
ताँर जीवन संकट ।
ताँर उपर प्रभुर प्राणघाती
निदारुण वाणी
शुनाइते हबे ताँके;
जानि ना ताँर कि आछे कपाले ?
हबे आमा हते एइ अपकार्य्य;
गौराङ्गेर इच्छा इहा,—
इच्छामय तिनि,—
इच्छा ताँर हइबे पूरण ।
आमि नट,—तिनि सूत्रधार,
एइ भावे नाचाइया मोरे
यदि ताँर हय सुख मने,
जाइ शीघ्र करि जाइ,—–	जाऊँ शीघ्रतासे जाऊँ,—–
दिइ गिये ए शुभसंवाद बौमारे आगे;	जाकर कहूँ यह शुभ संवाद बहूरानीको
आहा ! दुःखेर समुद्र माझे,	आह ! दुःखके समुद्र मध्य,—–
अगाध अकूल,—–	अगाध, अकूल—–
भासितेछे अभागिनी विष्णुप्रिया ।	वही जा रही है विष्णुप्रिया अभागिनी ।
जगतेर दुःखराशि जत,	जगत्‌की दुःखराशि जितनी,
करे एकत्रित यदि केह,—–	करे एकत्रित यदि कोई,
दुःखिनी विष्णुप्रियार दुखराशि सने,	दुखिया विष्णुप्रियाकी दुःखराशिके साथ
ना हय तुलना ।	तुलना नहीं हो सकती ।
पञ्चवर्ष पूर्व्वे,	पाँच वर्ष पहले,

दिये विदाय निमाइचाँदेरे,	कर विदा निमाई चाँदको,
शान्तिपुर ह'ते	शान्तिपुरसे
जबे फिरिलाम गृहे एकाकिनी,	जब घर लौटी थी अकेली
सेइ ह'ते कथा नाइ मुखे तार––	तभीसे बात नहीं मुखसे निकलती उसके।
बाछा ! मुख बुंजे प्राणपने	बच्ची ! मुख सीये हुए प्राणपणसे
करे सेवा मोर रात्रिदिन,––	करती है सेवा दिनरात मेरी,
ह'ले चोखाचोखि, करे नत आँखि,––	देखा-देखी होनेपर आँखें झुका लेती है;
नयनेर जले	नयनोंके जलसे
बाछार बुक भेसे जाय।	लालीकी छाती भीग जाती है।
वले ना से मुखे किछु,––	कुछ नहीं बोलती है मुखसे वह,
किंतु धरे वक्षे दुःखेर वारिधि,––	रखती है वक्षःस्थलमें किंतु जलधि दुःखका,
हृदे धरे अग्निर पञ्जर।	रखती है हृदय बीच अग्नि-पञ्जर।
विषादेर एक भीषण छाया,	विषादकी भीषण छाया एक
पड़ेछे तार चाँद बदन उपर,––	रहती है उसके मयङ्क-मुखपर,
सोनार वरण तार ह'ये गेछे काल !	सोने-सा वर्ण उसका हो गया है काला।
बाछार मुख देखे,	बच्चीका मुख देख,
प्राण फेटे जाय मोर।	प्राण फटे जाते मेरे,
कि करिव आमि ?	करूँ क्या मैं ?
विधातार निर्व्वन्ध इहा—	विधिका विधान यही।
दया करि श्रीवासपण्डित,	श्रीवास पण्डितने दया करके
दिलेन जे सुसंवाद आजि मोरे—	दिया जो सुसंवाद आज मुझे,
जाइ,––वलि गिये तारे;	जाऊँ,––जाकर कहूँ उसको;
देखि,––पारि यदि दिते तारे	देखूँ,––सकूँ यदि दे उसे
कथंचित् प्रवोध,––एइ सुसंवाददाने।	किंचित् प्रबोध-देकर सुसंवाद यह।
(श्रीवासादि भक्तगणेर प्रस्थान)	(श्रीवासादि भक्तगणोंका प्रस्थान)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
(श्रीविष्णुप्रियार प्रति)	(श्रीविष्णुप्रियाके प्रति)
बौमा ! लक्ष्मी मेये तुमि,	बहूरानी ! लक्ष्मीसी बेटी तुम !
केन देखि दिवानिशि	देखती हूँ किस लिये अहर्निश,
भूमिते शयान तोमा;	पृथ्वीपर पड़ी तुम्हें ?

हयेछे जीर्ण-शीर्ण देह-यष्टि तव,	हो रही है जीर्ण-शीर्ण देह-यष्टि तेरी,
चेना नाहि जाय तोमा,——	पहचानी नहीं जाती हो तुम,——
ननीर पुतलि मोर गले गेछे जेन ।	नवनीत-पुतली मेरी मानो गली जाती है ।
पञ्चवर्ष-व्यापी चिन्ताज्वरे,	पञ्चवर्ष-व्यापी चिन्ताज्वरसे
जर्ज्जरित देह तव;	जर्जरित देह तव;
जानि आमि,——ज्वलितेछे कालानल	जानती हूँ मैं, धधक रहा कालानल
अहरहः हृदिमाझे तव ।	दिनरात हृदय मध्य तेरे ।
उदरे ते नाइ अन्न,	उदरमें अन्न नहीं,
चोखे नाइ निद्रा दिवाराति;	आँखोंमें नींद नहीं दिनरात;
बौमा ! एइ भावे	बहूरानी ! इस प्रकार
कर यदि देहपात तुमि,	करोगी शरीरपात यदि तुम,
गङ्गाय मरिब डूबि आमि,	गङ्गामें डूबकर मरूँगी मैं,
ह'ब आत्मघाती,	बनूँगी आत्मघातिनी,
पापेर भार लागिबे तोमार ।	पापका चढ़ेगा भार तुमपर ।
कर यदि प्राणपात तुमि,	करोगी प्राण-त्याग यदि तुम,
निमाइचाँद फिरे यदि आसे नदीयाय,	निमाईचाँद लौट यदि आयेगा नदियामें,
देखा नाहि हबे तार सने,——	तुमसे नहीं होगी भेंट,
से दुःख पाबे मने,	दुःख होगा उसके मनमें,
गृहे ना तिष्टिबे एक दिन ।	घरमें नहीं ठहरेगा एक दिन,
सब आशा जाबे दूरे मोर ।	सब आशा दूर मेरी होगी ।
बुद्धिमति तुमि,	बुद्धिमती तुम हो,
करि विवेचना धीरभावे,—धैर्य्य धर,	सोच-समझकर, धीर बन, धैर्य धरो ।
वृद्धा आमि,—ज्वरा जीर्ण देह यष्टि मोर;	वृद्धा मैं,——जरा-जीर्ण देह-यष्टि मेरी;
दुइ पुत्र मोर ह'ल गृहत्यागी ।	दोनों पुत्र मेरे हो गये गृहत्यागी ।
जनम-दुःखिनी आमि,	जन्मदुःखिनी मैं,
मुख चेये मोर धैर्य्य धर तुमि,	मुख मेरा देखकर धैर्य धरो तुम;
पालह तव पतिर आदेश ।	पालो आदेश निज पतिका ।
नीलाचल ह'ते पण्डित श्रीवास	नीलाचलसे पण्डित श्रीवास
एनेछेन सुसम्वाद एक,	लाये हैं सुसंवाद एक,——
आसिबे नवद्वीपे निमाइ मोर	आयेगा नवद्वीपमें निमाई मेरा

गङ्गा-दरशने ।	गङ्गा-दर्शन करने ।
करेछे यात्रा निलाचल ह'ते निमाइचाँद—	प्रस्थान कर चुका है नीलाचलसे निमाईचाँद
एसेछे संवाद;	आया है संवाद यह;
पण्डित मिथ्या नाहि कहे ।	पण्डित नहीं कहते असत्य हैं ।
उठ, उठ, बौमा; आमार, रोदन संवर ।	उठो, उठो, बहूमाँ मेरी; करो रोना बंद।
श्रीविष्णुप्रिया--	**श्रीविष्णुप्रिया—**
मागो ! पुनः तिनि,	मैया ! पुनः वे
आसिबेन गृहे फिरि--	आयेंगे लौट घर--
इहा मोर ना हय विश्वास ।	इसपर मुझे होता विश्वास नहीं ।
तबे,—तुमि वृद्धा जननी ताँर,	तब भी,--वृद्धा जननी तुम उनकी,
एक बार देखा दिते तोमा,	एकबार मिलने तुमसे,
आसितेओ पारेन तिनि नदीयाय,	आ भी सकते हैं वे नदिया;
किंतु मागो ! काल सापिनी आमि,	किंतु माँ ! काल-सर्पिणी मैं
गृहे आछि ताँर--	घरमें उनके हूँ--
संन्यासी तिनि,—विषम अन्तराय	संन्यासी वे हैं,--विषम अन्तराय
ताँर पक्षे इहा,—	उनके लिये यह है
गृह आगमने ।	घर आनेमें ।
आमि यदि ना रहिताम हेथा,	मैं यदि नहीं होती यहाँ,
आसितेन गृहे तिनि—	आते घर वे--
ए मोर विश्वास ।	है यह मेरा विश्वास ।
बादी तव पुत्रसुखे एइ अभागिनी,	विरोधिनी अभागिन यह, तव पुत्र-सुखकी
तव सुखेओ बादी आमि,	विरोधिनी सुखकी तुम्हारे भी मैं;
धिक ए जीवने,	धिक्कार इस जीवनको,
धिक मोर नारी-जनमे;	धिक्कार मेरे नारी-देह-धारणको ।
एसे शान्तिपुरे तिनि,	शान्तिपुर आकर उन्होंने
डाकिलेन तोमा सबे,	बुलाया तुम सबको,
डाकिलेन नदेवासी नर-नारीगणे,	बुलाया नवद्वीपवासी नर-नारी-गणको,
दरशन दिते ।	दर्शन देनेके लिये ।
पाठाइलेन कठोर आदेश-वाणी	भेजी कठोर आदेश-वाणी

श्रीपाद नित्यानन्दे दिये,	श्रीपाद नित्यानन्द द्वारा,
अभागिनी एक विष्णुप्रिया छाड़ा	अभागिनी एक विष्णुप्रियाको छोड़,
सबे जाबे शान्तिपुरे ।	जायेंगे शान्तिपुर सभी ।
मागो ? ना ह'ताम यदि आमि	माँ ! नहीं होती यदि मैं
पुत्रवधू तव,—	पुत्रवधू तुम्हारी,
पाइताम दरशन ताँर रातुल चरण ।	प्राप्त करती दर्शन उनके अरुण चरणोंके ।
विष्णुप्रिया जत दिन	विष्णुप्रिया जितने दिन
रबे एइ भवे,—	रहेगी इस जगतीमें,—
जत दिन देह तार भस्मे ना मिशाबे,	जबतक देह उसकी मिलेगी न राखमें
गुणमणि पुत्र तव,	गुणमणि पुत्र तव
दरशन नाहि दिबे तारे ।	दर्शन नहीं देंगे उसको ।
मागो ! बड़ दुखे आजि	माँ ! बड़े दुःखमें आज
बाहिरल एइ सब मर्म्मान्तिक कथा,	निकली है यह सब बात मर्मान्तक,
मोर मुख ह'ते ।	मुखसे मेरे ।
पाबे व्यथा मने तुमि,	पाओगी व्यथा तुम मनमें,
ताहा आमि जानि ।	जानती हूँ यह मैं ।
किंतु मागो ! आर जे राखिते नारि,	किंतु माँ ! और रख पाती नहीं
मनागुन चापिया-चापिया हृदय भितरे;	मनोज्वाला दबाकर हृदयमें;
ज्वले तुँषेर आगुन मोर अन्तरेर माझे ।	जलता तुषानल है मेरे अन्तस्तलमें ।
देखाबार यदि हत,—	होता यदि दिखाने योग्य,
मागो ! देखाये दिताम तोमाय	माँ देती दिखा तुम्हें
चिरि ऐ हृदय;	चीर इस हृदयको;
तखन देखिते तुमि,	उस समय देखती तुम—
ज्वलितेछे कि भीषण कालानल,	जल रहा है कैसा भयानक कालानल
निशिदिन बुकेर माझारे मोर ।	निशिदिन वक्षःस्थलके बीच मेरे ।
मागो ! क्षमा कर मोरे	माँ क्षमा करो मुझे,
दुख यदि दिये थाकि मनकथा ब'ले ।	दुःख यदि दिया है मनकी बात कहकर ।
पागलिनी आमि,—अबोधिनी आमि,	पगली मैं हूँ, मैं अबोधिनी,
गुरुजन तुमि,	गुरुजन तुम,
धरि पदे, क्षमा कर मोरे ।	चरण पकड़ती हूँ, करो क्षमा मुझे ।

गीत

नाथ हे !	नाथ हे !
दयार सागर केन बले तोमारे।	कहते हैं किस लिये तुम्हें करुणाका सागर ?
कि दया देखाले नाथ ! बल आमारे ॥	दया कौन-सी नाथ ! दिखायी तुमने मुझपर ?
वञ्चित दरशने,	वञ्चित दर्शनसे अपनी इस,
करिले दासीरे केने,	किया अनुचरीको कारण किस ?
कि पापे एमन ताप दिले दासीरे ॥	दिया पापसे किस मुझमें ऐसी ज्वाला भर ?
शान्तिपुरे एसे नाथ, सबे डाकिले।	नाथ ! शान्तिपुर आ सबको स्वयमेव बुलाया।
नदेवासी सबे गेल आमारे फेले ॥	नदियावासी सब समाज तज मुझको धाया।
दुखिनी पापिनी ब'ले,	कर मुझे दुखी-पापी घोषित,
नित्यानन्दे निषेधिले,	कर दिया निताईको वर्जित,
ल'ये जेते अधिनीरे चरणतले।	ले आनेको मुझे जहाँ चरणोंकी छाया ॥
उच्चपद दिये तुमि, नीचे फेलिले ॥	ऊँचा पद देकर नीचे फिर मुझे उतारा।
कि करि जीवन धरि,	धारूँ जीवन कैसे, क्या कर ?
ए कथा वा कारे वलि,	कहूँ बात यह किसको जाकर ?
कि दोषे दासीरे तुमि पदे ठेलिले।	किस त्रुटिसे दासीको ठुकरा कसे किनारा ?
ए दुख जीवने मोर जावे ना म'ले ॥	मरकर भी न मिलेगा दुःखसे इस छुटकारा ॥

शचीमाता—	**शचीमाता—**
बौमा ! बौमा ! मा लक्ष्मी आमार !	बहूरानी ! बहूरानी! लक्ष्मी बेटी मेरी !
आवार ज्वलिल,—द्विगुण ज्वलिल,—	फिरसे धधक उठा,—द्विगुणित हो उठा,
पुत्रविरहानल,—शुनि तव मुखे,	पुत्र-विरहानल सुन तव मुखसे,
विलापेर करुण आर्त्तनाद ।	विलापका करुण आर्तनाद ।
दिले घृताहुति तुमि,	दी घृताहुति तुमने,

मन्दीभूत अनल-शिखाय;	मन्द हुई अनलशिखामें ।
नदीयाय निमाइचाँद आसिबे आबार,	नदियामें निमाई चाँद आयेंगे फिर--
एइ सुसम्वादे,--कथंचित् उपशम,	इस सुसंवादसे--उपशम किंचित्
ह'येछिल हृदय-ज्वलन मोर ।	हुई थी हृदय-ज्वाला मेरी ।
पुनः उठिल ज्वलिया,–दाउ दाउ क'रे,	फिर उठा ज्वलित हो,–कर रहा धू-धू,
पुत्र-विरहानल हृदयेर अन्तःस्तले ।	पुत्र-विरहानल हृदयके भीतर ।
गेल सब आशा,	दूर हुई आशा सब,
मिथ्या मने ह'ल श्रीवासेर कथा ।	मनमें असत्य लगती बात श्रीवासकी;
बुझितेछि,--प्रबोधेर तरे	जान पड़ता है,--सान्त्वनाके लिये
करि युक्ति भक्तगणे मिलि,	युक्तिपूर्वक भक्तोंने मिलकर
दियेछे ए सम्वाद मोरे ।	दिया है संवाद मुझको यह ।
एत दिन तुमि,	इतने दिन तुमने,
बुकेर आगुन धरेछिले बुके,	छातीकी ज्वालाको रखा था छातीमें;
छिले मुख बुजे;	मुख बंद किये थी ।
एबे सेइ बुकेर वेदन तव--	इस समय अपनी उस छातीकी वेदनाको,–
ज्वलंत अङ्गार,--ढालिले	जलते हुए अङ्गारको,--दिया है उंड़ेल
वृद्धा शाशुड़िर बुके ।	छातीमें वृद्धा सासके ।
उः उः ज्वले-पुड़े मरि आमि,--	ओः ओः जल-भुनकर मर रही मैं,
अस्थि-चर्म्म सब पुड़े,	अस्थि-चर्म रहे भुन सब,
मज्जार भितरे पशिल सेइ	मज्जाके भीतर प्रवेश कर गया है वही
भीम कालानल ।	कालानल भीषण ।
तबु प्राण नाहि बाहिराय;	तब भी प्राण बाहर निकलते नहीं;
बाप्‌रे ! निमाइ रे ! विश्वम्भर !	लाल रे ! निमाई रे ! विश्वम्भर !
(बुक चापड़ाइते-चापड़ाइते)	(छाती पीटते-पीटते)
कोथाय आछिस् तुइ,	कहाँ है तू ?
एकबार एसे देखे जारे बाप्;	एकबार आकर देख जा रे लाल !
कि दशा हयेछे मायेर तोर,	क्या दशा हुई है तेरी माँकी;
लोके बले,–मातृभक्त-शिरोमणि तुइ,	लोग कहते हैं,–मातृभक्त-शिरोमणि तू,
कि भक्ति देखालि तुइ बाप् !	कैसी भक्ति तूने दिखायी लाल !
वृद्धा जननीर प्रति;	वृद्धा जननीके प्रति;

निमाइ रे ! बाप्‌रे !
एक बार देखा दिये,
बले जा' आमारे बाप्‌धन !
(काँदिते-काँदिते आङ्गिनाय पतन, श्रीविष्णुप्रिया देवीर सङ्गे-सङ्गे पतन, उभयेर मूर्च्छा)
(मालिनी देवी ओ काञ्चना प्रभृतिर प्रवेश)

मालिनी—

ए कि ? ए कि ? शाशुड़ी बौये
क'रे जड़ाजड़ि,
लुण्ठित धूलाय आङ्गिनाय ।
देखि कारओ नाइ बाह्यज्ञान,
सर्व्वजया ! काञ्चने !
जल आन शीघ्र करि,
अमिते ! पाखा निये आय !
(उभयेर मुखे जलेर छिटादान ओ व्यजन)
हाय ! हाय ! केह नाहि छिल हेथा,
दुइजने बसि एका,
कि जानि,—कि भावे,—
किवा कथा ल'ये,
कि हइल,—किछु नाहि बुझि
एइरूपे कोन दिन,
कि हबे सर्व्वनाश ।
काञ्चने ! तुइ छिलि कोथा ?
अमिते ! तुइ वा छिलि कोथा ?
आज ह'ते, आमि आर,
जाव ना गृहे ते ;—
आमार सब एक दिके,—

निमाई रे ! लाल रे !
एक बार आँखोंके आगे आ
बोल जाओ मुझसे, दुलारे लाल !
(रोते-रोते आँगनमें गिर पड़ना, साथ-साथ श्रीविष्णुप्रियादेवीका भी गिरना, दोनोंका मूर्च्छित होना।)
(मालिनीदेवी और काञ्चना प्रभृतिका प्रवेश)

मालिनी—

यह क्या ? यह क्या ? सास-बहू
परस्पर चिपटकर
लोटी हैं धूलमें आँगनमें ।
देखती हूँ बाह्य-ज्ञान किसीको भी नहीं ।
सर्वजये ! काञ्चने !
जल लाओ शीघ्रतासे,
अमिते ! पंखा लेकर आ ।
(दोनोंके मुखपर जलके छींटे देना और पंखेसे हवा करना।)
हाय ! हाय ! कोई नहीं यहाँ था,
बैठी थीं अकेली दोनों;
क्या जाने, किस भाँति,—
कौन बात लेकर,
क्या हुआ,—समझ पा न रही कुछ ।
इसी प्रकार किसी दिन
हो क्या सर्वनाश ?
काञ्चने ! कहाँ थी तू ?
अमिते ! तू भी कहाँ थी ?
आजसे फिर कभी मैं,
जाऊँगी न घरको ।
मेरा सर्वस्व एक ओर,

आर गौराङ्ग-जननी ओ घरणीर	और गौराङ्ग-जननी तथा गृहिणीकी
सेवा एक दिके।	सेवा एक ओर।
प्राण यदि जाय इहादेर	प्राण यदि चला जाय इन दोनोंका
एइ भावे कोन दिन,	इसी भाँति किसी दिन,
शुने नदीयार चाँद,	सुनकर नवद्वीपचन्द्र
मने भाविबेन कि ?	मनमें क्या सोचेंगे ?
रयेछि हेथाय मोरा ताँहादेर काछे,--	रहती हैं यहाँ हम इनके पास,--
निश्चिन्त आछेन तिनि।	निश्चिन्त हैं वे।
आसिबेन शीघ्र तिनि नदीयाय,	आयेंगे शीघ्र वे नदियामें,
देखिते जननी;	देखने जननीको;
यदि घटे कोन अमङ्गल,	हो जाय अमङ्गल घटना यदि कोई
कि बलिब ताँके ?	कहूँगी क्या उनको ?
केमने देखाइब ए काला मुख ?	कैसे दिखाऊँगी यह काला मुख ?
(देहे हस्त दिया)	(शरीरपर हाथ रखकर)
सर्व्वजये ! काञ्चने ! अमिते !	सर्वजये ! काञ्चने ! अमिते !
देख ! एखनओ बाह्यज्ञानरहिता इँहारा।	देखो ! अब भी हैं बाह्यज्ञान बिना ये।
धीरे धीरे बहितेछे श्वास उभयेर,	धीरे-धीरे चल रहा है दोनोंका श्वास,
किंतु नयन मुद्रित,	किंतु नेत्र मुँदे हैं,
अन्तरे चैतन्य आछे,	भीतर चेतना है;
बुझि इहा गौराङ्ग-प्रेमेर विकार ?	मेरे जान गौराङ्ग-प्रेमका विकार यह।
गौर-नामे पागलिनी दोँहे।	दोनों हैं पगली गौरनामकी।
एस सबे मिले, करि गौरनाम,	आओ, सब मिलकर पुकारें गौर नाम,
गान करि गौराङ्गेर गुण;	गान करें गुण गौराङ्गके;
देखि--तबे यदि बाह्यज्ञान हय इँहादेर।	देखें,--तब हो यदि बाह्यज्ञान इनको।

समवेत गीत

(गौरारूप विने सखि !)	गौररूप विना सखि।
आर जे लागे ना भाल किछु नयने।	और नहीं अब कुछ भी इन नयनोंको भाये।
गौरा रूप हेरि मोरा शयने स्वप्ने॥	सोनेपर भी गौररूप सपनेमें आये॥

जे दिके फिराइ आँखि, गौरारूप सब देखि, गौरमय जगत् हेरि हासि मने-मने।	जिस दिशि भी फिर जाते लोचन, होता गौर - रूपका दर्शन। देख गौरमय जग भीतर ही मन मुसकाये।
मन-प्राण-चितचोरा, नदीया नटुया गोरा, मोरा सवे अनुक्षण,—हेरि नयने॥	प्राणचोर, मनचोर, चित्तहर, गौरदेव नदियाके नटवर, अनुक्षण हम सबके नयनोंमें वही समाये॥
अनुरागे डाक्ले तारे, देखा देय से जारे-तारे, भूलि ने गोराके जेन,—जीवने-मरणे।	सानुराग यदि हो आवाहन, चाहे जिसको देते दर्शन, कहीं गौर हरिकी सुधि इहपर विसर न जाये।
(शचीमाता ओ विष्णप्रिया देवीर मूर्च्छाभङ्ग)	(शचीमाता और श्रीविष्णुप्रिया देवीका मूर्च्छाभङ्ग)
शचीमाता— (धीरे-धीरे उठिया वसिया) आमार निमाइचाँद, नदेवासीर प्राण; तार नाम करते तादेर चोख दिये टप्-टप् करे जल पड़े। ओइ देख, तारा सवे गौरनामे उन्मत्त हयेछे,—गौर-गुण-गाने हृदि-प्राण एक वारे ढेले दियेछे। आमार गोराचाँद के आमरा अनुराग भरे एकटि बारओ डाक्ते पारि ने,—सर्व्वान्तःकरणे तार गुणगान करिते पारि ने,—ताइ तार देखा पाइ ने! निमाइचाँद आमार नदेवासीर प्राण,—नदेवासी नरनारी ताके चिनेछे,— तार मर्म्म बुझेछे;— आमरा ताके चिन्ते पारि नि।	**शचीमाता**— (धीरे-धीरे उठकर वैठकर) मेरा निमाई चाँद नदियानिवासियोंका प्राण है, उसका नाम लेनेसे उनकी आँखों-से टप्-टप् जल पड़ने लगता है। वह देखो, वे सब गौर-नाम-कीर्तनमें उन्मत्त हो गयी हैं,—गौर-गुण-गानमें हृदय और प्राणको एकसाथ उँड़ेल दिया है। अपने गौर-चाँदको हमसब अनुरागसे भरकर एकबार भी नहीं पुकार सकीं,—समस्त अन्तःकरणसे उनका गुण-गान नहीं कर सकीं,—इसीलिये उसको देख नहीं पातीं। मेरा निमाई चाँद नदियावासियोंका प्राण है,—नदिया-वासी नर-नारियोंने ही उसको पहचाना है,—उसका मर्म समझा है,—हम सब उसको पहचान सकीं नहीं।

नदेवासीर अनुराग भजनेते तुष्ट हये, तादेर देखा दिते आसबे,—तादेर कृपाय यदि आमादेर भाग्ये दर्शन-लाभ घटे, परम मङ्गल ब'ले मने कर्बो ! केगो ! तोमरा नदेवासी, गौरनाम शुनाइया आमार बहु दिनेर पिपासित कर्ण शीतल करले । तोमादेर चरणे कोटि-कोटि प्रणिपात । तोमादेर गौरानुराग,—तोमादेर गौराङ्ग-प्रीति,—आमादेर अनुकरणीय ! बौमा ! उठे देख, शोन, नदीयावासिनी नारीगण नदीयार चाँदेर गुणगान करते एसेछेन । आमरा दुइजने मरे छिलाम,—गौरनाम-महौषधि दाने तारा आमादेर प्राण बाँचाइयाछे ! ओगो ! से मरा बै कि ? मूर्छा,—मरा अपेक्षा बेशी,—मुख थाकते,—कान थाकते,—गौरकथा कइब ना,—शुनबो ना,—चुप करे शुये पड़े थाकबो, जड़ेर मत मरे थाकबो,—एइ पापेइ गौर आमादेर देखा दिबे ना । एसो बौमा ! आर चुप क'रे थाकबो ना,—एस गौरके डाकि—उच्चस्वरे डाकि—हा गौर गौराङ्ग ब'ले प्राणभरे, प्राण खुले, काँदि आर डाकि ! देखि आमार गौर आसे कि ना;—आय मा ! दुइ जने मिले गला जड़ाजड़ि करे, हा गौर गौराङ्ग ब'ले केंदे-केंदे डाकि;—काँदले ताके पाओया जाबे,—

नदियावासियोंके सानुराग भजनसे वह तुष्ट होकर उनको दर्शन देने आयेगा,—उनकी कृपासे यदि हमारे भाग्यमें दर्शनका लाभ घटित हो जाय तो परम मङ्गल मानूँगी मनमें मैं । अहा ! तुम नदिया-वासियोंने गौर-नाम सुनाकर हमारे बहुत दिनोंके पिपासित कानोंको शीतलकर दिया । तुमलोगोंके चरणोंमें कोटि-कोटि प्रणाम । तुमलोगोंका गौरानुराग,—तुम लोगोंकी गौराङ्ग-प्रीति, हमारे लिये अनु-करणीय है । बहूरानी ! उठकर देखो, सुनो, नदियावासिनी नारीगण नदिया-चाँदका गुणगान करने आई हैं । हम दोनों मर ही चुकी थीं । गौर-नाम महौषधि देकर उनलोगोंने हमारे प्राण बचाये हैं । अहो ! यह मृत्युके सिवा और क्या है ? मूर्च्छा,—मरनेसे भी बढ़कर है,—मुख रहते, कान रहते, गौरकथा कहेंगी नहीं, सुनेंगी नहीं,—चुपचाप सोयी पड़ी रहेंगी, जड़वत्,—अचेतन रहेंगी,—इस पापसे ही गौर हमलोगोंको दर्शन नहीं देगा । आओ बहूरानी ! अब चुप नहीं रहेंगी,—आओ, गौरको पुकारें,—उच्चस्वरसे पुकारें । 'हा गौर गौराङ्ग' कहकर जीभर हृदय खोलकर रोयें और पुकारें । देखें, हमारा गौर आता है कि नहीं । आ बेटी ! दोनों जनी मिलकर परस्पर गले लिपटकर 'हा गौर गौराङ्ग' रटते हुए रोते-रोते पुकार लगायें;—रोनेसे उसको पाया जा सकेगा,—

आकुल प्राणेर आकुल डाके से आसबे,– चुप करे थाकले ताके पाओया जाबे ना,—म'लेओ पाओया जाबे ना! आर आमरा एमन क'रे लोक हासिये आङ्गिनार माझे पड़े थाकबो ना; घरेर कोने बसे दुइ जने मिले सुरे सुर मिलाइये आकुल प्राणे केवल काँदबो,–केवल काँदबो,—केवल काँदबो,—आर डाकबो, उच्चःस्वरे—हा गौर गौराङ्ग बले। मान, अपमान, लज्जा, भय सम्भ्रमेर धार आर धारबो ना—लोकेर कथाय आर भूलबो ना! निमाइ आमार एइ नदेय आबार आसते चेयेछे लोके बलचे, किंतु बौमा! आमरा तो ताके नदेवासीर मत प्राण भरे डाकचि ने, दिवानिशि तार जन्ये काँदचि ने,—एइ नदीयावासिनी नारीगण आज आमादेर उपयुक्त शिक्षा दिलेन, भक्तिभरे इहादेर प्रणाम कर।

(श्रीविष्णुप्रिया ओ शचीमातार प्रणाम)

मालिनी—

आहा! भगवद्भक्तिर कि उच्च आदर्श। भगवद्दर्शनाभिलाषेर कि तीव्र आकाङ्क्षा, कि भीषण उत्कण्ठा। कि उच्च शिक्षा! जगज्जननी शचीमातार पुत्र जगन्नाथ श्रीनवद्वीपचन्द्र एक दिके विशुद्ध भक्तिधर्म्म स्वयं आचरण क'रे कलिहत जीवके हाते ध'रे

आकुल प्राणोंकी आकुल पुकारसे वह आयेगा, चुप रहनेसे वह नहीं मिलेगा, मरनेसे भी नहीं मिलेगा। अब हम इस प्रकारसे दुनियाको हँसानेके लिये आँगनमें पड़ी नहीं रहेंगी; घरके कोनेमें बैठी दोनों जनीं एक साथ स्वरमें स्वर मिलाकर आकुल प्राणोंसे केवल क्रन्दन करेंगी,–क्रन्दन,–केवल क्रन्दन,– और पुकारेंगी उच्च स्वरसे,–'हा गौर-गौराङ्ग' की रट लगाकर। मान, अपमान, लज्जा, भय, सम्भ्रमकी परवाह नहीं करेंगी, लोगोंकी बातोंमें और भूलेंगी नहीं। मेरा निमाई इस नदियामें फिर आना चाहता है—लोग ऐसा कहते हैं, किंतु, बहूरानी! हम तो उसको नदियावासियोंकी भाँति प्राण भरकर पुकारतीं नहीं, दिनरात उसके लिये रोतीं नहीं। इन नदियावासी नारीगणने आज हमलोगोंके उपयुक्त शिक्षा दी है, भक्तिसे भरकर इन लोगोंको प्रणाम करो।

(श्रीविष्णुप्रिया और शचीमाताका प्रणाम करना)

मालिनी—

अहा! भगवद्भक्तिका कैसा उच्च आदर्श है! भगवद्दर्शनाभिलाषाकी कैसी तीव्र आकांक्षा, कितनी प्रबल उत्कण्ठा, कैसी ऊँची शिक्षा है! जगज्जननी शचीमाताके पुत्र जगन्नाथ श्रीनवद्वीपचन्द्र एक ओर विशुद्ध भक्तिधर्मका स्वयं आचरण करके कलिहत जीवोंको हाथ पकड़कर

शिक्षा दिच्चेन,—
अन्य दिके ताँहार विष्णुभक्तिस्वरूपिणी जननी जगज्जननीभावे भगवद्भक्तेर भगवतप्राप्तिर जन्य भक्तिर उच्च सोपान निर्माण कच्चेन। व्रजप्रेमेर रीति, व्रजवासीर प्रति व्रजजनेर कि प्रगाढ़ प्रेम ओ भक्ति,
शचीमाता नदेवासी नरनारीके लक्ष्य करे आज आमादेर ताइ विशेष भावे शिक्षा दिलेन। व्रजवासीर अनुकम्पा ना ह'ले,—ताहादेर अनुगत ना ह'ले कृष्णकृपा प्राप्ति असम्भव; शचीमाता नदेवासी नारीदिगके सम्मान क'रे नवद्वीपचन्द्र कृपाप्राप्तिर उपाय बले दिलेन। नवद्वीप ओ व्रजधाम एक वस्तु; व्रजेन्द्रनन्दन ओ जिनि,—शचीनन्दन ओ तिनि,—नवद्वीपवासी नरनारी ओ सामान्य मानव नहे, गौराङ्ग-जननी कृपा क'रे आज आमादेर एइ शिक्षा दिलेन। तिनि परम पूजनीया,—आमादेर सकलेर वयः ज्येष्ठा। तिनि आमादेर प्रणाम करलेन, श्रीविष्णुप्रिया देवीके ओ प्रणाम करिते बल्लेन। काञ्चने! सर्व्वजया! अमिते! एस, सकले मिलिया जगन्माता शचीमाता एवं गौरवक्षविलासिनी श्रीविष्णुप्रिया देवीके प्रणाम करि! ताहादेर सेवा करि।

(सकलेर प्रणाम)

प्रस्थान।

शिक्षा दे रहे हैं,—
दूसरी ओर उनकी विष्णुभक्तिस्वरूपिणी जननी जगज्जननी-भावसे भगवद्भक्तोंके हितार्थ भगवत्प्राप्तिके लिये भक्तिकी ऊँची सीढ़ीका निर्माणकर रही हैं। व्रजप्रेमकी रीति, व्रजवासियोंके प्रति व्रज-जनोंका कैसा प्रगाढ़ प्रेम और भक्ति—शचीमाता नदियावासी नर-नारियोंको लक्ष्य करके आज हमलोगोंको इसी विशेष भावकी शिक्षा दे रही हैं। व्रजवासियोंकी अनुकम्पा बिना, उनके अनुगत हुए बिना कृष्ण-कृपाकी प्राप्ति असम्भव है; शचीमाताने नदियावासी नारियोंका सम्मान करके नवद्वीपचन्द्रकी कृपा-प्राप्तिका उपाय बतला दिया। नवद्वीप और व्रजधाम एक ही वस्तु हैं, व्रजेन्द्रनन्दन जो हैं, शचीनन्दन भी वे ही हैं; नवद्वीपवासी नर-नारी भी सामान्य मानव नहीं,—गौराङ्ग-जननीने कृपा करके आज हमलोगोंको यही शिक्षा दी है। वे परम पूजनीया हैं, हम सबोंमें वयोवृद्ध हैं। उन्होंने हम-लोगोंको प्रणाम किया, श्रीविष्णुप्रिया देवीको भी प्रणाम करनेके लिये कहा। काञ्चने! सर्वजये, ! अमिते! आओ, सब मिलकर जगज्जननी शचीमाता एवं गौरवक्षविलासिनी श्रीविष्णुप्रिया देवीको प्रणाम करें, उनकी सेवा करें।

(सबका प्रणाम करना)

प्रस्थान।

चतुर्थ अङ्क ।

(द्वितीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन, गृहे शचोमाता आसीना ।
(श्रीविष्णुप्रिया देवीर प्रवेश)

श्रीविष्णुप्रिया—
मा ! चल, मा ! हयेछे वेला
द्वितीय प्रहर,
करेछि आमि रन्धनेर
सकल उद्योग;
चल, मा ! स्नान करि, रन्धन कर
गिये तुमि ।
मागो ! भेवे-भेवे देहपात करे
किवा हवे फल ?
उठ मा ! वेला हयेछे अधिक !

शचीमाता—
बौमा ! वासना हयेछे मने—
एकटि आमार;
पूर्ण कि ताहा करिवे मा तुमि ?

श्रीविष्णुप्रिया—
मागो ! ए कि कथा वल
आजि तुमि ?
कवे कोन दिन देखियाछ तुमि,
आज्ञा तव, लङ्घियाछे ए दासी ?
गुरुजन तुमि,—पूजनीया तुमि,—
तव आज्ञा सर्व्वभावे पालनीय मोर;

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन, घरमें शचोमाता बैठी हैं ।
(श्रीविष्णुप्रिया देवीका प्रवेश)

श्रीविष्णुप्रिया—
माँ ! चलो, माँ ! हो रही है वेला
दूसरे पहरकी,
करली है मैंने रसोईकी
सारी तैयारी;
चलो माँ ! स्नान करके रसोई करो
जाकर तुम ।
माँ ! सोच-सोचकर देहपात करनेसे
क्या होगा फल ?
उठो माँ ! वेला हो गयी अधिक ।

शचीमाता—
बहूरानी ! इच्छा उठी है मनमें,—
एक मेरे;
पूरी क्या करोगी उसे बेटी ! तुम ?

श्रीविष्णुप्रिया—
माँ ! यह कैसी बात कह रही
आज तुम ?
कभी किसी दिन देखा है तुमने,
आज्ञा तव टाली है इस दासीने ?
गुरुजन तुम, —पूजनीया तुम,—
सब प्रकार आज्ञा तव पालनीय मेरे लिये;

अनुरोध केन,—कर आज्ञा मागो !	अनुरोध किसलिये,—करो आज्ञा माँ !
अवश्य पालिब आमि ।	अवश्य पालूँगी मैं ।
शचीमाता—	**शचीमाता**—
दामोदर पण्डितके दिये,—	दामोदर पण्डितके द्वारा,—
क्षेत्र ह'ते,—निमाइ आमार,	पुरुषोत्तम-क्षेत्रसे,—निमाईने मेरे,
पाठायेछे मोर काछे,	भेजी है मेरे पास,
बहुमूल्य पटशाड़ी एक;	बहुमूल्य साड़ी एक रेशमी;
यत्न करि रेखेछि आमि, ताहा—	यत्नपूर्वक रखा है मैंने उसे,
पेटारि भीतरे ।	भीतर पिटारीके ।
हयेछे मने बड़ साध मोर,	उपजी है मनमें बड़ी साध मेरे,
पर तुमि सेइ शाड़ी,	पहरो तुम वही साड़ी;
देखि आमि केमन देखाय ।	देखूँ मैं, लगती है कैसी ।
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया**—
(बहुत क्षण नतमुखे नीरव रहिया काँदिते-काँदिते)	(बहुत कालतक मुँह नीचे किये चुप रहकर रोते-रोते)
दाओ मा ! शाड़ी आमाय;	दो माँ ! साड़ी मुझे,
ससन्माने—मस्तके धरि ताहा,	ससम्मान मस्तकपर धारणकर इसको
करि जीवन सार्थक ।	जीवनको सार्थक करूँ ।
करेछेन स्मरण ए अभागीरे,	किया है स्मरण इस अभागिनीको
पुत्रवर तव,—से मोर सौभाग्य ।	तव पुत्रवरने,—यही मेरा सौभाग्य;
ताँर कृपाकणा चाहि मात्र आमि;	उनका कृपाकण मात्र चाहती मैं ।
मागो ! शोभा नाहि पाय,	माँ ! शोभा नहीं देगा
एइ बहुमूल्य शाड़ी परिते आमाय,	मुझको पहनना यह बहुमूल्य साड़ी;
मागो ! विलाइया दाओ तुमि इहा,	माँ ! दे डालो तुम इसको
किम्वा कर दान कोन ब्राह्मण पत्नीके	अथवा दानकर दो किसी ब्राह्मण-पत्नीको,
पुण्य हबे तव;	पुण्य होगा तव ।
शचीमाता—	**शचीमाता**—
बौमा ! बड़ दागा	बहूरानी ! बड़ी चोट
दिले बुके तुमि,—	की तुमने छातीपर मेरी,—
एइ कथा बले;	यह बात कहकर;

तुमि ना परिले एइ शाड़ी	तुम्हारे न पहननेसे यह साड़ी
आमार निमायेर हबे अकल्याण,	मेरे निमाईका होगा अकल्याण,
मने बड़ दुःख पाब आमि ।	मनमें मैं पाऊँगी बड़ा दुःख ।
बौमा ! बुद्धिमती तुमि,	बहूरानी ! बुद्धिमती तुम हो,
राख मोर अनुरोध ।	रखो मेरा अनुरोध ।
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
श्रीविष्णुप्रिया—(स्वगत)	**श्रीविष्णुप्रिया**—(स्वगत)
उभय संकट मोर;—	दोनों ओर संकट मुझे—
मा पावेन व्यथा मने,	माँ होंगी व्यथित मनमें,
अकल्याण हबे गुणमणिर	अकल्याण होगा गुणमणिका,
अनुरोध ताँर यदि करि अस्वीकार ।	अनुरोध उनका यदि करती हूँ अस्वीकार ।
निज मने पाब व्यथा निदारुण—	दारुण व्यथा पाऊँगी निज मनमें
यदि आमि एइ शाड़ी,—	यदि मैं यह साड़ी
करि अङ्गीकार ।	करती हूँ अङ्गीकार ।
पति-विरहिणी आमि;—	पति-वियोगिनी मैं,
त्यजेछेन मोरे गुणमणि	दिया है त्याग मुझको गुणमणिने
अभागिनी ब'ले;	जानकर अभागिनी;
विलासिनी-साज मोर,	वेष विलासिनीका मेरे लिये,
शोभा नाहि पाय ।	शोभा नहीं देगा ।
ज्वलितेछे निशिदिन जे विषमानल,	जल रहा है दिन-रात जो विषमानल
हृदितले मोर,—	मेरे हृदयतलमें,—
निभाइते चाहेन माता ताहा,—	बुझाना चाहती हैं माता उसको,
दिये वसन-भूषण ।	देकर वसन-भूषण ।
कि भ्रम ताँहार ?	कैसा भ्रम उनका ?
ना,—ना,—भ्रम नहे ताँर इहा,—	नहीं, नहीं,—भ्रम नहीं उनका यह,—
शुद्ध वात्सल्य भावमयी तिनि,—	शुद्ध वात्सल्य भावमयी वे,—
पुत्रस्नेहे अन्ध तिनि,—	पुत्र-स्नेहसे अंधी हो रही हैं
इहा तार प्रकृष्ट प्रमाण ।	यह है उसका प्रकृष्ट प्रमाण ।
आमि ताँर राजराणी पुत्रवधू,	मैं उनकी राजरानी पुत्रवधू,
भिखारिणी,—अनाथिनी देखे मोरे,	भिखारिणी,—अनाथिनी देखकर मुझको,

कातर हन पुत्रशोके तिनि,	कातर होती हैं पुत्र-शोकसे वे,
मने पड़े पुत्र ताँर,—	याद आती है उन्हें अपने पुत्रकी,——
नदीयार राजा——	नदियाके राजाकी,
जेगे उठे शोक हृदयेते,——	जाग उठता है शोक हृदयमें;——
निवारिते कथञ्चित् सेइ शोक,	निवारित करनेको रञ्चमात्र वही शोक
हय साध मने ताँर,	होती है साध उनके मनमें
साजाइते मोरे वसन-भूषणे;	सजानेकी मुझको पट-भूषणसे;
शुद्ध वात्सल्य-प्रेमभावे	शुद्ध वात्सल्यप्रेमभाव-प्रेरित
ए कार्य्य ताँर पक्षे, निन्दनीय नहे ।	यह कार्य उनके लिये निन्दनीय नहीं ।
किंतु मोर पक्षे,——	मेरे लिये किंतु,——
पति जार ह'ये गृहत्यागी	पति जिसका होकर गृहत्यागी
सेजेछे संन्यासी,—	बन गया है संन्यासी,——
तार पक्षे विलासेर बिन्दुमात्र	उसके लिये बिन्दुमात्र भी विलासका
शोभा नाहि पाय ।	शोभा नहीं देता ।
किंतु गुरुजन तिनि,–दासी आमि,——	किंतु गुरुजन वे,——दासी मैं,——
पति-आज्ञा धरि शिरे,	पति-आज्ञा सिरपर धर
करि ताँरे सेवा,—	करती हूँ सेवा मैं उनकी,——
सर्व्वभावे ताँर आज्ञा	सभी विधि उनकी आज्ञा
पालनीय मोर ।	पालनीय मुझको ।
मने ताँर दिये व्यथा,	मनमें व्यथा उनके पहुँचानेसे,
कि लाभ हइबे मोर ?	होगा क्या लाभ मुझे ?
परिहरि लोकलज्जा,—	त्यागकर लोक-लज्जा,——
त्यजि अभिमान,	त्याग अभिमानको,
पालिब आज्ञा ताँर सर्व्वभावे आमि;	पालूँगी आज्ञा मैं उनकी सभी भाँति;
ताँर मने हबे सुख इथे,	उनके मन होगा सुख इससे,
परमार्थ हबे लाभ मोर ।	परमार्थ-लाभ होगा मुझको ।
आत्माभिमान,——आत्मसुख,	आत्माभिमान,——आत्मसुख,
आपनार बलि किछु,	अपना मान, कुछ भी,
राखिब ना मने आर आमि ।	मनमें न रखूँगी अब मैं ।
करि पूर्णभावे लोप,	पूर्णतया लुप्तकर,

आमित्व आमाते,—
भजिब पतिधने,—
एवं पतिर निजजने प्राणपणे ।
(शचीमातार दिके चाहिया)
मागो ! तव आज्ञा आमि,
ना पारि ठेलिते;
दाओ मा ! पटवस्त्र, करिब परिधान;
जाते तव मने हय सुख,
सेइ मोर अवश्य कर्त्तव्य ।
(शचीमातार वस्त्रदान,
श्रीविष्णुप्रियार परिधान)

अहंकार अपनेमें
भजूँगी पतिधनको,—
एवं पतिके निजजनोंको प्राणपणसे ।
(शचीमाताकी ओर देखकर)
माँ ! आज्ञा तुम्हारी मैं
नहीं ठुकरा सकती;
पाटंबर दो माँ ! करूँगी धारण;
जिससे हो सुख तव मनमें,
अनिवार्य कर्तव्य वही मेरे लिये ।
(शचीमाताका वस्त्र देना,
श्रीविष्णुप्रियाका उसे धारण करना)

शचीमाता—
लक्ष्मी मेये ! बौमा !
बड़ सुख दिले तुमि आजि मोरे,
बेंचे थाक् तुमि,—
बेंचे थाक् निमाइ आमार,—
जन्म-जन्म पर शाड़ी तुमि,
राजराणी ह'ये ।
(उभयेर प्रस्थान)
(श्रीवास पण्डितेर प्रवेश)

शचीमाता—
लक्ष्मी बेटी ! बहूरानी !
बड़ा सुख दिया आज तुमने मुझे;
जीती रहो तुम,—
जीता रहे मेरा निमाई,—
जन्म-जन्म पहरो साड़ी तुम,
राजरानी बनकर
(दोनोंका प्रस्थान)
(श्रीवास पण्डितका प्रवेश)

श्रीवास—
श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु
एसेछेन कुलिया नगरे;
पड़ेगेछे कोलाहल सर्व्व नदीयाय,
जाइतेछे लक्ष-लक्ष लोक,
ह'ये गङ्गापार,
ताँर दरशन तरे ।
शुनितेछि लोकमुखे,
आसिबेन तिनि नवद्वीपे;
दिते एइ शुभ समाचार,

श्रीवास—
श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु,
आये हैं कुलिया नगरमें;
मच गया है कोलाहल सारे नदियामें;
जा रहे हैं लाख-लाख लोग,
होकर गङ्गापार,
उनके दर्शनके लिये ।
सुनता हूँ लोगोंके मुखसे,
आयेंगे वे नवद्वीपमें;
देने यह शुभ समाचार,

एसेछि आमि शची-आङ्गिनाय ।	आया हूँ मैं शची-आँगनमें ।
आहा ! दुखिनी जननीके	आह ! दुःखिनी जननीका
एतदिन ताँर पड़ेछे स्मरण ।	इतने दिन बाद उन्हें हुआ है स्मरण ।
शोके जराजीर्ण देह हयेछे ताँहार;	शोकसे देह जराजीर्ण हुआ है उनका,
पुत्र-दरशन-आशे,	पुत्र-दर्शन-आशामें
रेखेछेन जीवन मात्र तिनि;	रखा है जीवनमात्र उन्होंने,
जानि ना,—कि निदारुण दृश्य	पता नहीं—क्या निदारुण दृश्य
हबे अभिनीत एइ नवद्वीपे,	होगा अभिनीत इस नवद्वीपमें,
यदि प्रभु नाहि देन दरशन—	यदि प्रभु नहीं देंगे दर्शन—
श्रीविष्णुप्रियाके ।	श्रीविष्णुप्रियाको ।
शान्तिपुरे एसे, देन नाइ दरशन तिनि,	शान्तिपुर आकर दिया नहीं दर्शन उन्होंने,
सेइ दुखे आछेन जीयन्ते मरिया	उसी दुःखसे हुई हैं जीवित ही मृत समान
गौराङ्ग-घरणी ।	गौराङ्ग-गृहिणी ।
करेन वञ्चित यदि सेइभावे एबार,	करते हैं वञ्चित यदि उसी भाँति इसबार
दरशने ताँर,—	दर्शनसे उनको,—
सर्व्वापेक्षा निजजने;	सबसे अधिक निजजन हैं जो,
प्राणरक्षा ह'बे दाय,	प्राण-रक्षा होगी कठिन,
स्त्रीवधेर पातक-भागी	भागी स्त्री-वध-पातकका
हइ ते हइबे ताँके ।	होना होगा उनको ।
ए सकल कथा, के बलिबे प्रभुके ?	यह सब बात कहेगा कौन प्रभुसे ?
इच्छामय स्वतन्त्र पुरुष तिनि,	इच्छामय स्वतन्त्र पुरुष वे,
करिबेन जाहा इच्छा हय ।	करेंगे जैसी इच्छा हो ।
एखन ताँर कुलियार आगमन-समाचार,	इस समय उनके कुलिया आनेका समाचार,
दिये जाइ शचीमाके ।	दूँ जाके शचीमाँको ।
कइ ? मा जननी कोथाय ?	कहाँ, माँ जननी कहाँ हैं ?
मागो ! मागो ! मागो !	माँ ! माँ ! अरी माँ !
(शचीमातार प्रवेश)	(शचीमाताका प्रवेश)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
के ? पण्डित श्रीवास ! एस बाप !	कौन ? पण्डित श्रीवास ! आओ, तात !
तुमि मोर निमायेर बड़ प्रियजन;	तुम मेरे निमाईके बड़े प्रियजन;

तार जत किछु लीला नवद्वीपे,
संकीर्तन, रास, ऐश्वर्य्य-प्रकाश,
हयेछिल अनुष्ठित,—तोमारि भवने ।
तुमि तार सर्व्वश्रेष्ठ भक्त;
निमायेर कि संवाद—बल, बल मोरे;

तुमि सबे परम हिताकांक्षी मोर,
चिर ऋणे बद्ध आमि,
तोमादेर काछे चिरदिन,
श्रीवास ! आमार निमाइचाँद कि
एसेछे नदियाय ?

श्रीवास—
मागो ! एनेछि सुसम्वाद तव तरे,
एसेछेन कुलिया नगरे, तव पुत्रवर;
ए शुन ह'तेछे कोलाहल,
सर्व्व नदीयाय,
लक्ष-लक्ष लोक,—पार हये सुरधुनी—
छुटेछे नवद्वीपचन्द्र-दरशने ।

शचीमाता—(चमकित भावे)
निमाइ आमार, बाप विश्वम्भर,
जीवन-सर्व्वस्व,
एसेछे कुलिया नगरे;
बल, बल, पण्डित श्रीवास !
केमन जाइब आमि,—बौमाके ल'ये
ह'ये गङ्गापार ?
दया क'रे तुमि ल'ये चल,
मोदेर दुइ जने निमायेर काछे ।
देखितेछि पथे बहु लोकेर संघट्ट,
केमने कुलवधू मोर,
जाबे मोर साथे ?

उसकी जितनी कुछ नवद्वीप-लीला,—
सङ्कीर्तन, रास, ऐश्वर्य-प्रकाश,—
हुई अनुष्ठित घरमें तुम्हारे ।
तुम हो उसके सर्वश्रेष्ठ भक्त;
निमाईका क्या संवाद—कहो, कहो मुझसे ।

मेरे तुम सब प्रकार परम हिताकांक्षी,
चिर ऋणमें बँधी हूँ मैं
निकट तुम्हारे सदा;
श्रीवास ! मेरा निमाई चाँद क्या
आया है नदियामें ?

श्रीवास—
माँ ! लाया हूँ सुसंवाद तेरे लिये,
आये हैं कुलिया नगरमें पुत्रवर तव;
वह सुनो ! हो रहा है कोलाहल,
सम्पूर्ण नदियामें,
लक्ष-लक्ष लोग,—गङ्गाको पारकर,—
भाग रहे हैं दर्शन करनेको नवद्वीपचन्द्रका ।

शचीमाता—(विस्मित भावसे)
मेरा निमाई, लाल विश्वम्भर,
जीवन-सर्वस्व,
आया है कुलिया नगरमें ।
बोलो, बोलो, पण्डित श्रीवास !
कैसे जाऊँगी मैं,—लेकर बहूरानीको,
गङ्गा पार करके ?
दया करके तुम्हीं चलो ले,
हम दोनोंको पास निमाईके ।
देखती हूँ पथपर भीड़ बहुत लोगोंकी;
किस प्रकार कुलवधू मेरी,
जायेगी मेरे साथ ?

श्रीवास—	**श्रीवास**—
मागो ! सुस्थ कर मन,—	माँ ! स्वस्थ करो मनको,—
व्यस्त ना हइओ,—	अधीर न होओ,—
जेतेछि आमि,	जा रहा हूँ मैं,
नदीयारचाँदे आनिते नदीयाय ।	नदिया चाँदको लाने नदियामें ।
गृहे ब'से,—तुमि सबे	घरमें रहकर ही तुम सब
पाबे दरशन ताँर;	प्राप्त करोगी उनका दर्शन;
मागो ! मोर वाक्य करह विश्वास ।	माँ ! मेरी बातका करो विश्वास ।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
(मालिनी प्रभृतिर प्रवेश)	(मालिनी आदिका प्रवेश)
शचीमाता—	**शचीमाता**—
दिदि ! आमार निमाइचाँद	दीदी ! मेरा निमाई चाँद
एसेछे नदीयाय पुनः	आया है नदिया फिर—
दिये गेलेन एइमात्र ए सुसम्वाद,	दे गये हैं अभी-अभी यह सुसंवाद
पण्डित तोमार ।	पण्डित तुम्हारे ।
जाओ, दिदि ! सबे मिलि	जाओ, दीदी ! सब मिलकर
गिये कुलिया नगरे,	कुलिया नगर जा,
निये एस गृहे तारे ।	ले आओ घर उसे ।

गीत

ओगो मालिनी दिदि !	अरी मालिनी दीदी !
आमार निमाइ एसेछेन ।	लाल निमाई मेरा आया है ।
शुनितेछि लोक मुखे—	लोगोंके मुखसे सुनती—
से जे यति सेजेछ ॥	संन्यासी-वेश बनाया है ॥
(तोरा) निये आय घरे तारे	तुम सब उसको ले आओ घर,
बुझाइये हाते धरे,	हाथ पकड़ करके, समझाकर,
धरमेर कथा से जे,—	बात धर्मकी ठीक न समझी,
उल्टा बुझेछे ।	उलटा अर्थ लगाया है ।
जननीरे दुःख दिये,	जननीके उरमें दुखको भर,
विष्णुप्रिया तेयागिये,	विष्णुप्रियाको तथा त्यागकर,

कि सुख पेयेछे निमाइ,—
आयगो पुछे।
(आमार) निमाइ एल नदीयाय;
बाड़ी ना आसिवे हाय,
कि दारुण मन व्यथा,—
वलि कार काछे।
जा' गो तुइ सर्व्वजया,
जाओ गो तुमि महामाया,
मालिनीके सङ्गे निये,—
निमायेर काछे।
आमि आर जाव ना,
किछु तारे वल्वो ना,
पागला निमाइ मने,—
करे किछु पाछे।
जाओ गो सवे कुलनारो,
विष्णुप्रिया सङ्गे करि,
वल्गे तारे सवइ मिले,—
तार माँ मरेछे।
दास हरिदासे कय,
निमायेर उचित हय,
कपट-संन्यास छाड़ि,—
मार क्षमा याचे।

आओ पूछ निमाईसे
उसने क्या तो सुख पाया है॥
सुत आया मम नवद्वीपनगर,
पर हाय। न आयेगा घरपर,
किसे कहूँ मनमें जो मेरे
दारुण दुःख समाया है।
सर्वजया। जा, अरी चली जा,
और महामाया। तू भी जा,
सँग मालिनीको ले, सुतने
आसन जहाँ बिछाया है।
मैं तो स्वयं नहीं जाऊँगी,
कुछ भी उससे नहीं कहूँगी,
पीछे पुत्र न सोचे कुछ, उस-
पर पागलपन छाया है।
जाओ अरी। सकल कुलनारी,
सँग ले विष्णुप्रिया वेचारी,
सब मिलि उसको कहना—तेरी
माँने तज दी काया है।
दास-दास हरिदास रहा कह,
उचित निमाईको केवल यह—
माँसे माँगे क्षमा-त्याग
जो छल - संन्यास सजाया है।

मालिनी—

दिदि ! कि काज तुलिया आर
पुरातन कथा ?
शुनेछि सकल कथा, पण्डितेर मुखे,
मातृभक्त-शिरोमणि पुत्र तव,
एसेछेन मातृदरशने, छाड़ि नीलाचल,
प्राणेर आवेगे।
छाड़ि मातृसेवा नवीन वयसे,—
करिया संन्यास, अनुतप्त पुत्र तव,—
वलेछेन निज मुखे एइ कथा

मालिनी—

दीदी ! किसलिये उठाती अब
पुरानी बात ?
सुनी है सकल बात, पण्डितके मुखसे,
मातृभक्त-शिरोमणि पुत्र तुम्हारे
आये हैं माताके दर्शनको, छोड़ नीलाचल
प्राणके आवेगमें।
छोड़ मातृसेवा नयी अवस्थामें,—
संन्यास ग्रहणकर अनुतप्त हैं तुम्हारे पुत्र,
कही है स्वमुखसे बात यही,—

नदीयार चाँद;—	नदियाके चाँदने ।
देखेछि स्वचक्षे मोरा,	देखा है निज नयनोंसे हमने,
तव नामे चक्षे ताँर,	नामसे तुम्हारे उनकी आँखोंसे
बहे शत धारा,	बहती हैं शत धाराएँ;
धरि जने-जने नदीयार लोके,	नदियाके एक-एक व्यक्तिको पकड़कर
पुत्र तव जिज्ञासये वार्त्ता जननीर ।	पुत्र तव पूछते हैं समाचार जननीका ।
पुत्र सने अभिमान,	पुत्रके प्रति अभिमान,
दिदि ! शोभा नाहि पाय, ए समय ।	दीदी ! शोभा नहीं देता इस समय ।
चल,—मोरा जाइ गङ्गातीरे ।	चलो, हमलोग चलें गङ्गातटपर ।
देख गङ्गार ओपारे कुलिया नगर,	देखो, गङ्गाके उस पार कुलिया नगर,
परिपूर्ण जन कोलाहले,	जन-कोलाहलसे परिपूर्ण;
मध्ये-मध्ये शुनि मात्र शुधु,—	केवल मात्र सुन पड़ती बीच-बीचमें,—
गगनभेदी हरिनामध्वनि ।	हरिनाम-ध्वनि गगनभेदी ।
आर शुनि तार सङ्गे-सङ्गे	और सुनती हूँ साथ-साथ उसके,—
गाइतेछे उच्चकण्ठे—	गा रहे हैं उच्च स्वरसे,
सर्व्व नरनारी—जयगान—	सब नरनारी—जयगान,
धरि संन्यासेर नाम पुत्रेर तव ।	लेकर संन्यास-नाम तव पुत्रका ।
भाग्यवती तुमि दिदि !	भाग्यवती दीदी ! तुम,—
सर्व्वलोके जाँरे	सकल लोक जिनको
पूजिछे भक्तिभरे ईश्वर बलिया,—	पूज रहा भक्तिसे भावित हो, ईश्वर मान
दरशन तरे जाँर त्यजि सर्व्व कर्म्म	दर्शनके लिये जिनके त्याग सर्व कर्म
लक्ष-कोटि लोके,	लाखों-करोड़ों लोग,
छुटितेछे कुलिया नगरे;	भागे हुए जा रहे हैं कुलिया नगर।
चेये देख दिदि !	आँख उठाकर देखो दीदी !
नाइ घाटे तरि एक खानि,	नहीं नाव घाटपर एक भी,
ह'तेछे गङ्गा पार सबे संतरण दिये,—	हो रहे गङ्गा पार सब तैर-तैरकर
छाड़ि प्राणेर ममता ।	छोड़ प्राणोंका मोह ।
मुखे शुधु एकइ कथा सकलेर,	मुखमें बस एक ही सभीके बात,—
"श्रीकृष्णचैतन्यप्रभु ! दरशन दाओ"	"श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु ! दर्शन दो" ।
दिदि ! चल मोरा जाइ गङ्गातीरे ।	दीदी ! चलो हम लोग चलें गङ्गातट ।

शचीमाता—

मालिनी दिदि !
एसेछे निमाइ मोर,
गङ्गा-दरशने;
पण्डित श्रीवास कहिलेन मोरे ।
आसिबेन सङ्गे ल'ये तिनि,
नदीयार चाँदे नदीया भीतरे ।
करि गङ्गा-दरशन यदि,
निमाइ मोर फिरे चले जाय,
आर ना हबे देखा तार सने मोर,—
से दुःख मरिलेओ नाहि जाबे;
तोमादेर परामर्श भाल,
चल दिदि ! बौमाके ल'ये,
चल मोरा जाइ गङ्गा तीरे ।

(सकलेर प्रस्थान)

शचीमाता—

मालिनी दीदी !
आया है निमाई मेरा
गङ्गा-दर्शनके लिये,
पण्डित श्रीवासने बताया है मुझको ।
आयेंगे लेकर वे साथ,
नदियाचाँदको नदियाके भीतर ।
गङ्गाका दर्शन करके यदि,
मेरा निमाई फिर चला जाय,
तब नहीं होगा मिलना उसके साथ मेरा,—
वह दुःख मिटेगा न मरनेसे भी ।
अच्छा परामर्श तुम सबका;
चलो दीदी ! लेकर बहूरानीको,
चलो, हम लोग चलें गङ्गातट ।

(सबका प्रस्थान)

चतुर्थ अङ्क ।

(तृतीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन—सन्मुखे पथे दाँड़ाइया काञ्चना श्रो श्रमितादि सखिगण ।

काञ्चना—

सखि श्रमिते !
नदीयानागर एसेछेन नदीयाय पुनः;
किंतु, देखे ताँर संन्यास-मूरति,—
बुक फेटे गेल मोर;
हेरिलाम ताँरे, नदीयार पथे—
विरस वदने,—आनमना भावे
भ्रमिछेन द्वारे द्वारे कातर हृदये ।

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन—सामने पथपर खड़ी काञ्चना श्रौर श्रमितादि सखिगण ।

काञ्चना—

सखि श्रमिते !
नदिया-नागर श्राये हैं नदियामें पुनः,
किंतु देख उनकी संन्यास-मूर्ति
छाती फट गयी मेरी;
देखा उनको नदियाके पथपर—
विरस बदन, श्रन्यमनस्क हो,
घूम रहे द्वार-द्वार कातर हृदयसे ।

गीत

सजनि । से जे एसेछे श्रावार ।
नदीयार चाँद गोरा,
नागरीर मनचोरा,
एवे जे कोपिन परा,—
नेड़ा माथा तार ।
कोथा से चाँचर केश,
नव नटवर वेश,
सरमेर नाहि लेश,—
फिरे द्वारे-द्वार ।
कोथा से मधुर हासि,
श्रपरूप रूपराशि,

सजनी ! वे पुनः पधारे,
उनका शुभागमन ।
वे गौर-चन्द्र नदियाके,
मनहर नागरी तियाके,
श्रव तो धारे कौपीन
न सिरपर कुन्तल सघन ।।
कुञ्चित वह कच-जाल कहाँ,
नटवर-वेश रसाल कहाँ,
लज्जाका लेश न,
द्वार-द्वार करते विचरण ।
वह कहाँ हँसी श्रव मधुसम,
नव रूप-राशि वह श्रनुपम,

कटाक्ष से कुलनाशी,—
मुख देखि तार।
कमण्डलु हाते धरे,
नदेर पथे बेड़ाय घुरे,
मने हय बुके धरे,—
दुखेर पाथार।

कि जानि कि छल करि
माझे-माझे बले हरि,
जल देखि आँखि भरि—
गुरु दुखभार।

नदेय एसे कारे खोंजे,
बले ना से भये-लाजे,
एसेछे से यति साजे,—
ए कि व्यवहार।

देख सखि! देख गिये,
जाच्छे से जे घरे धेये,
देखवे ब'ले विष्णुप्रिये—
प्रणय-आधार।

दास हरिदासे बले,
धरे राख छले-बले,
विष्णुप्रिया-वल्लभे,—गृहे दिये द्वार।

नागरीर प्राण गोरा,
(सुधु) नागरीके देय धरा—
आन जनेर मन पीड़ा,—
सुधु मात्र सार।

अमिता—
चल, सखि काञ्चने!
जाइ सबे मिलि, विष्णुप्रिया काछे;
ए सम्वाद दिये तार,
जीवन बाँचाओ।
विष्णुप्रियावल्लभेर संन्यासीरूप,

मुखपर कहाँ दीखता वह
कुलनाशी चितवन॥
अब लिये कमण्डलु करमें,
फिरते नवद्वीप नगरमें,
दुखका सागर लिये हुए
उरमें—कहता मन।

क्या जाने, कर क्या कैतव,
रह-रहकर करते हरि-रव,
भारी दुःखभारसे दिखते
गीले लोचन॥

आ नदिया किसे तलासें,
कह सकें न भय-लज्जासे,
यह कैसा व्यवहार,
पधारे संन्यासी वन।

देखो सखि! देखो चलकर,
जा रहे भवन वे सत्वर,
नींव प्रणयकी, विष्णु-
प्रियाका करने दर्शन॥

हरिदास, दासका कहना—
छल-बलसे घरमें रखना
विष्णुप्रिया-वल्लभको
करके द्वारनिरोधन।

गौर नागरीके जीवन,
बँधे उसीके वस बन्धन,
अन्य जनोंको मनो-
व्यथा ही बस अवलम्बन॥

अमिता—
चलो, सखि काञ्चने!
जायें सब मिलकर विष्णुप्रिया पास;
यह संवाद देकर उसका
जीवन बचायें।
श्रीविष्णुप्रियावल्लभका संन्यासी-रूप,

कि रूपे हेरिबे सखि मोर;	किस प्रकार देखेगी सखी मेरी ?
मने हले हृत्-कम्प हय ।	याद आते होता है हृदय-कम्प
(सकलेर श्रीगौराङ्गभवने गमन)	(सबका गौराङ्गभवन जाना)
काञ्चना—	**काञ्चना--**
(श्रीविष्णुप्रियाके धरासने आसीना देखिया)	(श्रीविष्णुप्रियाको धरतीपर बैठी देखकर)
सखि ! आछ त भाल ?	सखि ! अच्छी तो हो ?
धरासने बसि केन ?	धरतीपर बैठी क्यों ?
उठ, तव तरे एनेछि सुसम्वाद ।	उठो, लायी हूँ तुम्हारे लिये सुसंवाद ।
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया--**
सखि काञ्चने ! निशि भोरे,	सखि काञ्चने ! निशाके अन्तमें
ध्याने बसि,	ध्यानमें बैठी हुई मैंने,
हेरिनु एक अपूर्व्व स्वप्न आजि;	देखा एक अपूर्व स्वप्न आज,
आछि ब'से तोमादेर प्रतीक्षाय सेइ ह'ते,	बैठी हूँ प्रतीक्षामें तुम सबकी तभीसे,
स्वप्नकथा बलिब तोमाके ।	कहूँगी स्वप्नकथा तुमको ।
शान्ति नाहि ह'ल मने, केंदे-केंदे एका;	शान्ति नहीं मिली मनको रोते-रोते अकेले;
सखि ! मनकथा,--मनव्यथा,	सखि ! मनकी बात--मनकी व्यथा,
तोमा भिन्न आर काके बलि ?	तुमको छोड़ और किससे कहूँ ?
बलिबार कथा नय,--	कहनेकी बात नहीं,--
गुणमणि मोर,--	गुणमणिने मेरे,--
एतदिन परे बुझि,--	इतने दिन पश्चात्, प्रतीत होता है,--
स्मरण करेछेन ए दासीरे ।	स्मरण किया है इस दासीको ।

गीत

सखि रे । (आज)	सजनी री । क्या आज
कि हेरिनु ध्याने ।	ध्यानमें दर्शन पाया ।
एसेछेन गुणमणि,	गुणमणिका है हुआ आगमन,
देखिवारे मा जननी,—	मैयाका करनेको दर्शन,—
के आसि आमारे जेन,—	आ कानोंमें जाने किसने
बलिल काने ।	वचन सुनाया ॥

स्वकर्णे शुनिनु वाणी,
सन्मुखे हेरिनु आमि,
अपरूप यतिरूप—
नदीया धामे।
हाते कमण्डलु करि,
चरणे खड़म् धरि,
दुयारे दाँड़ाये तिनि,—
उदास प्राणे।
सङ्गे ताँर अगणन,
नदीया भकतगण,
सकले विरस मन,—
केन के जाने।
दुयारे दाँड़ाये माता,
कहिछेन कि जे कथा,
लोकेर गहले ताहा,—
गेल ना काने!
तुमि सवे ध'रे मोरे,
निये गेल पथ-धारे,
तार पर कि जे हल,—
किछु जानि ने।
दास हरिदासे कहे,
गौराङ्ग तोमारे चाहे,
कपट-संन्यासी तिनि,—
सबाइ जाने।

अपने ही कानों सुना वचन,
सामने किया मैंने दर्शन,
नदियामें ही—जो अद्भुत
यति-वेश सजाया।
कर लिये कमण्डलु अपने,
पादुका पदोंमें पहने,
खड़े द्वार पर वे,
प्राणोंमें सोच समाया॥
उनके साथ परे गणनाके,
भक्तोंकी टोली नदियाके,
सभी विरस-मन,—नहीं
समझमें कारण आया।
माँने जो हो खड़ी द्वार पर,
बात निकाली मुखसे बाहर,
कानोंमें वह गयी न
ऐसा जनरव छाया॥
तुम सव पकड़े मुझे सँभारे,
लेकर पथके गयीं किनारे,
पता न उसके पीछे क्या
फिर हुआ-हवाया।
दासानुदास हरिदास कहे,
गौराङ्ग तुम्हीको चाह रहे,
सर्वविदित—यति-वेश
उन्होंने अनृत वनाया॥

काञ्चना—
सखि विष्णुप्रिये!
ध्यानेते तुमि देखियाछ जाहा,
स्वप्नेर कथा नहे ताहा;
गुणमणि तव एसेछेन कुलिया नगरे।
एसेछि मोरा तोमार निकटे
ल'ये एइ शुभ समाचार।
आसिवेन तिनि,
देखिते तोमाय,

काञ्चना—
सखि विष्णुप्रिये!
ध्यानमें तुमने देखा है जिसको,
स्वप्नकी बात नहीं वह;
गुणमणि तुम्हारे आये हैं कुलिया नगरमें।
आयी हैं हमलोग निकट तुम्हारे
लेकर यही शुभ समाचार।
आयेंगे वे,
देखने तुम्हें,—

ए संवादओ पेयेछि मोरा ।
छुटेछे सर्व्वनदीयार लोक आजि,
कुलिया नगरे;
लोके लोकारण्य सुरधुनि तीर,
नर-नारी बाल वृद्ध युवा,
साँतारिया हइतेछे पार ।
शुनि सकलेर मुखे,
तव गुणमणिर संन्यासेर नाम,
नारि उच्चारिते मोरा ताहा मुखे ।
सखि ! तुमि थाक ब'से एइ गृहे;—
आसिबेन गुणमणि तव,
तोमार दुयारे, दरशन दिते तोमा ।
बाँधा तिनि तव प्रेमे चिर दिन;—
दिबेन प्रमाण तार एइ कार्य्ये तिनि ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने ! शुनि तव कथा,
जुड़ाइल प्राण मोर;
किंतु दुर-दुर करे मोर बुक,
दुर्ब्बल परानि मोर काँपे थर-थर ।
वाक्शक्ति पाय लोप,
चक्षे देखि अन्धकार नयनेर जले,
बुद्धि हय नाश ।
सखि ! ब'ले राखि शत कथार
एक कथा तोमादेर,—
एत कष्ट करिया स्वीकार,
आसिबेन केन तिनि आमार दुयारे ?
आमार कर्त्तव्य, सखि !
जाइबारे पति-दरशने;
ताँर श्रीचरण-दरशनलाभ—

यह संवाद भी मिला है हमको ।
भागे जा रहे हैं आज नदियाके सब लोग
कुलिया नगरको;
सुरधुनि-तीरपर भीड़ अपार,
नर-नारी-बाल-वृद्ध-युवा,
तैर-तैर हो रहे हैं पार ।
सुनकर सब लोगोंके मुखसे
तुम्हारे गुणमणिका संन्यास-नाम,
मुखसे कर पाती नहीं उसका उच्चारण हम।
सखि ! तुम बैठी रहो इसी घरमें;—
आयेंगे गुणमणि तुम्हारे
द्वारपर तुम्हारे, दर्शन देनेको तुम्हें ।
बँधे हैं चिरदिन वे प्रेममें तुम्हारे,
देंगे प्रमाण इसका इसी कार्यसे वे ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने ! सुनकर तुम्हारी बात,
शीतल हुए प्राण मेरे;
किंतु करती है छाती मेरी धक्-धक्,
दुर्बल प्राण मेरे काँपते हैं थर-थर ।
वाक्शक्ति लुप्त हुई,
आँखोंमें अन्धकार आँसुओंके कारण,
बुद्धि हुई नष्ट ।
सखि ! कह देती हूँ सौ बातोंकी
एक बात तुम सबसे—
इतना कष्ट करके स्वीकार
द्वारपर मेरे वे आयेंगे क्यों ?
मेरा कर्तव्य, सखि !
जाना पति-दर्शन निमित्त;
उनके श्रीचरणोंके दर्शनका लाभ

हबे मोर बहु भाग्यबले ।	होगा मुझे बड़े भाग्य-बलसे ।
बिलम्बे नाहि काज आर,—	देरीका काम नहीं और;
करि परामर्श मार सङ्गे,—	करके परामर्श माँसे,—
चल, मोरा सबे मिले जाइ गङ्गातीरे ।	चलो, चलें मिलकर हम सब गङ्गातीर ।
गुणमणि मोर,	मेरे गुणमणिने
दियेछेन शिक्षा मोरे वारंवार,	दी है मुझे बारंबार शिक्षा,—
हये अभिमान-शून्य,—	होकर अभिमान-शून्य,
भजिते श्रीकृष्णधने ।	भजना श्रीकृष्णधन ।
करि अभिमान ताँर सने	उनसे अभिमान करके
ब'से थाकि यदि आमि गृहे,—	बैठी यदि रहूँ मैं घरमें,—
लय मोर मने,—हय भय हृदे—	लगता है मेरे मनमें,—होता भय हृदयमें,
पाछे वञ्चित हइ वा आमि,	कहीं वञ्चित न रह जाऊँ मैं
पति-पादपद्म-दरशने ।	पति-पद-पद्म-दर्शनसे ।
सखि ! ताँर सने अभिमान	सखि ! उनके प्रति अभिमान
शोभा नाहि पाय ।	शोभा नहीं देता है ।
जगतेर गुरु तिनि,—बहुवल्लभ तिनि,	जगत्‌के गुरु वे,—बहुवल्लभ वे,
ह'ये अभिमानशून्य, सर्व्वभावे,—	होकर अभिमान-शून्य सब भाँति
जेते हबे दरशने ताँर ।	जाना होगा दर्शनको उनके ।
चलेछे सर्व्वलोक एइ नदीयार,	जा रहे हैं सभी लोग इस नदियाके,
पण्डित,—कुलीन,—धनी,—	पण्डित-कुलीन-धनी,—
केह नाहि बाद;	कोई नहीं बचा;
देख, देख—कुलेर कामिनी कत	देखो, देखो—कुलकामिनियाँ कितनी,
जाइतेछे धेये ।	जा रही हैं दौड़ी ।
कि आमि ?	मैं भला, क्या हूँ ?
किसेर अभिमान मोर ?	किस बातका अभिमान मुझे ?
जाब आमि मार सङ्गे पतिदरशने,	जाऊँगी मैं संग माँके पतिदर्शनको,
तोमराओ सङ्गे जाबे मोर ।	तुम सब भी संग मेरे चलोगी ।
काञ्चना—	**काञ्चना—**
सखि विष्णुप्रिये !	सखि ! विष्णुप्रिये !
पतिप्राणा रमणीर शिरोमणि तुमि,	पतिप्राणा रमणियोंमें शिरोमणि तुम,

देखाइले तुमि आजि	दिखाया तुमने आज
उच्च आदर्श पतिभक्तिर	उच्च आदर्श पतिभक्तिका
ए मर जगते ।	इस मर्त्यलोकमें ।
शिखाइले तुमि मोदेर	सिखाया तुमने हमसबको
उपलक्ष्य करि पति-भक्ति,	करके उपलक्ष पतिभक्तिको--
भगवद्भक्तिर अति उच्च सोपान ।	भगवद्भक्तिका अति उच्च सोपान ।
मानिनीर मान श्रेय: बटे,--	मानिनीका मान उत्तम है,--
रसमय नागरेर पक्षे,--सुखकरओ बटे,	रसमय नागरके लिये सुखकर भी है;
किंतु उपयोगी नय इहा सर्व्वस्थाने,	किंतु उपयोगी नहीं सभी स्थानपर यह,-
शिखाइले तुमि, सखि,	सिखाया तुमने सखि,
इहा आमा सबाकारे ।	यह हम सबको ।
गुणमणि तव,	गुणमणि तुम्हारे,
प्रकाशिया आजि ताँर पूर्णैश्वर्य्य--	प्रकाशितकर आज अपना पूर्णैश्वर्य,--
हयेछेन उदय नदीया नगरे ।	हुए हैं उदित नदिया नगरमें ।
लीलामयी तुमि--लीलामय तिनि --	लीलामयी तुम,--लीलामय वे,--
जे लीलार जाहा उपयुक्त उपचार,	जिस लीलाका जो उपयोगी उपचार,
उपयोगी आवाहन--	उपयोगी आवाहन--
ताइ करा अवश्य कर्त्तव्य ।	वही करना कर्तव्य आवश्यक है ।
बुद्धिमती तुमि, सखि !	बुद्धिमती तुम सखि !
रसशास्त्रे तव पूर्ण अधिकार;	पूरा अधिकार तुम्हारा रस-शास्त्रमें ।
उपदेश-वाक्य तव धरि मस्तकेते	उपदेश-वाक्य तव मस्तकपर धारण करके
जाब मोरा सङ्गे तव,	जायेंगी साथ हम तुम्हारे,
दरशने -	करनेको दर्शन--
संन्यासीरूपी नदीयार अवतारे ।	संन्यासीरूपी नदियाके अवतारका ।
दिये वस्त्र गलदेशे	वसन लपेटकर कण्ठमें,
ह'ये भूमि-विलुण्ठित	लोटकर पृथ्वीपर,
करिब प्रणाम ताँरे दूर ह'ते	करेंगी प्रणाम उनको दूरसे,
दण्डवत् ह'ये ;	दण्डवत् गिरकर;
श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु ! दया कर मोरे,	श्रीकृष्णचैतन्य प्रभु ! दया करो हमपर,--
बलि इहा, कर जोड़े,--दाँड़ाइये दूरे,	कहकर यों, जोड़े हाथ, दूरपर खड़ी हो

करिब मोरा आत्मनिवेदन ।	करेंगी हमलोग आत्मनिवेदन ।
वैकुण्ठेर नारायण तिनि	वैकुण्ठवासी नारायण वे,
ताँर सने वैधीभक्ति-आचरण	उनके प्रति आचरण वैधीभक्तिका—
शास्त्रयुक्ति,—अवश्य कर्त्तव्य ।	शास्त्रयुक्त—अवश्य पालनीय ।
तबे,—भाग्ये यदि थाके सखि !	तथापि—भाग्यमें यदि होगा सखि !
हेरिते नदिया-नागरवेशे	दर्शन नदिया-नागर-वेषमें,
गोराचान्दे पुनः एइ नदीयाय,—	पुनः गौरचाँदका इसी नदियामें,—
शचीर दुलाले पुनः शची-आङ्गिनाय,—	शचीके दुलारेका पुनः शची-आँगनमें,
विष्णुप्रियावल्लभे पुनः विष्णुप्रिया बामे,—	विष्णुप्रियावल्लभका बायें लिये प्रियाको,
तखन,—तखन,—सखि,	तभी-तभी—सखि !
मानिनीर मानेर मर्म्म,—	भामिनीके मानका मर्म,—
प्रणयिनीर प्रणयरहस्य,	प्रणयिनीका प्रणय-रहस्य,
दिब बुझाइये भाल क'रे,	देंगी समझा भली-भाँति,
कपट-संन्यासीवरे ।	कपट-संन्यासी-शिरोमणिको ।
अभिमानेर अनुराग-शरे,	मानमें बुझे अनुराग-शरसे
बिंधिब कठिन हृदय ताँर ।	विद्ध कर देंगी उनके कठिन हृदयको ।
प्रियार मान-भञ्जनेर तरे,	करनेको प्रियाका मानभङ्ग,
काँदिया-काँदिया साधिते हइबे,	रो-रोकर मनाना होगा
तखन ताँरे,	तब उन्हें,
नदीया-नागरी जने-जने ।	एक-एक नदियानागरीके प्रति ।

गीत

साधिया काँदिले कथा कब ना तखन ।	नहीं करूँगी बात, करें कितना मनुहार-रुदन ।
विष्णुप्रिया-वल्लभे विष्णुप्रिया बुझि लबे, संन्यासीर भरिभुरि— भाङ्गिबे तखन ॥	विष्णुप्रिया-वल्लभ छलिया- को समझेगी विष्णुप्रिया, संन्यासीके गुरु आडम्बरका होगा भञ्जन ॥
शठ-शिरोमणि सेजे, ताइ एसेछे यति सेजे शुधु देखे जावे च'ले,— ए विधि केमन ।	वे श्रेष्ठ शठोंमें सारे, यति बनकर तभी पधारे, क्या विधान यह—चले जायेंगे बस करके दर्शन ।

स्वार्थपर-चूड़ामणि,
कपटेर शिरोमणि,
कि बुझिबे रमणीर,—
मरम वेदन ॥

चूड़ामणि स्वार्थपरोंके,
शिरभूषण कपटकरोंके,
समझेंगे क्या रमणीके
मर्मस्थलका वेदन ॥

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
बलिओ ना ताँके,—रूढ़ कथा,
बाजे मोर प्राणे इहा शेल सम;
गुणमणि मोर, बड़ दयामय,
हृदि ताँर प्रेम-पारावार ।
संन्यासीर धर्म्म नहे गृहे आगमन,
तबुओ सखि !
ह'ये कृपा-परवश मोर प्रति,
करि छल,—गङ्गा-दरशन,
एसेछेन गुणमणि मोर, पुनः नदीयाय,
दरशन दिते अभागीरे ।
अनाथिनी आमि,—
त्रिजगते,—एका तिनि बिना,—
निजजन केह नाइ मोर ।
अन्तर्य्यामी तिनि,—इहा जानि
करुणा करिये,—करुणासागर नाथ,—
एसेछेन दरशन दिते ।
गृहत्यागी यतिवर तिनि,
मायामुक्त परम पुरुष,
आमा समा लक्ष-कोटी नरनारी
करिछेन निरन्तर ताँहार सेवन ।
जगत संसारे तिनि पूज्य सबाकार;
प्रेम-प्रीति, भालबासा-स्नेहेर
एक मात्र आकर जिनि,
चाइ भिक्षा ताँर काछे कर जोड़े,

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि काञ्चने !
कहो मत अशिष्ट उक्ति उनके प्रति,
प्राणोंमें शेल सम करकता है मेरे यह;
गुणमणि मेरे बड़े ही दयामय हैं,
हृदयमें उनके प्रेम-पारावार ।
संन्यासीका धर्म नहीं घर आना,
तब भी सखि !
मेरे प्रति होकर कृपा-परवश,
करके मिस गङ्गा-दर्शनका
आये हैं गुणमणि मेरे फिर नदियामें,
दर्शन देने अभागिनीको ।
अनाथिनी मैं,—
त्रिभुवनमें उनके बिना एकाकिनी;
निजजन नहीं कोई मेरा ।
अन्तर्यामी वे,—यह जानकर
करुणापूर्वक, करुणासागर नाथ
आये हैं देनेको दर्शन ।
गृहत्यागी यतिवर वे,
मायामुक्त परमपुरुष;
मेरे सम लक्ष-कोटि नर-नारी
करते हैं निरन्तर आराधन उनका ।
पूज्य वे सभीके सारे संसारमें;
प्रेम-प्रीति, छोह-स्नेहके
एकमात्र आकर जो,
माँगती हूँ भिक्षा उनसे कर जोड़े,

कृपा-कणा मात्र ।
एसेछेन तिनि, करिते कृपा-वरिषण,
सर्व्वस्थाने समभावे एइ नदीयाय ।
हरषित सर्व्वलोके,
तिरपित जगत संसार ।
सखि ! कृपार अवतार तिनि,
कृपानिधि तिनि;
पाइ यदि, भाग्यबले,
एक बिन्दु कृपा ताँर,
सार्थक जीवन हबे मोर,
सफल हबे सर्व्व मनस्काम ।
इहा भिन्न
नाहि अन्य अभिलाष मोर ।
भिखारिणी आमि,—कांगालिनी आमि,
तिनि कांगालेर ठाकुर,
करुणार अवतार ।
जाब ताँर काछे सखि ! दुखिनीर वेशे,
तबे यदि हय कृपा ताँर
अनाथिनी ब'ले ।
चल, चल, प्रियसखि !
आर विलम्बे नाहिक काज ।

काञ्चना—
सखि ! प्रिय सखि ! धन्य तुमि,
धन्य तव गम्भीर चरित्र ।
सामान्या रमणी मोरा,–
शक्ति नाहि बुझिवार,
अद्भुत चरित्र तोमादेर ।
अद्भुत काहिनी शुनि तव मुखे,
बुझिलाम निगूढ़ रहस्यपूर्ण
लीला तोमादेर ।

कृपाकण मात्र ।
आये हैं वे करने अनुकम्पाकी वर्षा,
सर्वत्र समभावसे इस नदियामें ।
हर्षित सकल लोक,
तृप्त सम्पूर्ण जगत् ।
सखि ! अवतार वे कृपाके,
कृपानिधि वे;
पाऊँ यदि भाग्यसे
एक बिन्दु कृपा उनकी,
सार्थक हो जायगा जीवन मेरा,
पूर्ण होंगे सभी मनोरथ ।
इसके अतिरिक्त
अन्य अभिलाषा मेरी नहीं ।
भिखारिनी मैं,—मैं कंगालिनी,
ठाकुर कंगालोंके वे,
अवतार करुणाके ।
जाऊँगी पास उनके सखि ! दुःखिनीवेषमें
तब यदि हो कृपा उनकी,
जानकर अनाथिनी ।
चलो, चलो, प्रिय सखि !
और नहीं काम विलम्बका ।

काञ्चना
सखि ! प्रिय सखि ! धन्य तुम,
धन्य तुम्हारा गम्भीर चरित्र !
सामान्य रमणी हम,—
शक्ति न समझनेकी
अद्भुत चरित तुम दोनोंका ।
अद्भुत वार्ता सुनकर तुम्हारे मुखसे,
समझ पायी निगूढ़ रहस्यपूर्ण
लीला तुम दोनोंकी ।

प्रवेशिबे कार साध्य,
एइ गम्भीर, असीम, अगाध, अनन्त
भाव-तरङ्गमय लीला-समुद्र भीतरे ।
क्षमा कर सखि !
व्यथा यदि दिये थाकि मने ।

श्रीविष्णुप्रिया—

सखि ! विरहिणी आमि,
ज्वले हृदे अहरहः
विषम विरहानल;
ताइ प्रलापेर वाक्य आसे मुखे ।
कि जे बलियाछि तोमा,
किछु मने नाइ;
मने यदि दुख दिये थाकि
क्षमा कर, सखि !
(पथेर दिके चाहिया)
सखि ! कोलाहले परिपूर्ण नवद्वीप;
लोके लोकारण्यपथ,
कि करि जाइब मोरा,
गङ्गातीरे गुणमणि-दरशने ?

काञ्चना—

सखि विष्णुप्रिये !
परामर्श करि मार सङ्गे,
चल, जाइ सबे मिले गङ्गातीरे;
ईशानके करि सङ्गे चल, सखि !
दूर ह'ते देखे आसि न्यासीवरे ।
(सकलेर प्रस्थान)

किसकी सामर्थ्य जो प्रवेश करे
इस गम्भीर, असीम, अगाध, अनन्त
भाव-तरङ्गमय लीला-समुद्रके भीतर ?
क्षमा करो सखि !
व्यथा यदि पहुँचायी हो मनको ।

श्रीविष्णुप्रिया--

सखि ! विरहिणी मैं,
जलता है हृदयमें प्रतिदिन
विषम विरहानल;
इसीसे प्रलाप-वाणी निकल पड़ती मुखसे ।
क्या मैं बोल गयी हूँ तुमसे,
कुछ भी स्मरण नहीं है;
मनमें यदि दुःख पहुँचाया हो
तो क्षमा करो, सखि !
(पथकी ओर देखकर)
सखि ! कोलाहलसे परिपूर्ण नवद्वीप,
बड़ी भीड़ पथपर,
जायेंगी हम सब कैसे,
गङ्गातट दर्शन करने गुणमणिका ?

काञ्चना--

सखि विष्णुप्रिये !
परामर्श कर संग माँके,
चलो, चलें सब मिलकर गङ्गातट,
साथ ले ईशानको चलें, सखि !
दूरसे देख आयें संन्यासी वरको ।
(सवका प्रस्थान)

पञ्चम अङ्क ।

(प्रथम गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन,—ईशान गृहकार्य्ये व्यस्त, मालिनीदेवी वहिर्वाटीते पुष्प-चयन करितेछेन ।
(श्रीवास पण्डितेर प्रवेश)

श्रीवास--

गृहिणी ! शुक्लाम्बर
ब्रह्मचारी गृहे,
एसेछेन नवद्वीपचन्द्र ।
आजइ तिनि,
जननी ओ जन्मभूमि करि दरशन,
छाड़िबेन नवद्वीप चिरतरे ।
कर जोड़े क'रे वहु अनुरोध,—
तिन दिन ध'रे,--
क'रे वहु आराधना;
वहुकष्टे क'रेछि सम्मत ताँहाके
दाड़ाइते गृहद्वारे,—
अर्द्ध दण्ड तरे ।
हेरिबेन पतिपादपद्म,
श्रीविष्णुप्रिया सती ।
एइ भार लह तुमि;--
करि परामर्श शचीमार सने--
कार्य्य जाते हय सुसम्पन्न,
कर तुमि सुव्यवस्था तार ।
जाइ आमि प्रभुर निकटे
सङ्गे करि ताँरे आनिब हेथाय ।

ईशान--

पण्डित ठाकुर !

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन—ईशान गृहकार्यमें व्यस्त हैं, मालिनीदेवी बाहरी घरमें पुष्प-चयन कर रही हैं ।
(श्रीवास पण्डितका प्रवेश)

श्रीवास--

मेरी गृहस्वामिनि ! शुक्लाम्बर
ब्रह्मचारीके घर
आये हुए हैं नवद्वीपचन्द्र ।
आज ही वे
दर्शन करके जननी-जन्मभूमिका,
छोड़ देंगे नदियाको चिरकालके लिये ।
कर जोड़े करके बहुत अनुरोध,--
तीन दिन लगातार
करके बहुत अनुनय-विनय;
बड़ी कठिनतासे किया है राजी उनको
खड़ा रहनेके लिये घरके दरवाजेपर,--
आधी घड़ीके लिये ।
दर्शन करेंगी पति-पाद-पद्मोंका,
श्रीविष्णुप्रिया सती ।
उठाओ यह भार तुम,
करके परामर्श शचीमातासे;--
सुसम्पन्न कार्य हो जिससे,
करो तुम सुव्यवस्था उसकी ।
जाता हूँ निकट मैं प्रभुके,
उन्हें यहाँ साथ ले आऊँगा ।

ईशान--

पण्डित ठाकुर !

ए बाटीर पालित कुक्कुर आमि;	इस घरका पालतू कुत्ता मैं,
आज्ञावह भृत्य आमि,	आज्ञाकारी दास मैं;
जे आज्ञा करेन गौराङ्ग-जननी मोरे	जो आज्ञा देती हैं गौराङ्ग-जननी मुझे,
ताहा मोर सर्व्वथा पालनीय ।	पालनीय सर्वथा मेरे लिये वही ।
चिरदिन ह'ते,	चिर दिनसे
दासत्व-कार्य्ये व्रती आमि	व्रत लिया मैंने है दासत्व करनेका
गौराङ्ग-गोष्ठीर ।	गौराङ्ग-परिवारका ।
काल, मातार आदेशे	माताकी आज्ञासे कल
ल'ये वधू ठाकुरानीके,	बहू गृहस्वामिनीको लेकर,
गेनु मोरा सबे गङ्गातीरे,--	गये हम सब गङ्गाके तटपर--
गौराङ्ग-दर्शन तरे ।	गौराङ्ग-दर्शनार्थ ।
पथे लोकेर संघट्टे	पथमें लोगोंके जमघटमें--
नर-नारी एकाकार,	नर-नारी एकाकार--
सुधुमात्र जेतेछे देखा,	एकमात्र देते दिखाई थे
नरमुण्ड अगणन ।	नरमुण्ड अगणित ।
महा बलवान जारा,	महा बलवान् जो
ताहाराओ ह'ये पश्चात्पद	वे सब भी उलटे पाँव
फिरितेछे गृहेते,-ह'ये भग्न-मनोरथ ।	घरको थे लौट रहे होकर भग्न-मनोरथ ।
गौराङ्ग-जननी आमार,	गौराङ्ग-जननी मेरी
वृद्धा,-जीर्ण शीर्ण कलेवर;--	वृद्धा, जीर्ण-शीर्ण कलेवर,--
ल'ये यष्टि हाते,	लिये लाठी हाथमें,--
वधू मातार धरि हात,	पकड़कर हाथ बहूरानीका
सेइ अगणित जनसंघ माझे,	उस अगणित जनसमुदाय बीच
चलिलेन मोर सङ्गे पुत्र-दरशने ।	चल पड़ीं मेरे साथ पुत्र-दर्शनके लिये ।
थर-थर काँपे अङ्ग ताँर,	थर-थर काँपता था अङ्ग उनका,
नयेनेते बहे शतधारा,	नयनोंसे बहती थी सौ-सौ धाराएँ;
कुललक्ष्मी वधू ठाकुराणी, अवगुण्ठनवती	कुललक्ष्मी बहू गृहस्वामिनी घूँघट निकाले
वस्त्र दिया आच्छादित सर्व्व अङ्ग ताँर,-	वसनसे ढँके थे सारे अङ्ग उनके,--
लज्जा, भय, अपमाने हइये कातर,	लज्जा, भय, अपमान द्वारा हुई कातर,--
चलिलेन मार सङ्गे पतिदरशने ।	चलीं सङ्ग माँके पति-दर्शनके लिये ।

उठि गङ्गार पाहाड़' परे	चढ़कर गङ्गाके ऊँचे कगारपर
निश्चल पाषाण-प्रतिमावत्	निश्चल पाषाण-प्रतिमावत्
रहिलेन दाँड़ाइये दुइजने ।	खड़ी रहीं दोनों ।
किछु नाहि जाय देखा,—	कुछ नहीं पड़ता था दिखायी,—
दूरे गङ्गापारे,	दूर गङ्गातटपर,
केवल लोकेर संघट्ट,	केवल लोगोंका जमघट,
आर नरमुण्ड अगणन ।	और अगणित नरमुण्ड ।
शुनि शुधु कोलाहल-	पड़ती सुनायी थी केवल कोलाहल-
ध्वनि अविरत,	ध्वनि अविरत,
मध्ये-मध्ये उठितेछे हरिध्वनि	उठती थी बीच-बीचमें हरिध्वनि
गगन भेदिया;	गगन भेदकर;
दूर ह'ते गेल देखा,	दूरसे दिखायी दिया
प्रभुर मोर मुण्डित मस्तक,—	स्वामीका मेरे मुण्डित मस्तक,—
करि ऊर्ध्वे आजानुलम्बित दुइ बाहु,—	ऊँचे उठा आजानुलम्बित भुजाएँ दोनों,—
"बोल, हरि बोल"	"बोल, हरि बोल"
बलितेछेन यतिराज	रहे थे बोल यतिराज
उच्चकण्ठे घने घन ।	उच्च कण्ठसे अविराम ।
ताइ देखे मा जननी ओ वधू ठाकुराणी	देख उसे जननी माँ और मालकिन बहू
पड़िलेन धरासने—हइये मूर्च्छित;	गिर पड़ीं पृथ्वीपर—मूर्छिता हो;
आर आमि,—नराधम भृत्य ताँदेर—	और मैं,—नराधम दास उनका—
बाँधि बुक पाषाणेते	वक्षःस्थलपर बाँधकर पाषाण
बुक दिये पड़ि—सेथा,	लेटकर छातीके बल वहीं,
करिनु रक्षा दोंहाकारे	करता रहा रक्षा दोनोंकी
सेइ भीषण लोकसङ्घ ह'ते ।	उस भीषण जन-समुदायसे ।
पण्डित ठाकुर ! भक्त-चूड़ामणि तुमि,	पण्डित ठाकुर ! भक्तचूड़ामणि तुम,
एकि ए विचार तोमादेर ?	यह क्या कैसा विचार तुमलोगोंका ?
खोयाइये लाज-मान कुललक्ष्मीर,	खोकर लाज-मान कुल-लक्ष्मीकी,
एइ लोकारण्य राजपथ दिये,	इस घनी भीड़में राजपथसे,
जेते हबे कुलवधूर	जाना पड़ेगा कुलवधूको
पति-दर्शने ?	पति-दर्शननिमित्त ?

शोकातुरा जराजीर्ण वृद्धा जननीर	शोकातुरा , जरा-जीर्ण, वृद्धा जननीको
जेते ह्बे,	जाना होगा,
एइ लोक संघट्टेर मध्य दिये,	इस जन-समूहके बीचसे,
गङ्गातीरे पुत्र-दरशने ?	गङ्गा-तीर पुत्र-दर्शनके लिये ?
पण्डित ठाकुर ! सकलि सहिते पारि,	पण्डित ठाकुर ! सब कुछ सह सकता हूँ,
किंतु गौराङ्ग-जननीर ओ घरणीर,	किंतु गौराङ्ग-जननी और गृहिणीकी
ए निदारुण लाञ्छना ओ अपमान,——	लाञ्छना निदारुण यह और अपमान
बेजेछे प्राणे मोर बड़ ।	प्राणोंमें मेरे सालती बहुत है ।
कहि नाइ, कोन कथा एत दिन,	कहा नहीं कुछ भी इतने दिन,
नीरवे सहेछि आमि,	चुपचाप सहता रहा मैं
शत वृश्चिक दंशन ज्वाला ।	शत वृश्चिक दंशन ज्वाला समान ।
किंतु आर ना सहिते पारि;	किंतु अब नहीं सहा जाता है
राजराजेश्वरी मा विष्णुप्रिया आमार,	राजराजेश्वरी माँ मेरी विष्णुप्रियाका,
राजमाता गौराङ्ग-जननीर——	राजमाता गौराङ्ग-जननीका
एइ बुक फाटा निदारुण अदृष्टेर फल ।	यह हृदय-विदारी निदारुण अदृष्टफल ।
पण्डित ठाकुर ! तुमि सबे भक्तवृन्द	पण्डित ठाकुर ! तुम सब भक्तवृन्दके
थाकिते हेथाय,	रहते हुए यहाँ,
ए दृश्य——देखिते ह'ल मोर,	यह दृश्य——देखना पड़ा मुझे,
इहा बड़इ क्षोभेर विषय ।	बड़े ही क्षोभका विषय है यह ।
हा गौराङ्ग ! गौरहरि !	हा गौराङ्ग ! गौर हरि !
मृत्यु केन लिख नाइ	मृत्यु क्यों न दिया लिख
भाले ए अभागार ?	भाग्यमें इस अभागेके ?
शिशु ह'ते सेविलाम तव श्रीचरण	शिशुपनसे की है सेवा तव श्रीचरणोंकी
एइ सब देखिबार तरे ?	यही सब देखनेके लिये ?
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
श्रीवास——	**श्रीवास——**
भाग्यवान तुमि,	भाग्यवान् तुम,
चौद्द भुवन माझे,	चौदहों भुवनमें,
भाग्य तव शिव-विरञ्चि-वाञ्छित ।	भाग्य तुम्हारा शिव-विरञ्चि-वाञ्छित है।
तुमि आज्ञावह दास,	तुम आज्ञाकारी दास,

पेलेछ आज्ञा	पाली है आज्ञा तुमने
गौराङ्ग-जननी ओ घरणीर	गौराङ्ग-जननी और गृहिणीकी;
धन्य तुमि,—धन्य तव दास्यभाव ।	धन्य तुम,——धन्य तुम्हारा दास्यभाव ।
पारे नाइ केह जाहा,	कोई नहीं कर सका जिसे,
तुमि ताहा पारियाछ;	उसको तुमने कर दिखाया ।
दियेछिलेन शचीमाता एइ आज्ञा मोरे,	दी थी शचीमाताने यही आज्ञा मुझको,
लङ्घियाछि आमि ताहा	उल्लङ्घन किया है मैंने उसका
अम्लान वदने ।	अम्लान मुखसे ।
ए शक्ति आमार नाइ,——	ऐसी शक्ति मुझमें नहीं,——
कृपाबले गौराङ्गेर तुमि शक्तिशाली,	गौराङ्गके कृपाबलसे तुम हो शक्तिशाली,
ताइ तुमि करिते पेरेछ एइ काज ।	इसीसे तुम कर पाये हो यह काम ।
गुरुजनेर आज्ञा बलवान,——	गुरुजनोंकी आज्ञा बलवान,——
ताहा विचारेर नाइ प्रयोजन ।	उसमें आवश्यकता नहीं सोच-विचारकी ।
एखन बलि शुन,——	इस समय कहता हूँ, सुनो——
आसिबेन प्रभु आज गृहद्वारे	आयेंगे प्रभु आज घरके द्वारपर,
जननी ओ जन्मभूमि दरशने ।	जननी और जन्मभूमिका करने दर्शन ।
जाहाते वधू ठाकुराणीर तव	जिससे तुम्हारी बहू गृहस्वामिनीको
पतिपादपद्म स्वच्छन्दे हय दरशन;	पति-पाद-पद्मोंका स्वच्छन्द दर्शन हो,
ताहार सम्पूर्ण भार तोमार उपर ।	इसका सम्पूर्ण भार ऊपर तुम्हारे है ।
जाओ ईशान ! मार सने करि परामर्श—	जाओ ईशान ! माँसे कर परामर्श,——
बुझिया,——समय ओ सुयोग——	विचारकर,——समय और सुयोग,——
कर एइ कार्य्य समाधान ।	करो यह कार्य-सम्पादन ।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
(बाड़ीर सन्मुखे राजपथेर उपर वहुलोकेर संघट्ट एवं कोलाहल)	(घरके सामने राजमार्गके ऊपर अपार जन-समूह एवं कोलाहल)
(शचीमाता, मालिनीदेवी, सर्व्वजया, श्रीविष्णुप्रिया, काञ्चना, अमिता प्रभृति सकले एकत्रे आङ्गिनाय दाँड़ाइया व्यस्तभावे पथ-निरीक्षण)	(शचीमाता, मालिनीदेवी, सर्वजया, श्रीविष्णुप्रिया, काञ्चना, अमिता आदि सबका एकत्र आँगनमें खड़ी होकर उत्सुकता-पूर्वक पथकी ओर देखना)

शचीमाता—	**शचीमाता**—
एकि ? बाड़ीर सन्मुखे देखि,	यह क्या ? भवनके सम्मुख देखती हूँ,
लोके लोकारण्य ।	लोगोंकी अपार भीड़ ।
श्रीवासादि भक्तगण एके-एके	श्रीवासादि भक्तगण एक-एक करके,
सबे समागत ।	सभी हैं आये हुए ।
आसिछे सर्व्व नदीयार लोक एइ पथे,	आ रहे हैं सारे नदियाके लोग इसी पथपर,
हरिध्वनि उठेछे गगने	हरिध्वनि गगनमें है उठ रही;
दाँड़ायेछे केन सबे	खड़े हैं सबलोग किसलिये,
धीरभावे विरस वदने,	धैर्य धरे म्लानमुख,
दुयारेते मोर ।	द्वारपर मेरे ।
सोनार निमाइचाँद,	सोनेका निमाईचाँद,
आसिबे कि देखा दिते मोरे ?	आयेगा दर्शन देने मुझे क्या ?
मालिनी दिदि !	मालिनी दीदी !
हेन भाग्य हबे कि आमार ?	ऐसा भाग्य होगा क्या मेरा ?
मालिनी—(स्वगत)	**मालिनी**—(स्वगत)
पण्डित ठाकुर बले गेछेन	कह गये हैं पण्डित ठाकुर
मोरे बारबार—	बार-बार मुझसे—
ल'ये श्रीविष्णुप्रियाके,	लेकर श्रीविष्णुप्रियाको,
प्रस्तुत थाकिते सावधाने,	प्रस्तुत रहनेको होकर सावधान;
आहा पतिर संन्यासवेश,	पतिका संन्यासवेश आह !
आजि तारे हइबे देखिते ;—	आज उसे होगा विलोकना ।
नदीयावासीर प्राण,—	नदियावासियोंके प्राण,
नदीयार राजराजेश्वर,—	नदियाके राजराजेश्वर,
विष्णुप्रियार प्राण धन, नदीया-नागर,	विष्णुप्रियाके प्राणधन, नदियानागर,
आजि भिखारीर वेशे,	भिखारीके वेशमें आज,
दण्ड-कमण्डलु करे,	हाथोंमें दण्ड-कमण्डलु लिये,
मुण्डित मस्तके,	मुण्डित-मस्तक,
रक्ताम्बर-परिधान संन्यासीर वेशे,	गैरिक वसन पहने संन्यासी-वेशमें
दाँड़ाये आपन दुयारे	खड़े होकर द्वारपर अपने
दिये जाबे शेष देखा ।	अन्तिम दर्शन दे जायँगे ।

दुखिनी विष्णुप्रियार	दुखिया विष्णुप्रियाका
गेछे सेइ एक दिन,--	एक वह दिन गया,
आर एकदिन आज आसियाछे ।--	अब एक दिन आज आया है ।
धैर्य्यवती नारी-शिरोमणि,--	धैर्यवती नारीशिरोमणि
सहेछे अकातरे पञ्चवर्षकालव्यापी	अकातर सह रही है पञ्चवर्षकालव्यापी
विरहेर भीषण दहन ।	भीषण वियोग-ज्वाला ।
आज प्राणवल्लभ ताँर,	आज प्राणवल्लभ उनके,
साधनार धन ताँर,--	उनकी साधनाके धन,
जीवन-सम्बल ताँर,--नवद्वीपचन्द्र,--	जीवन-सम्बल उनके,-नवद्वीप-चन्द्रमा,-
एकबार दिये देखा चले जाबे,--	एकबार दर्शन दे, जायँगे चले,--
फिरिबे ना आर नवद्वीपे;--	लौटेंगे फिर नहीं नवद्वीप,--
ए दुःख ताँर मरिले ना जावे ।	मिटेगा न मरनेसे भी उसका यह दुःख ।
विधिर निर्ब्बन्ध,--	विधिका विधान,--
एइ प्राणघाती निदारुण दुःख-ताप--	यह प्राणघाती निदारुण दुःख-ज्वाला
ताँर सहिते हइबे चिरकाल ।	सहनी पड़ेगी उन्हें चिरकाल ।
दियेछेन शक्ति ताँरे,	शक्ति उनको दी है,
शक्तिमान स्वयं भगवान--	स्वयं शक्तिमान् भगवानने
दुःख-ज्वाला-ताप सहिबार,	दुःख-ज्वाला-ताप सहनेके लिये;
भगवत शक्ति इहा, इथे नाहिक संदेह ।	भागवती शक्ति यह, इसमें संदेह नहीं ।
श्रीविष्णुप्रिया हन,	श्रीविष्णुप्रिया हैं,
श्रीगौराङ्गेर पूर्ण शक्ति,	श्रीगौराङ्गकी पूर्ण शक्ति;
शक्ति-शक्तिमाने--	शक्ति-शक्तिमान्में--
दुःख सहिबार शक्ति	दुःख सहनेकी शक्ति
तुल्यभावे आछे विद्यमान ।	विद्यमान है तुल्य भावसे ।
श्रीविष्णुप्रिया--	**श्रीविष्णुप्रिया**—
(शचीमातार अञ्चल धरिया काँदिते-काँदिते)	(शचीमाताका आँचल पकड़कर रोते-रोते)
मागो ! आसिछेन तिनि,	माँ ! आ रहे हैं वे,
देखिते तोमाय ।	दर्शनके लिये तुम्हारे ।
एक अनुरोध तव पदे मोर;	मेरा अनुरोध एक तव चरणोंमें;

ब'ल मागो ! ताँके आसिते,	कहना माँ ! आनेको उन्हें,--
ए गृहे तिलार्द्धेक तरे;	इस घरमें बस आधे पलके लिये
प्राण भरि राङ्गा पादुखानि ताँर,	प्राण भरकर उनके उभय अरुण चरण
देखिब आबार,	देखूँगी फिर,--
एइ मोर जीवनेर साध ।	यही साध जीवनकी मेरे ।
एइ लोकेर संघट्टे,--राजपथ माझे,	लोगोंके इस समुदायमें,--बीच राजपथमें
ए काज केमने साधिब आमि ?	कैसे बनाऊँगी काम यह मैं ?
बल मागो ! बल तुमि मोरे,	कहो माँ ! मुझको बताओ तुम ।
ताँर हेट हबे माथा,--	उनका सिर नीचा होगा,--
लज्जा पाइबेन तिनि,--	लज्जित होंगे वे,--
नारिब हेरिते से दृश्य आमि ।	देख नहीं सकूँगी दृश्य वह मैं ।
गृहे एसे दाँड़ाइले क्षणकाल,	घर आकर होनेसे क्षणभरके लिये खड़े,
यदि ताँर हय धर्म्म नष्ट,--	यदि हो उनका धर्म नष्ट,--
बलेन यदि तिनि ए कथा तोमाके,	कहें यदि ऐसी बात वे तुमको,
बलिओ ना आर किछु ताँरे ।	कहियेगा और कुछ न उनको ।
जाब आमि राजपथे भिखारिणी-वेशे,	जाऊँगी मैं राजपथपर भिखारिणीके वेशमें,
ताँहारि आदेशे,	उनके ही आदेशसे;
हेरिब रातुल चरण ताँर,	देखूँगी अरुण चरण उनके,
पथे दाँड़ाइये;--	पथमें खड़ी हो,--
तिनि यदि चान् इहा ।	यही यदि वे चाहें ।
आमार कर्त्तव्य ताँर आदेश पालन ।	मेरा कर्त्तव्य उनका आदेश पालन ।
तिनि मोर लज्जा-भय,	वे मेरे लज्जा-भय,
मान-अपमान;	मान-अपमान;
ताँर तरे अकर्त्तव्य	उनके लिये, अकर्त्तव्य भी
कर्त्तव्य हय मोर ।	होगा कर्त्तव्य मेरा ।
(श्रीवास पण्डितेर प्रवेश)	(श्रीवास पण्डितका प्रवेश)
श्रीवास--	**श्रीवास**--
मागो ! ओइ देख लक्षकोटि लोक सङ्गे	माँ ! वह देखो लक्षकोटि लोगोंके साथ
हरिध्वनि करिते-करिते,--	हरिध्वनि करते-करते,
आसितेछेन पुत्र तव;	आ रहे हैं पुत्र तव;

दुयारे तोमार दाँड़ाबेन तिनि	द्वारपर तुम्हारे खड़े होंगे वे
क्षणकाल ।	क्षण भरको ।
मागो ! इतिमध्ये सर्व्वकार्य्य	माँ ! इसी बीच सब कार्योंका
कर समाधान ।	करो निर्वाह ।
(बहिर्द्वारेर सन्मुखे राजपथे यतिराज श्रीकृष्णचैतन्य प्रभुर आविर्भाव)	(बाहरी द्वारके सम्मुख राजपथपर यतिराज श्रीकृष्णचैतन्य प्रभुका प्रकट होना)
(शचीमातार प्रवेश)	(शचीमाताका प्रवेश)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
बाप् विश्वम्भर ! सोनार निमाइचाँद !	लाल विश्वम्भर ! सोनेके निमाईचाँद !
हाराधन मोर ! अञ्चलेर निधि !	खोये धन मेरे ! अञ्चलकी निधि !
बापधन !	लालमणि !
गृहेर भीतरे एस एकबार;	घरके भीतर आओ एकबार;
देखे जाओ बाप,	देख जाओ लाल,
कि दशा हयेछे मोर ।	क्या दशा हुई है मेरी ।
(रुद्धकण्ठे क्रन्दन)	(रुद्ध कण्ठसे क्रन्दन)
श्रीकृष्णचैतन्य--	**श्रीकृष्णचैतन्य—**
जननि ! प्रणमि तव पदे,	जननि ! प्रणाम करता हूँ तव चरणोंमें,
कर आशीर्व्वाद--	दो आशीर्वाद,--
श्रीकृष्णचरणे जेन मोर रति-मति हय,--	श्रीकृष्णचरणोंमें जिससे हो रति-मति मेरी,
यतिधर्म्म जेन रक्षा हय मोर,--	जिससे हो रक्षा मेरे यतिधर्मकी;
मागो ! तव कृपाबले श्रीकृष्णधन,	माँ ! तुम्हारे कृपाबलसे श्रीकृष्ण प्यारे,
दिबेन दरशन मोरे ।	देंगे दर्शन मुझे ।
भक्ति मोर जाहा किछु,--	भक्ति मुझमें जो कुछ है,
तुमि तार मूल मन्त्र ।	मूलमन्त्र उसका तुम्हीं ।
विष्णुभक्तिस्वरूपिणी तुमि,	विष्णुभक्तिस्वरूपिणी तुम,
गङ्गा ओ तुलसी	गङ्गा और तुलसी
परश मागे तव,—	याचना करती हैं तुम्हारे स्पर्शकी ।
भाग्यवान आमि,	भाग्यवान मैं,
तोमा हेन मातृगर्भे लभिये जनम ।	तुम-जैसी माताके गर्भसे जन्म लेकर ।

मूढ़ पुत्र तव,—अबोध,—निर्ब्बुद्धि,—
करेछि संन्यास नवीन वयसे,
ना विचारि,—भाल मन्द,—
एवे जाते धर्म्मरक्षा हय तार,
तुमि मागो ! कृपा करि कर उपदेश ।

शचीमाता—

(थर-थर काँपिते-काँपिते)

बाप् विश्वम्भर ! आमार जीवनसर्व्वस्व ।
एसेछिनु मने क'रे
कत कथा बलिब तोमारे ।
हेरे ऐ जगतपूज्य यतिरूप तव,
चेये ऐ ज्योतिर्म्मय
मुखपाने तोर,
सब भूले गेनु आमि ।
तुमि बाप ! जगतेर गुरु,—
जगन्मङ्गल कार्य्ये व्रती तुमि,—
धर्म्मराज-चक्रवर्त्ती तुमि,—
कलिहत जीव हइबे उद्धार
तोमा ह'ते ।
बाप् विश्वम्भर ! जाते हय
तव धर्म्मरक्षा
ताइ कर तुमि ।
दुखिनी जननी बले
एसेछ तुमि देखा दिते मोरे,
एइ मोर परम सौभाग्य ।

(क्रन्दन एवं भूमितले उपवेशन)

श्रीकृष्णचैतन्य—

(जन्मभूमिर प्रति चाहिया)

(स्वगत)

मूढ़ सुत तुम्हारा,—अबोध,—निर्बुद्धि,—
ले चुका है संन्यास नयी अवस्थामें,
बिना विचारे,—उचित-अनुचित,—
अब जिससे धर्म-रक्षा हो उसकी,
तुम्हीं माँ ! कृपापूर्वक करो उपदेश ।

शचीमाता—

(थर-थर काँपते-काँपते)

लाल विश्वम्भर ! मेरे जीवन-सर्वस्व !
आयी थी मनमें सोच—
कितनी बात कहूँगी तुमको ।
अवलोक जगत्पूज्य यतिरूप यह तुम्हारा,
देखकर इस ज्योतिर्मय
तुम्हारे मुखकी ओर,
सब भूल गयी मैं ।
तुम तात ! जगद्गुरु,—
जगन्मङ्गल-कार्य-व्रतधारी तुम,—
धर्मराज-चक्रवर्त्ती तुम,—
कलिहत जीवोंका होगा उद्धार
तुम्हारे द्वारा ।
वत्स विश्वम्भर ! जिससे हो
तुम्हारी धर्मरक्षा,
करो तुम वैसा ही ।
जननीको दुःखिनी जान
आये तुम मिलने मुझसे,—
यही मेरा परम सौभाग्य ।

(क्रन्दन और भूमिपर वैठना)

श्रीकृष्णचैतन्य—

(जन्मभमिकी ओर देखकर)

(स्वगत)

परिपूर्ण मायामय,	परिपूर्ण मायामय,
एइ जगत संसार,	यह जग-संसार,
त्यजि गृहवास, हयेछि संन्यासी,--	घरबार त्यागकर, हुआ हूँ संन्यासी,
घुचे गेछे मोर,--संसार बन्धन;	मुक्त हुआ मेरा,--संसार-बन्धन;
तबुओ अबोध मन मोर	तब भी अबोध मन मेरा
पूर्व्व स्मृतिगुलि भुलिते ना चाय;	पूर्वकी स्मृतियोंको भूलना नहीं चाहता;
पूर्व्वाश्रमे, एइ गृहवासे	पूर्वाश्रममें, इसी घर-द्वारमें
छिनु आमि नदियानागर,--	था मैं नदिया-नागर;--
प्रेममयी प्रिया सने,	प्रेममयी प्रियाके साथ
प्रेमानन्दे डुबे छिनु निशिदिन ।	प्रेमानन्दमें निमग्न रहता था निशिदिन ।
स्नेहमयी जननीर स्नेहेर बन्धने,	स्नेहमयी जननीके स्नेहपूर्ण बन्धनमें
छिनु बाँधा अहरहः ।	रहता था बद्ध सदा ।
धर्म्म नहे संन्यासीर गृहे आगमन	धर्म नहीं आना संन्यासीका घरमें--
एइ जन्य,--	इसीसे,--
करे उद्दीपना इथे पूर्व्व स्मृति जत,--	होती उद्दीप्त यहाँ पूर्वस्मृति सभी--
जागे मने पूर्व्व सुखानन्द;	जागता मनमें पूर्व सुखानन्द,--
ताते नष्ट हय परकाल,	नष्ट होता परलोक उससे,
हानि हय संन्यासीर धर्म्म ।	हत होता संन्यासी-धर्म ।
बहु चिन्ता करि,--श्रीवासेर अनुरोधे--	बड़ी चिन्ताके बाद,--अनुरोधसे श्रीवासके
एनु गृहद्वारे;	आया हूँ द्वारपर घरके;
देखि स्नेहमयी मा जननी,	देखता हूँ--स्नेहमयी माँ जननी,
पुत्रशोके हये व्याकुलित,	हुई विकल पुत्रशोकसे
पदतले धुलाय लुण्ठित ।	लोट रही है नीचे धूलमें ।
आर एक अवश्यम्भावी महाविपद	और एक अवश्यम्भावी महाविपद्
प्रतिक्षणे गणितेछि मने;	प्रतिक्षण रहा हूँ विचार मनमें--
संन्यासीर धर्म्मपथे विघ्न शत-शत,	संन्यासीके धर्मपथमें विघ्न शत-शत,
सर्व्वलोके छिद्र खोंजे संन्यासीर काजे;	संन्यासीके आचरणमें सभी खोजते छिद्र,
एखन देखितेछि मनेते विचारि,	इस समय देखता हूँ मनमें विचारकर
मोर पक्षे--गृहद्वारे आगमन,--	मेरे लिये--आना द्वारपर घरके,--
एइ कार्य्य हयेछे अनुचित ।	यह काम हुआ है अनुचित ।

(मालिनी, काञ्चना प्रभृति आपाद-मस्तक वसनावृता श्रीविष्णुप्रियाके लइया द्वारदेशे आगमन एवं श्रीविष्णुप्रियार पतिपदतले पतन ओ प्रणाम)

श्रीकृष्णचैतन्य--

श्रीकृष्णे मतिरस्तु ।

श्रीविष्णुप्रिया--

(उठिया जानु पातिया कर जोड़े)

ओहे जगतेर नाथ ।
दयार सागर तुमि, करुणार अवतार ।
ए दासीर प्रति,
करेछ तुमि करुणा प्रचुर ।
दिये दरशन निज गुणे,
कृतार्थ करिले मोरे ।
भिखारिणी आमि,–काङ्गालिनी आमि,–
भिक्षा चाइ तव काछे
कृपा-निदर्शन किछु तव दाओ प्रभु,
ए अधिनीरे;
दग्ध जीवनेर एखनओ बहुदिन
आछे बाँकि,—
तव दत्त कृपा-निदर्शन करिया सम्बल--
भजिब तोमारे आमि,
तव गृहे बसि ।
चरणेर दासी मागे,--कृपा-भिक्षा;
कृपादाने वञ्चित क'र ना तारे,
कृपामय तुमि,--कृपानिधि तुमि ।

श्रीकृष्णचैतन्य--

संन्यासी आमि,--
पथेर भिखारी,--

(मालिनी, काञ्चना आदिका आपाद-मस्तक वसनावृता श्रीविष्णुप्रियाको लेकर द्वारपर आना और श्रीविष्णु-प्रियाका पतिके पदतलमें गिरना एवं प्रणाम करना)

श्रीकृष्णचैतन्य--

श्रीकृष्णमें मति हो ।


श्रीविष्णुप्रिया--

(उठकर घुटना टेके हाथ जोड़कर)

अहो स्वामी जगके !
दयाके सागर तुम, करुणाके अवतार !
इस किंकरीके प्रति,
की है तुमने करुणा प्रचुर ।
देकर दर्शन स्वगुणवश,
कृतार्थ किया मुझको ।
भिखारिणी मैं,--कंगालिनी मैं,--
भिक्षा चाहती हूँ तुमसे,
कृपा-निदर्शन कुछ अपना प्रभो दो,
इस दुःखिनीको;
दग्ध जीवनके अब भी अनेक दिन
शेष हैं,--
तव दत्त कृपा-निदर्शनका लेकर सहारा,
भजूँगी तुम्हें मैं,
घरमें तुम्हारे रह ।
चरण-दासी माँगती है,--कृपा-भिक्षा;
कृपा-दानसे न करो वञ्चिता उसे,
कृपामय तुम,--कृपानिधि तुम ।

श्रीकृष्णचैतन्य--

संन्यासी मैं,--
पथका भिखारी,--



पादुका-दान

N. P. Crafts.

किछु नाहि आछे मोर तोमारे दिबार
भिखारीर भिक्षाझुलि
सम्बलमात्र मोर;
तबे पदे एक आछे जे जंजाल,—
काष्ट पादुकाद्वय—
लह तुमि, यदि इच्छा कर।
कर तुमि गृहे बसि श्रीकृष्णभजन।
दयामय कृष्ण, कृपा करिबेन तोमाय।

(श्रीविष्णुप्रियाके पादुका प्रदान एवं ताहा ताँहार मस्तके धारण)

(शचीमातार प्रति)

जननि! जाओ गृहे तुमि,
चित्त कर स्थिर।
श्रीकृष्णभजने दाओ मन।
ना हइओ मिछा मायावद्ध,
ना भुलिओ श्रीकृष्ण-चरण।
श्रीकृष्ण-चरण बिना,
त्रिजगते किछु नहे आपनार।
जत किछु देखितेछ, सब माया ताँर।
कर आशीर्वाद मागो!
जेन श्रीकृष्णचरणे मोर
रति-मति हय।

("हरे कृष्ण हरे कृष्ण" वलिते-वलिते प्रस्थान)

सर्व्वलोक मुखे उच्च हरिध्वनि।

(सकलेर क्रन्दन)

कुछ भी नहीं मेरे पास देनेको तुम्हें,
भिखारीकी भिक्षा-झोली
सम्पत्ति बस, मेरी;
तब भी पैरोंमें एक है जंजाल जो,—
काष्ठ-पादुका द्वय
ले लो तुम, यदि चाहो।
करो तुम घरमें रह श्रीकृष्ण-भजन।
दयामय कृष्ण कृपा करेंगे तुमपर।

(श्रीविष्णुप्रियाको पादुका देना और उनका उन्हें मस्तकपर धारण करना)

(शचीमाताके प्रति)

जननि! जाओ तुम घरमें,
चित्त करो स्थिर।
श्रीकृष्ण-भजनमें लगाओ मन।
मत होना मिथ्या मायामें बद्ध,
भूलना न श्रीकृष्णचरण।
श्रीकृष्णचरण बिना,
त्रिभुवनमें कुछ नहीं अपना।
जो कुछ भी देखती हो, सब माया उनकी।
दो माँ! आशीर्वाद,
जिससे श्रीकृष्णचरणोंमें मेरी
रति-मति हो।

("हरे कृष्ण हरे कृष्ण" वोलते-वोलते प्रस्थान)

सव लोगोंके मुखसे उच्च हरिध्वनि।

(सबके द्वारा क्रन्दन)

पञ्चम अङ्क ।

(द्वितीय गर्भाङ्क)

दृश्य—श्रीगौराङ्गभवन,—भजनगृहे श्रीविष्णुप्रियादेवी आसीना, प्रभुदत्त काष्ठपादुकाद्वय आसनेर सन्मुखे विराजमान ।

(काञ्चना ओ अमितार प्रवेश)

काञ्चना--

सखि विष्णुप्रिये !
ब'से ब'से निशिदिन
गृहेकोणे एकाकिनी,
कि जे भाव तुमि,
किछुइ ना बुझि;
जीर्णशीर्ण ह'ये गेछ तुमि,
सोनार वरण तव ह'ये गेल काल;
एइ भावे अनाहारे अनिद्राय;
दिये एत क्लेश देहके तव,
कत दिन बाँचिबे तुमि सखि !
भजनयोग्य देह तव
दियेछेन श्रीकृष्ण तोमाय,--
नाश करिले सेइ देह एइ भावे
कि भजन हइवे तोमार ?
गुणमणि तव कृपा करि,
गियेछेन देखा दिये तोमा,
दियेछेन उपदेश श्रीकृष्ण भजिते,
एखन स्थिर करि मन,
करह पतिर आज्ञा पालन ।

दृश्य—श्रीगौराङ्ग - भवन,—भजनगृहमें श्रीविष्णुप्रिया देवी बैठी हैं,—प्रभुकी दी हुई काष्ठ-पादुकाद्वय आसनके सम्मुख विराजमान है।

(काञ्चना और अमिताका प्रवेश)

काञ्चना--

सखि विष्णुप्रिये !
बैठे-बैठे निशिदिन
घरके कोनेमें अकेले,
सोचती हो भला, क्या तुम--
कुछ भी न समझ पाती मैं ।
हो गयी हो तुम जीर्ण-शीर्ण,
सोने-सा वर्ण तुम्हारा पड़ गया है काला,
इस प्रकार बिना खाये, बिना सोये;
देकर इतना क्लेश अपने शरीरको,
कितने दिन जीओगी तुम सखि !
भजनयोग्य देह तुम्हारी
दिया है इसे श्रीकृष्णने तुमको
नाश करनेसे उस देहका इस प्रकार
क्या भजन तुमसे बनेगा ?
कृपाकर गुणमणि तुम्हारे
गये हैं दर्शन दे तुमको,
दे गये हैं उपदेश श्रीकृष्ण-भजनका;
मनको स्थिरकर अब,
करो पति-आज्ञा-पालन ।

श्रीविष्णुप्रिया—
सखि काञ्चने !
भजन-साधन आमि किछु नाहि बुझि,
श्रीकृष्णधन कि जे वस्तु,—
किछु नाहि जानि,
जानि सुधु गुणनिधि,
गुणमणि मोर बड़ दयामय;
नाम करि ताँर,
गाइ गुण निशिदिनताँर,
करि ध्यान रूपराशि ताँर,
हृदय भीतरे ।
अनुभवि दया ताँर
प्रति कार्य्यें
मने बड़ पाइ सुख ।
शुनि ताँर कथा, तोमादेर काछे,
निराश पराणे मोर
होय आशार संचार ।
कृपानिधि तिनि,
कृपा क'रे दियेछेन मोरे,
ताँर चरणकमल-पृष्ठ
काष्ठपादुका दु'खानि,
इहा शुधुमात्र कृपा-निदर्शन ताँर ।
एइ मोर साधनार धन, जीवन-सम्बल ।
किंतु सखि, एकटि कथा ह'ले मने
मने बड़ पाइ दुःख,—
बुक फेटे जाय,—
कुक्षणे मागिनु भिक्षा आमि,
ताँर काछे,—ताँर कृपार निदर्शन
जंजाल बलिया तिनि,
त्यजिलेन मोर वाक्ये चरणपादुका ।

श्रीविष्णुप्रिया—
सखि काञ्चने !
भजन-साधन मैं कुछ नहीं जानती,
श्रीकृष्ण-धन क्या वस्तु है,—
कुछ नहीं जानती मैं ।
जानती बस, गुणनिधिको,
गुणमणि मेरे बड़े दयामय;
लेती हूँ नाम उनका,
गाती हूँ निशिदिन गुण उनके,
धरती हूँ ध्यान रूपराशिका उनके
हृदयके भीतर ।
अनुभव करती हूँ उनकी दयाका
प्रत्येक कार्यमें,
मनमें बहुत सुख पाती हूँ ।
सुन बातें उनकी तुमलोगोंसे,
निराश मेरे प्राणोंमें,
होता है आशाका संचार ।
कृपानिधि वे,
कृपापूर्वक सौंपी है मुझको,
अपना पदकमलपीठ
काठकी खड़ाऊँ दोनों,
केवल बस, यही कृपा-चिह्न उनका ।
यही मेरी साधनाका धन, जीवन-सम्बल ।
किंतु सखि ! एक बात उठनेपर मनमें,
बहुत दुःख पाती हूँ मनमें,
होता हृदय विदीर्ण—
किस अशुभ क्षणमें माँगी भिक्षा मैंने,
उनसे; उनका कृपा-निदर्शन,—
जंजाल समझकर उन्होंने
त्यागी चरणपादुका मेरी बातपर ।

सखि ! शत-अपराधी आमि,	सखि, शतापराधिनी मैं,
तांर श्रीचरणतले ;	उनके श्रीचरणतलमें ;
इच्छा करि पुनः एक अपराध नव	इच्छापूर्वक फिर एक अपराध नूतन
करिनु अर्ज्जन ।	मैंने कमा लिया ।
हयेछेन गृहत्यागी तिनि,	हुए हैं गृह-त्यागी वे,
शुधु मोर तरे,—जानि आमि ताहा,—	बस, मेरे कारण,—जानती हूँ मैं यह ;
देशे-देशे पर्व्वते गहने	देश-देशमें, गहन पर्वतोंमें,
कठिन प्रस्तर ओ कण्टकाकीर्ण	कठिन पथरीले तथा कण्टकाकीर्ण
जन-मानवेर अगम्य पथेते,	जन-मानवोंसे अगम्य पथपर,
गुणनिधि गुणमणि मोर,	गुणनिधि, गुणमणि मेरे,
एबे नग्नपदे करिबेन भ्रमण ।	अब नंगे पैरों करेंगे भ्रमण ।
आहा ! बड़ व्यथा बाजिबे तांर	आह ! बड़ी व्यथा पहुँचेगी उनके
राता उत्पल-कोमल चरणतले ।	लाल कमलसम कोमल पैरोंके तलवोंको ।
पाइबेन तिनि कत कष्ट !	पायेंगे वे कितना कष्ट !
स्वार्थपर आमि—	स्वार्थपरायणा कितनी मैं,
मायाहीना पिशाचिनी आमि,	अकरुण पिशाचिनी मैं,
सिद्धि तरे निज स्वार्थ	स्वार्थ साधनेको निज
याचिलाम भिक्षा गृहत्यागी	माँगी भिक्षा गृहत्यागी
संन्यासीर काछे ;	संन्यासीसे ।
सर्व्वत्यागी दयामय परम पुरुष तिनि—	सर्वत्यागी दयामय परम पुरुष वे—
अकातरे दिलेन मोरे	अनायास दे दी मुझे
तांर चरण पादुका दुखानि ।	दोनों चरण-पादुका निज ।
सखि ! पाषाण दिये बुक बाँधा मोर ;	सखि, पाषाण-निर्मित छाती मेरी
पाषाण ह'ते कठिन हृदय मोर ;	पाषाणसे भी कठिन हृदय मेरा ;
ताइ मोर हेन मति ह'ल,	इसीलिये मेरी ऐसी मति हुई,
सखि काञ्चने !	सखि काञ्चने !
केन मोर हेन मति ह'ल ?	किसलिये मति मेरी ऐसी हुई ?
(क्रन्दन)	(क्रन्दन)
काञ्चना—	**काञ्चना—**
सखि ! संवर रोदन,	सखि ! शमन करो रुदन,

पतिप्राणा देवीमूर्त्ति तुमि;	पतिप्राणा देवीमूर्त्ति तुम;
पति तव दयामय भगवान,	पति तुम्हारे दयामय भगवान्,
षड़ैश्वर्य्य मध्ये वैराग्य ऐश्वर्य्य ताँर,--	उनके षडैश्वर्यमेंसे वैराग्य ऐश्वर्य,--
शास्त्रे सर्व्वश्रेष्ठ बले ।	सर्वश्रेष्ठ बताया जाता शास्त्रोंद्वारा ।
देखाइते सेइ सर्व्वश्रेष्ठ ऐश्वर्य्येर सीमा--	उस सर्वश्रेष्ठ ऐश्वर्यकी सीमा दिखानेको-
तोमा सने सखि !	तुम्हारे साथ, सखि !
ताँर एइ पादुका-दान-लीला-अभिनय ।	उनका यह पादुका-दान-लीला-अभिनय ।
तुमिओ त सखि ! ह'ये सर्व्वत्यागी,	तुम भी तो सखि ! होकर सर्वत्यागी
धरासन करेछ सम्बल ।	पृथ्वीका लिया है अवलम्बन ।
अनाहारे,--अनशने,--रात्रिदिन,	अनाहार,--अनाशी,--प्रतिदिन,
करिछ निशिदिन हाहाकार !	करती हो निशिदिन हाहाकार ।
महा वैराग्यवान संन्यासी	महावैराग्यवान् संन्यासी
पतिधन तव,	पति तुम्हारे,
तुमि ओ सखि, महा विरागिनी	तुम भी सखि, महाविरागिणी,
संन्यासिनी,	संन्यासिनी;
एकइभावे,--दुइजने,	समान भावसे दोनों जने,
देखाइतेछ, वैराग्य ऐश्वर्य्य,	दिखा रहे हो वैराग्य ऐश्वर्य,
जीवेर शिक्षार तरे ।	जीवोंको शिक्षा देनेके लिये ।
कलिजीवेर कठिन हृदय,	कलियुगके जीवोंका कठिन हृदय,
करिवारे द्रव,	करनेको द्रवित,
मिलि दुइजने, करि परामर्श,	मिलकर दोनों जने, परामर्श करके,
करिछ एइ करुण लीलाभिनय !	कर रहे हो करुण लीलाका यह अभिनय ।
जाहा कह तुमि,--सकलि सत्य,	कहती हो जो तुम, सभी सत्य,
करेन जाहा तिनि, सकलि कर्त्तव्य,	करें जो कुछ, वे सभी कर्त्तव्य;
सत्य ओ कर्त्तव्य पथे,	सत्य एवं कर्त्तव्य-पथकी
जीव शिक्षा तरे,--	जीवोंको शिक्षा हित,--
कठोर भावे,--	कठोरता अपनाकर,--
चलेछ बुक बाँधि दुइ जने,	चल रहे हो कमर कसकर तुमदोनों,
अदम्य उत्साहे ।	अदम्य उत्साहसे ।
मोरा हीनबुद्धि नारी,	हीनबुद्धि नारी हम,

मर्म्म कि बुझिब निगूढ़ रहस्यपूर्ण	समझेंगी मर्म क्या निगूढ़, रहस्यपूर्ण
एइ करुण लीलार ?	इस करुण लीलाका ?
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
सखि काञ्चने !	सखि काञ्चने !
कथातेइ बाड़े कथा,	बातसे ही बढ़ती है बात,
आत्मकथा ल'ये,—क'रे वादानुवाद,	स्वार्थचर्चा लेकर ही होता है वादानुवाद,
काने शुने आत्मप्रशंसा,	कानोंसे सुननेसे अपनी प्रशंसा,
आत्मग्लानि भिन्न आर,	आत्मग्लानि छोड़ और,
किछु नाहि लाभ ।	कुछ नहीं लाभ ।
सखि ! आन् कथा छाड़ि	सखि ! अन्य चर्चा छोड़,
कह गौर गुणमणिर कथा मोर;	कहो मेरे गौर गुणमणिकी बात;
गौर-गुण गाथा शुनि आमि,	गौर-गुण-गाथाको सुन मैं,
पराण जुड़ाइ ।	प्राणोंको करूँ शीतल ।

गीत

सजनि ! आर कि	सजनी री ! अब और
शुनव उपदेश ?	सुनूँगी क्या उपदेश ?
सब उपदेश सार,	सब उपदेशोंका है सार,
गौरकथार हार,	गौर कथाका सुन्दर हार,
नव नव ताहाते	रचो उसीके द्वारा
रचना कर वेश ।	अभिनव नूतन वेश ॥
कर्णेर भूषण कर,	कानोंका भूषण अभिराम,
गौरकथा सुमधुर,	गौर-कथा सुमधुरता-धाम,
श्रुतिमूले कर सखि,—	श्रवण-मूलमें आलि !
नाम उपदेश ।	नामका कर उपदेश ।
नयने अञ्जन कर,	नयनोंमें दो अंजन आँज,
गोरारूप सुधाकर,	गौररूप-शीतल उडुराज,
गोरा अनुराग तैले,—	गौर स्नेह सुरभितको
बान्धि देह केश,	लगा सँवारो केश ॥
लिख भाले गोरा नाम,	सिरपर लिखो गौरहरि नाम,
अलका तिलका दाम,	अलकावलि-पत्रावलि दाम,
नाना रङ्गे अलंकार,—	नाना रङ्गोंसे
रचह विशेष ।	विरचो शृङ्गार विशेष ।

गौर - चरण - धूलि,
राशि-राशि तुलि तुलि,
माखाइये दाओ सखि।
राखि अवशेष।
ओगो सखि माथा खाओ,
अञ्चले बाँधिये दाओ,
बुके धरि पदरज,—
अनुरोध शेष।
गौरकथा शुनाइये,
जुड़ाओ तापित हिये,
ना फिरव ढुंडि ढुंडि,—
देश - विदेश।
तुमि वल, आमि शुनि,
गौरकथा सुधा - वाणी,
ना कर संदेह चिते,
पाव हृदयेश।
सखिर चरण धरि,
विरहे कान्दये हरि,
गौरकथा, गौरगाथा,
कह गो विशेष॥

गौर-पदाम्बुज पावन धूरि,
उठा-उठाकर लेकर भूरि,
तनमें सजनि! रमाओ,
रख लो कुछ अवशेष॥
अरी सखी! सिरकी सौगन्ध,
अञ्चलमें रख दो देवन्ध,
छातीपर धर पद-रज
यही निवेदन शेष।
गौर-कथा कानोंमें ढाल,
शीतल कर उरदाह कराल,
भटकूँगी मैं नहीं खोजती
देश-विदेश॥
सुनूँ अहर्निश, सदा कहो,
गौर-कथामृत मधुर अहो,
मनमें संशय न कर,
मिलेंगे ही हृदयेश।
सखी-चरण गह बारंबार,
'हरि' वियोग करती चीत्कार,
गौरचन्द्र-गुण, गौर-कथा
गाओ सविशेष॥

अमिता—

सखि! एइ त्रिजगत माझे,
पतिप्राणा रमणीर शिरोमणि तुमि;
शास्त्रे बले—पतिभक्ति-बले,
हय लाभ सर्व्वसिद्धि,
सफल हय सर्व्व मनस्काम।
एइ प्रेमेर जगते
प्रेम-पारावार तुमि सखि!
विस्तारिते जीव-हृदे,
प्रेमभाव—महान,—उज्ज्वल—
प्रचारिते प्रेमभक्ति,
ए मर जगते
ल'ये वक्षे प्रेमसिन्धु,—
विरहेर करि छल,

अमिता—

सखि! इस त्रिभुवनमें
पतिव्रता-नारियोंकी शिरोमणि तुम;
शास्त्र कहते हैं,—पतिभक्ति-बलसे
सर्वसिद्धि होती है;
फलीभूत होती हैं सभी मनोकामनाएँ।
इस प्रेम-जगमें
प्रेम-पारावार सखि! तुम
विस्तार करनेको जीवोंके हृदयमें,
महान्,—उज्ज्वल—प्रेमभाव,
प्रचारित करनेको प्रेमभक्ति,
इस मर्त्यलोकमें
छिपाकर छातीमें प्रेमसिन्धु,
विरहके मिससे

उठाइछ जीवहृदे प्रेमेर	जीवोंके हृदयमें प्रेमकी उठा रहीं
तरङ्ग अभिराम ।	तरङ्ग अविराम ।
उठेछे प्रेमेर तुफान नदीयाय,	उठ रहा है प्रेमका तूफान नदियामें,
भेसे जावे जगत संसार	मग्न हो जायगा विश्व-जगत्
एइ प्रेमेर तुफाने;	प्रेमके इस तूफानमें;
विश्वप्रेमेर उठिबे निशान ।	ध्वजा फहरायेगी विश्वप्रेमकी ।
जयडङ्का तव घोषिबे जगते ।	जयडंका बजेगा जगत्में तुम्हारा ।
प्रेममय नवद्वीपचन्द्र	प्रेममय नवद्वीपचन्द्र
एवं प्रेममयी श्रीविष्णुप्रियार प्रेमभावे	एवं प्रेममयी श्रीविष्णुप्रियाके प्रेमभावसे
उज्ज्वल हइबे विश्व,–शीतल हइबे पृथ्वी,	उज्ज्वल जगत् होगा,–शीतल धरा होगी,
पवित्र हइबे धरातल ।	होगा पवित्र पृथ्वीतल ।
प्रेमेर भाण्डारी तुमि सखि,	कोषाध्यक्षा प्रेमकी तुम, सखि !
प्रेमेर भिखारी मोरा सबे,	प्रेमकी भिखारिणी हम सब,
तव प्रेम-महासमुद्रेर	तव प्रेम-महासिन्धुकी
एक बिन्दु यदि मोरा पाइ,	एक बूंद पावें यदि हम सब,
हबे जीवन सार्थक,––	जीवन हो जायगा सार्थक,––
धन्य हब मोरा ।	धन्य होंगी हम सब ।
प्रेममयी सखि विष्णुप्रिये !	प्रेममयी सखि ! विष्णुप्रिये !
कृपा करि अकपटे कर प्रेमदान,	कृपा करके अकपट भावसे करो प्रेमदान,
तव अनुगत सखिगणे ।	अपनी अनुगत सखीवृन्दको ।
श्रीविष्णुप्रिया––	**श्रीविष्णुप्रिया—**
सखि अमिते ! सखि काञ्चने !	सखि अमिते ! सखि काञ्चने !
नदीयावासिनी तुमि सबे	नदियावासिनी तुम सब
नागरीर गण, महा भाग्यवती ।	नागरीगण, महा भाग्यवती हो ।
नदीयावासीर प्राण नवद्वीपचन्द्र,	नदियावासियोंके प्राण नवद्वीपचन्द्र,
आमि ताँर चरणेर दासी ।	मैं उनके चरणोंकी दासी ।
प्रेममय, प्रेमिक, परमपुरुष तिनि,	प्रेममय, प्रेमिक, परमपुरुष वे,
ताँर सङ्गे तिलमात्र सङ्ग हय जार,	उनके साथ तिलमात्र सङ्ग होता जिसका,
से हय रसिक भक्त ताँर	बनता वह रसिक भक्त उनका ।
प्रेम भक्ति देवी,	प्रेम-भक्ति-देवी

ताँरे करेन आश्रय ।	रहती हैं आश्रयमें उनके ।
तुमि सबे नदीया नागरीर गण,	तुम सब नदियाकी नागरीगणने,
प्रेम डोरे, प्रीतिर बन्धने,—	प्रेमकी डोरीसे, प्रीतिके बन्धनसे,—
बेंधेछ प्रेममय परम पुरुषे ।	बाँध रखा है प्रेममय परमपुरुषको ।
तोमादेरइ प्रणय-सम्बन्धे,	तुम्हीं सबके प्रणय-सम्बन्धसे,
प्रेमरसे,	प्रेमरससे,
वशीभूत प्रेमेर ठाकुर नवद्वीपचन्द्र ।	वशीभूत प्रेममय ठाकुर नवद्वीपचन्द्र ।
ह'ये तोमादेर अनुगा,	होकर तुमलोगोंकी अनुगता,
क'रे चरणाश्रय तोमादेर,	ले चरणाश्रय तुम सबका,
जे भजिबे प्रेमवशे प्रेमेर ठाकुरे,	भजेगा जो प्रेमके वशीभूत प्रेमठाकुरको,
भाग्य तार सुप्रसन्न अतिशय;	अतिशय सुन्दर भाग्य उसका;
गौर-कृपालाभ तार पक्षे	उसके लिये गौर-कृपा-लाभ
अत्यन्त सुलभ ।	अत्यन्त सुलभ ।
प्रेमपात्री तुमि सबे,	प्रेमपात्री तुम सब,
जगज्जीवे प्रेमधन पाबे,	जगज्जीव प्रेमधन पायेंगे
तोमादेर हात दिये ।	हाथसे तुम सबके ।
प्रेमधाम एइ नवद्वीपे	प्रेमधाम इस नवद्वीपमें
प्रेममय श्रीगौराङ्गेर प्रेमपूजा	प्रेममय श्रीगौराङ्गकी प्रेमपूजा
हबे घरे-घरे ।	घर-घर होगी ।
तुमि सबे नदीया-नागरी,—	तुम सब नदिया-नागरी,—
प्रेमेर गागरी,—	प्रेमकी गागरी,—
पूर्व्वलीलाय व्रजबालार गण—तुमि सबे,	पूर्वलीलाकी व्रजबालागण तुम सब,
कर प्रेमदान अकातरे,	करो प्रेमदान संकोच बिना,
नदीयार घरे-घरे गिये;	नदियाके घर-घरमें जाकर;
कर गौरनाम,—कह गौरकथा,—	बोलो गौरनाम, कहो गौरकथा,
धरि जने-जने ।	पकड़कर एक-एक व्यक्तिको ।
प्रेम-वितरण,—कार्य्य तोमादेर	प्रेम-वितरण, कार्य तुम सबका—
प्रभुर आदेश इहा भक्तगण प्रति,—	प्रभुका आदेश यही भक्तोंके प्रति,—
तुमि सबे भक्त-शिरोमणि,	तुम सब भक्त-शिरोमणि,
नदीयार नरनारी,	नदियाके नर-नारी,

बड़ प्रिय ताँर;
देख सखि ! वञ्चित ना हय जेन केह
गौरप्रेम धने ।

काञ्चना—

सखि विष्णुप्रिये !
तोमार गुणमणिर मत,
अनुगत जनेर,—आश्रितेर—
बाड़ाइते सन्मान,
राखिते मर्य्यादा,
गाइते तादेर गुणगान,
शतमुखी हओ तुमि ।
मोरा सखि ! तोमा भिन्न
किछु नाहि जानि,—
किछु नाहि बुझि,—
तोमा ह'ते चिनेछि
नदीयार चाँदे;
तव कृपाबले पेयेछि
दरशन ताँर ।
प्रेमधन—गोलोकेर
सम्पत्ति तोमादेर—
शुनेछिनु काने मात्र,—
एबे बुझिलाम कि जे वस्तु हय;—
प्रेमधन—
स्वयं आचरिये दिले शिक्षा तुमि—
कारे बले प्रेमभक्ति,—
कि मर्म्म इहार ?
शिखिलाम तोमा ह'ते मोरा,—
अनुराग-भजन-पद्धति,
दीक्षागुरु—शिक्षागुरु,—जाहा किछु

अति प्रिय उनके;
देखो, सखि ! वञ्चित न हो जिससे कोई
गौर-प्रेम-धनसे ।

काञ्चना—

सखि विष्णुप्रिये !
अपने गुणमणिके समान ही
अनुगत जनका —आश्रितजनका,
वर्द्धन करनेको सम्मान,
रखनेको मर्य्यादा,
गानेको उनका गुणगान,
शतमुखी बनो तुम ।
सखि ! हम सब सिवा तुम्हारे
कुछ नहीं जानती हैं,—
कुछ नहीं समझती हैं,—
तुम्हारे द्वारा ही पहचान पायी हैं
नदियाके चाँदको;
तुम्हारे कृपा-बलसे
दर्शन किया है प्राप्त उनका ।
प्रेमधन—गोलोकको
सम्पत्ति तुम्हारे—
केवल सुना था कानोंसे,—
अब हमने समझा वस्तु क्या है वह—
प्रेमधन—
स्वयं आचरण कर शिक्षा दी तुमने—
किसे कहते प्रेम-भक्ति ?—
क्या इसका मर्म ?
सीखी हमलोगोंने तुमसे,—
अनुराग-भजन पद्धति,
दीक्षागुरु—शिक्षागुरु—जो कुछ भी

सकलि मोदेर तुमि सखि ।	सभी हमलोगोंकी सखि ! तुम ।
बृहत् वस्तु,—श्रीगौराङ्ग	बृहद्वस्तु श्रीगौराङ्ग,
तत्व ताँर निगूढ़ अतिशय—	तत्व उनका अतिशय निगूढ़—
कृपा करि, तुमि यदि	कृपा करके तुम यदि
दाओ शिक्षा गौरतत्व-सुधारस,	गौर-तत्त्व-सुधा-रसकी शिक्षा दो,
तबे ताहा हबे परिस्फुट,	तभी होगा वह परिस्फुट,
हृदये मोदेर ।	हृदयमें हमारे ।
कृपामयी तुमि, कृपा करि,	कृपामयी तुमने, कृपा करके
करेछ सङ्गिनी;	सङ्गिनी बनाया है;
एबे दया करि, कह तत्व-उपदेश ।	अब दया करके करो तत्त्वोपदेश ।
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया**—
सखि ! गौरतत्त्व,	सखि ! गौरतत्त्व
आमि नाहि जानि,	मैं नहीं जानती,
ए बड़ निगूढ़ वस्तु	यह बड़ी निगूढ़ वस्तु,
गभीर रहस्यपूर्ण, परतत्व इहा;	गम्भीर रहस्यपूर्ण, परतत्त्व यह;
शुधु मात्र,—	बस, केवल,—
महाजन गौरभक्तगणेर वेद्य	महाजन गौराङ्गभक्तोंका बोधगम्य
एइ निगूढ़ विषय ।	यह अति गूढ़ विषय ।
ए सम्पत्ति,—एइ गुप्त वित्त,—	यह सम्पत्ति,—यह गुप्त धन,—
निजस्वधन ताहादेर;	अपना निज धन उनलोगोंका;
इथे अन्य कारओ नाहि अधिकार ।	अन्य किसीका भी नहीं इसमें अधिकार ।
दयामय गौरभक्तवृन्द	दयामय गौरभक्तवृन्द
कृपा करि कहिबेन गौरतत्त्व	कृपाकर कहेंगे गौरतत्त्व,
एकान्तमने लह शरण यदि	लो एकान्तमनसे शरण यदि
दीनभावे ताँदेर चरणे ।	दीन बन चरणोंकी उनके ।
(आलुथालुवेशे शचीमातार प्रवेश)	(अस्त-व्यस्त वेशमें शचीमाताका प्रवेश)
शचीमाता—	**शचीमाता**—
काञ्चने ! अमिते ! देख देखि	काञ्चने ! अमिते ! देखो तो—
कत वेला ह'ल ।	कितनी धूप चढ़ आयी ।

गङ्गास्नाने गेछे मोर	गङ्गास्नानके लिये गया है मेरा
सोनार निमाइचाँद,	सोनेका निमाईचाँद,
विष्णु-गृहे नाहि देखि	विष्णुमन्दिरमें देखती नहीं हूँ
पूजार आयोजन;	पूजाकी तैयारी;
एखनि आसिबे बाछा गङ्गास्नान करि,	आयेगा अभी लाल गङ्गास्नान करके,
शून्य पड़े आछे पाकशाला	सूनी पड़ी है पाकशाला,
नाहि देखि रन्धनेर उद्योग,—	देखती नहीं हूँ रसोईका उपक्रम,—
आमार बौमा कोथाय ?	मेरी बहूरानी कहाँ ?
(श्रीविष्णुप्रियादेवीर शचीमाताके प्रणाम, विनत वदने लज्जितभावे सन्मुखे दण्डायमान)	(श्रीविष्णुप्रियाका शचीमाताको प्रणाम करना एवं विनतवदन तथा सलज्ज भावसे सम्मुख खड़े रहना)
शचीमाता—	**शचीमाता—**
(भाव-संवरण करिया)	(भाव संवरण करके)
बौमा ! बौमा आमार !	बहूरानी ! बहूरानी मेरी !
हेरे तोर विरस वदन,	देखकर विरस वदन तुम्हारा,
देखे तोर जीर्ण-शीर्ण कलेवर,	देखकर कलेवर तव जीर्ण-शीर्ण
कालिमा-माखा वदन-कमल,	झँवराया मुखकमल,
प्राण मोर फेटे जाय ।	प्राण मेरे फटे जाते ।
निमायेर अदर्शन ज्वाला,	निमाईको नहीं देख पानेकी ज्वाला,
बड़इ भीषण,—	भीषण बड़ी ही—
भूलेछि आमि चेये तोर मुखखानि;	भूल गयी हूँ मैं देखकर तुम्हारा मुख;
तुइ मा ! बलिस् यदि दु'टि	तू बेटी ! बोले यदि दो
हेसे कथा मोरे,	बात बस, हँसकर मुझसे,
दूरे जाय सब ज्वाला मोर ।	हट जाय सब ज्वाला मेरी ।
तोर मुख हेरिले मलिन,	देखकर तुम्हारा मलिन मुख
जगत आँधार हेरि आमि;	जगत् अँधेरा मुझे दीखता;
पूर्व्वस्मृति एके-एके,	पूर्वकी स्मृतियाँ एक-एक करके
मने जेगे उठे ।	जाग उठती मनमें ।
तुंसेर आगुन ज्वले,	तुषानल जलता है
हृदये परदे-परदे ।	प्रत्येक तहमें हृदयके ।
सन्मुखे ना हेरिले तोरे तिलार्द्धेक,—	सम्मुख न देखनेपर तुम्हें तिलार्ध भी,—

आनमना हइ,—
आर निमाइके पड़े मने।
ताइ कहि प्रलापेर वाक्य समुदय।
(पुनराय भावावेशे आनमना हइया)
प्राणेर निमाइ मोर,
गेछे गङ्गास्नाने बहुक्षण,
एखनि फिरिबे घरे,
स्नेहभरे मधुभावे
डेके मा-मा ब'ले,
जड़ाइये धरि गलदेश,
दुयारे दाँड़ाये मोर,
"बड़ क्षुधा पेयेछि
प्रसाद दे मा" ब'ले।
जाइ एबे शीघ्र करि,
ठाकुर-भोगेर करि आयोजन।
(पाकगृहेर प्रति चाहिया)
आजि पाठाइयेछे पण्डित श्रीवास
नानाविध शाक,—
गर्भ मोचा,—
गर्भ थोड़
निमाइचाँदेर प्रिय वस्तु सब—
आर बले गेछेन मोरे तिनि,—
महोत्सव हबे गृहे मोर;
भक्तगण करिबेन नाम-संकीर्त्तन।
निताइ गौर मिलि दुइ भाये
मोर आङ्गिनाय आज करिबे नर्त्तन।
जाइ,—सकल उद्योग करि गिये।
बौमा! बौमा! कोथा तुमि?
कोथा तुमि? कोथा गेले तुमि?
आय मा!

अनमनी हो जाती,—
और याद आती है निमाईकी।
इसीसे लगती हूँ बकने प्रलाप-वचनावली।
(पुनः भावावेशमें अनमनी होकर)
प्राणधन निमाई मेरा
गया है गङ्गास्नानके लिये बहुत देरसे,
अभी घर लौटेगा;
स्नेभरी मधुमयी भावामें
पुकारकर, "माँ! माँ!"
गलेसे लिपट,
द्वारपर मेरे खड़ा हो,
"बड़ी भूख लगी है,
प्रसाद दो माँ"—कहेगा।
जाऊँ अब शीघ्रता करके
करूँ आयोजन भगवान्‌के भोगका।
(पाकशालाकी ओर देखकर)
भेजा है आज पण्डित श्रीवासने
नानाविध शाक,—
केलेके फूलका अन्तर्भाग—
केलेके तनेका अन्तर्भाग—
निमाइचाँदकी प्रिय वस्तुएँ सभी,—
और मुझे कह गये हैं वे,—
महोत्सव होगा घर मेरे;
भक्तगण करेंगे नाम-संकीर्त्तन।
निताई-गौर दोनों भाई मिलकर
मेरे आँगनमें आज नर्तन करेंगे।
जाऊँ—सभी तैयारी करूँ जाकर।
बहूरानी! बहूरानी! कहाँ तुम?
कहाँ तुम? कहाँ गयीं तुम?
आ बेटी!

तोरे धरि बुके	तुझे लगा छातीसे
जुड़ाइ जीवन ।	शीतल करूँ जीवन ।
(आङ्गिनाय पतन)	(आँगनमें गिर पड़ना)
श्रीविष्णुप्रिया—	**श्रीविष्णुप्रिया—**
(शचीमातार सेवा करिते-करिते)	(शचीमाताकी सेवा करते-करते)
मागो ! देखे तव दशा,	माँ ! देख तव दशा,
मोर हृत्कम्प हय;	हृत्कम्प होता मुझे;
जाय बुक फेटे,	जाती है छाती फटी,
प्राण हय विकल, अस्थिर ।	प्राण होते विकल, अस्थिर ।
इच्छा हय, झाप दिया	इच्छा होती है, कूदकर
डुबि गङ्गा-गर्भे,	डूबकर गङ्गाकी गोदीमें
जीवन जुड़ाइ,—	जीवनको शीतल करूँ—
ए जनमेर मत ।	इस जन्म भरके लिये ।
गुणमणि पुत्र तव,	गुणमणि पुत्र तव,
दिये गेछेन ताँर वृद्धा जननीर	दे गये हैं निज वृद्धा जननीकी
सेवाभार, आमार उपर ।	सेवाका भार मुझको ।
स्वेच्छामय स्वतन्त्र पुरुष तिनि,—	स्वेच्छामय स्वतन्त्र पुरुष वे—
जननीर शेष दशा,	जननीकी अन्तिम अवस्था,
वृद्ध जराजीर्ण कङ्कालमय	वृद्ध, जराजीर्ण, कङ्कालमय
देहयष्टि ताँर,	देहयष्टि उनकी,
जेन दग्ध काष्ठ एकखानि,—	मानो एक दग्ध काष्ठ,—
मासेर मध्ये विशदिन,	महीनेमें बीस दिन
उपवासे दिन जाय जाँर,—	जाता उपवासमें ही दिन जिनका,—
ए दृश्य,—	यह दृश्य,—
देखिते ह'ल ना पुत्रेर ताँर,—	देखना पड़ा न उनके पुत्रको,—
भाग्यवान तिनि,—	भाग्यवान् वे,—
पुत्र-विरह-दग्ध जननीर	पुत्र-विरह-दग्धा जननीका
तप्त दीर्घश्वास,	तप्त दीर्घ श्वास,—
पुत्र-पागलिनीर	पुत्र-शोकमें हुई पगलीकी
सकरुण विलापोक्ति,—	सकरुण विलापोक्ति,—

पुत्र-विरहाकुला
जननीर करुण आर्त्तनाद
किछुइ,—देखिते, शुनिते, वा सहिते
हल ना ताँर ।
अभागिनी आमि,
बसिया निर्ज्जने, भाग्य-विधाता मोर,
लिखिछेन मनसाधे,—
मोर अदृष्टेर लिपि;—
अदृष्टेर निर्ब्बन्ध खण्डिते के पारे ?
(ऊर्द्ध्वे चाहिया)
ओहे ! दयानिधि !
मातृभक्त-शिरोमणि !
नवद्वीपचन्द्र !
ओहे ! कृपानिधि !
नदीयावासीर प्राण शचीर नन्दन !
एक बार एसे जाओ देखे,
कि दशा हयेछे तव,
स्नेहमयी वृद्धा जननीर ।
कि सेवा करिब आमि ताँर ?
कि करिले हय प्राणरक्षा ताँर ?
ओहे, शचीमार अञ्चलेर निधि,
देखा दिये एक बार,
बले दिये जाओ तुमि;
कि भावे तव चरणेर दासी—
मातृसेवा तव करिबे एखन ।

पुत्र-विरहाकुला
जननीका करुण आर्तनाद
कुछ भी,—देखना, सुनना, या सहना
पड़ा न उन्हें ।
अभागिनी मैं
बैठकर निर्जनमें, भाग्यविधाताने मेरे,
लिखी है जी भरकर
भाग्य-लिपि मेरी,—
भाग्यका विधान बदल कौन सकता है ?
(ऊपर देखकर)
अहो ! दयानिधि !
मातृभक्त-शिरोमणि !
नवद्वीपचन्द्र !
अहो ! कृपानिधि !
नदियावासियोंके प्राण शचीनन्दन !
एकबार आकर देख जाओ,
क्या दशा हुई है तुम्हारी
स्नेहमयी वृद्धा जननीकी ।
क्या सेवा करूँगी मैं उनकी ?
किस उपायसे हो उनकी प्राणरक्षा ?
अहो ! शचीमाताके अञ्चल-निधि,
दर्शन दे एकबार,
कहकर जाओ तुम,—
किसभाँति चरणोंकी दासी तुम्हारी
तव मातृसेवा करेगी इस समय ।

गीत

ओहे नदीयार चाँद !
तुमि यदि आमि हओ,—
बुझिबे तबे ।
आमार दुःखेर कथा
शुनिबे जबे ॥

अहो नदियाके चाँद !
समझ सकोगे मुझको तुम
केवल 'मैं' बनकर ।
जब हो मेरी दुःख-कथा
तुमको श्रुति-गोचर ॥

दिये गेछ सेवाभार,
तोमार ए वुड़ा भार,
कि सेवा करिले ताँर,—
ए दुख जावे।
तुमि ता, विचार करे,
देखा दिये बल मोरे,
ताइ करि, काटाइब,—
जीवन भवे।
तोमार मायेर सेवा,
ए भाग्य वा पाय केवा,
अभागिनी बलि वुझे,—
दियेछ भेवे।
तुमि यदि आमि हओ,—
वुझिवे तवे।

सेवा-भार गये हो देकर,
अपनी वृद्धा माँका मुझपर,
करूँ कौन सेवा उनकी,
जो ले यह दुख हर ?
तुम ही कर विचार अब इसपर,
मुझे बता दो दर्शन देकर,
भवमें जीवनको काटूँगी
वैसाही कर॥
तव जननी-सेवाका अवसर
मिले, भाग्य ऐसा हो क्योंकर,
जान अभागिन मुझको है
यह दिया मनन कर।
समझ सकोगे मुझको तुम
केवल 'मैं' बनकर॥

शचीमाता--

बौमा ! कि जे बलितेछ तुमि,
किछुइ ना बुझि;
निमाइ आसिबे आज नितायेर साथे,
ल'ये भक्तवृन्द,
आङ्गिनाय मोर हइबे कीर्त्तनः–
बहुदिन परे।
महोत्सव आजि मोर गृहे,—
चल मागो ! कर गिये रन्धन-उद्योग,—
आमि जाइ गङ्गास्नाने।
(ईशानेर प्रति)
ईशान ! आङ्गिनाय आज हइबे कीर्त्तन,
आमार निमाइचाँद आसि,
नित्यानन्द सने करिबे नर्त्तन।
शुनि नाइ बहुदिन ताहार कीर्त्तन,
देखि नाइ तार मधु नृत्य मनोहर;
बलेछेन मोरे श्रीवास पण्डित

शचीमाता--

बहूमाँ ! क्या तो कहती हो तुम,
कुछ भी समझती नहीं;
आयेगा निमाई आज साथ निताईके,
लेकर भक्तगणको,
आँगनमें मेरे होगा कीर्तन,--
बहुत दिनों बाद।
महोत्सव आज मेरे घरमें,--
चलो बेटी ! करो जाकर रन्धन-उद्योग,
मैं जाऊँ गङ्गास्नानको।
(ईशानके प्रति)
ईशान ! आँगनमें आज होगा कीर्तन,
मेरा निमाईचाँद आकर
नित्यानन्दके साथ करेगा नर्तन।
सुना नहीं बहुत दिनोंसे उसका कीर्तन,
देखा नहीं उसका मनोहर मधुर नृत्य;
कहा है मुझसे पण्डित श्रीवासने,

आज नदीयार चाँद,	आज नदियाका चाँद
उदय हइबे नदीयाय;	उदय होगा नदियामें;
ईशान !	ईशान !
तुमि कर परिष्कार आङ्गिना ओ बाहिर,	तुम करो परिष्कार आँगनका, बाहर भी,
उद्योग कर कीर्त्तनेर ।	करो तैयारी कीर्तनकी ।
पाइबेन प्रसाद आजि,	पायेंगे प्रसाद आज,
भक्तवृन्द मोर गृहे ।	भक्तवृन्द मेरे घर ।
ईशान—(स्वगत)	**ईशान**—(स्वगत)
पागलिनी हयेछेन गौराङ्गजननी;	पगली हो गयी हैं गौराङ्ग-जननी;
उन्मादिनी तिनि गौर-विरहे;	उन्मादिनी वे गौर-विरहमें हुई;
ह'ये मत्त गौरभावे,	होकर मत्त गौर-भावमें,
तिनि देखिछेन जगत गौरमय ।	देखती हैं वे जगत्‌को गौरमय ।
बले गेलेन ताँके सान्त्वना-छले,	कह गये हैं उनको सान्त्वनाके मिससे,
पण्डित श्रीवास,	पण्डित श्रीवास,
नवद्वीपचन्द्र शची-आङ्गिनाय	शचीके आँगनमें नवद्वीपचन्द्र
करिबेन नर्त्तन-कीर्त्तन,	करेंगे नर्तन, कीर्तन;
गौरगतप्राणा गौराङ्ग-जननी	गौरगतप्राणा गौराङ्गजननीने
ताँर वाक्ये करिया विश्वास,	कर विश्वास उनकी बातका,
करेछेन सकल उद्योग	करली है तैयारी सारी
संकीर्त्तन-यज्ञ-अनुष्ठानेर ।	संकीर्तन-यज्ञ-अनुष्ठानकी ।
पण्डितेर किवा दोष दिब ?	पण्डितको भला, दोष क्या दूँ ?
सकलि मोर निज करमेर फल ।	सब फल मेरे निज कर्मोंका ।
करितेछि वास आमि,	कर रहा हूँ वास मैं,
गौरशून्य नदीयाय,	गौर-शून्य नदियामें
शुधु गौर-जननीर ओ घरणीर	केवल गौर-जननी और गृहिणीका
चेये मुखपाने;	देख मुख;
देखि पोड़ा चोखे सब,	देखता हूँ सबकुछ झुलसे नयनोंसे,
शुनितेछि सकलि कानेते,	सुनता हूँ सबकुछ कानोंसे,
मुखे किछु वलि ना काहारे ।	मुखसे कुछ कहता नहीं किसीको ।
किंतु, शचीमार देखे दशा,	किंतु, शचीमाताकी देख दशा

मुख बुजे थाका चले ना त आर ।	मुख बंद किये रहना अब चल सकता नहीं ।
जाइ पण्डितेर काछे एक बार,	जाऊँ पण्डितके समीप एक बार,
आसि पुछे ताँके,--	आऊँ पूछ उनसे,--
पागलिनीके करिया पागल	पगलीको पागल बना
ताँर किवा हय सुख ।	उनको मिलता है सुख क्या ?
गौरभक्त-चूड़ामणि तिनि,--	गौरभक्त-चूड़ामणि वे,--
पूज्य तिनि--	पूज्य वे--
किंतु ए कि काज ताँर ?	किंतु यह क्या काम उनका ?
सत्य कि नवद्वीपचन्द्र,	सच क्या नवद्वीपचन्द्र,
आसिबेन निजगृहे आज	अपने घर आयेंगे आज
करिते कीर्त्तन ?	करनेको कीर्तन ?
(शचीमातार प्रति)	(शचीमातासे)
मागो ! शान्त हओ तुमि,	माँ ! शान्त होओ तुम,
स्थिर कर मन ।	स्थिर करो मनको ।
जाइतेछि आमि श्रीवासभवने,	जाता हूँ मैं श्रीवासके घर,
ए संवाद सत्य कि मिथ्या	यह संवाद सत्य अथवा मिथ्या ?—
जेने आसि आगे ।	जानकर आता हूँ पहले ।
शचीमाता—	**शचीमाता**—
ईशान ! कभु मिथ्या नाहि कहे	ईशान ! झूठ नहीं कहते कभी
श्रीवास पण्डित;	श्रीवास पण्डित ।
आमार निमाइ आजि	मेरा निमाई आज
करिबे कीर्त्तन आङ्गिनाय;	करेगा कीर्तन आँगनमें;
कर शीघ्र सकल उद्योग तुमि ।	करो शीघ्र सारी तैयारी तुम ।
ईशान—	**ईशान**—
मागो ! तव आज्ञा पालिब यतने,	माँ ! तव आज्ञा पालूँगा यत्नसे,
जाबे तुमि गङ्गास्नाने,	जाओगी गङ्गास्नान करने तुम
सङ्गे जाइ आमि ।	जाऊँगा साथ मैं ।
(मने-मने)	(स्वगत)

ना जानि श्रीवास पण्डित आजि	न जाने श्रीवास पण्डित आज
घटावेन किवा सर्व्वनाश ।	क्या दुर्घटना घटायेंगे ?
गौरभक्त-चूड़ामणि तिनि;	गौरभक्त-चूड़ामणि वे;
आकुल आह्वाने ताँर,	आकुल आह्वानसे उनके,
संकीर्त्तन-यज्ञेश्वर––	संकीर्तन-यज्ञेश्वर––
भक्तवाञ्छाकल्पतरु श्रीगौराङ्गसुन्दर	भक्तवाञ्छाकल्पतरु श्रीगौराङ्गसुन्दर
पारेन आसिलेओ आसिते	आयें तो आ भी सकते हैं
संकीर्त्तन माँझे ।	संकीर्तनके बीच ।
आज विषम परीक्षार दिन;	विषम परीक्षाका दिन आज;
हउक सफल गौरभक्तेर वाक्य,	हो सफल गौरभक्त-वाणी,
पूर्ण हउक मनोरथ गौराङ्गजननीर	पूर्ण हो मनोरथ गौराङ्गजननीका ।
(प्रस्थान)	(प्रस्थान)
(श्रीवासादि गौरभक्तवृन्देर सहित कीर्त्तन करिते-करिते श्रीनित्यानन्द प्रभुर प्रवेश)	(श्रीवासादि गौरभक्तवृन्द सहित कीर्तन करते-करते श्रीनित्यानन्द प्रभुका प्रवेश)

कीर्त्तन

सोनार गौराङ्ग आमार,	कञ्चन-काय निमाई मेरा,
(ऐ) नेचे चले जाय।	(वह) चला नाचता जाये।
(तोरा) देखवि यदि आय ॥	तू देखेगा यदि आये।
नदेर पथे,—निताई साथे,	नदिया-पथपर सहित निताई,
(ऐ) नेचे चले जाय।	(वह) चला नाचता जाये।
हेमदण्ड वाहु तुले	स्वर्ण-दण्ड सम वाहु उठाये,
हरे कृष्ण हरि वले,	"हरे कृष्ण, हरि बोल", सुनाये,
पराण गौराङ्ग आमार	गौर प्राण-जीवन मेरा,
(ऐ) नेचे चले जाय।	(वह) चला नाचता जाये।
नवीन नाटुया साजे,	अभिनव वर नटवर-वेश सजे,
चरणे नुपुर वाजे,	चरणोंमें नूपुर मञ्जु वजे,
नदीयानागर गोरा	नदिया-नागर, नवद्वीप-गौर,
(ऐ) नेचे चले जाय ॥	(वह) चला नाचता जाये।
परणे कोंचान धुनि,	तन धोती चुन्नटदार लसे,
कटिते उड़ानि वाँधि,	कटि-तट उपरैना रुचिर कसे,

प्रेमेते विभोर गोरा
गङ्गातीरे धाय।
संकीर्त्तन-रस-रङ्गे,
अन्तरङ्ग भक्त सङ्गे,
संकीर्त्तनेर पिता गौर
(ऐ) नेचे चले जाय।
मालतीर माला गले,
पवन-हिल्लोले दोले,
ऊर्द्ध्व बाहु ह'ये गोरा,
हरिनाम गाय।
चन्दन-चर्चित देहे,
कुसुमेर गन्ध बहे,
जगजन मुग्ध ताँर
वदन-शोभाय।
सोणार गौराङ्ग आमार
(ऐ) नेचे चले जाय।

प्रेममें छका हुआ गौराङ्ग,
गङ्गा-तट दौड़ा जाये।
संकीर्त्तनके रस-सने रङ्ग-
में अन्तरङ्ग भक्तौघ सङ्ग,
संकीर्तनका पिता गौर-हरि,
(वह) चला नाचता जाये।
गले मालतीकी माला वर,
जिससे पवन रहा क्रीडा कर,
दोनों बाहु उठाये गौरा,
(हरि) नाम सुनाये गाये।
चन्दनसे चर्चित काया है,
सुमनावलि-सौरभ छाया है,
हैं मुग्ध जगतके जन उसकी,
मुख-छविपर, सभी लुभाये।
कञ्चन-काय निमाई मेरा,
(वह) चला नाचता जाये।

शचीमाता—
(उन्मादिनीर मत कीर्त्तनेर मध्ये आसिया)

ऐ जे आमार सोनार निमाइचाँद,
आय बाप! एक बार कोले आय!
बुके ध'रे तोरे
जीवन जुड़ाइ।

शचीमाता—
(उन्मादिनीकी भाँति कीर्त्तनमें आकर)

वही तो मेरा सोनेका निमाई चाँद,
आरे तात! एकबार गोदीमें आ।
छातीसे लगा तुमको
शीतल करूँ जीवनको।

पुनः कीर्त्तन

हरे कृष्ण हरे बलि,
दु'टि बाहु ऊर्द्ध्वे तुलि,
पतित जीवेरे डाकि
आय आय आय।
प्रेम भरे डेके-डेके,
(से जे) देय कोल जाके ताके,

"हरे कृष्ण, हरि" बोल-बोलकर,
उठा युगल बाँहोंको ऊपर,
पतित जीवोंको—आओ, आओ
आओ चले—बुलाये।
प्रेम सहित कर-कर आवाहन,
प्रति जनको करता आलिङ्गन,

(तार) नयनेते धारा वहे
प्राण फेटे जाय।
पराण गौराङ्ग आमार,
(ऐ) नेचे चले जाय॥
(तोरा) देख्‌वि यदि आय।
प्रेमेते पागल पारा,
जीव दुखे काँदे गोरा,
क्षणे हासे, क्षणे काँदे
(पुनः) धराते लुटाय।
(से जे) हुंकार करिया वले,
पापी-तापी आय रे च'ले,
गोलोकेर धन दिव
(तोरा) आय, चले आय।
सोनार अङ्गे धूलि मेखे,
सोनार गौराङ्ग आमार,
(ऐ) नेचे चले जाय।
नदेवासी नर-नारी,
देख्‌वि यदि आय॥
(गौर आमार वले रे)
प्रेमधन एनेछि आमि,
असाधन चिन्तामणि,
गोलोक ह'ते तोदेर तरे,
आय सवे आय।
(ऊर्द्ध) वाहु हये डाके,
(वले) विलाइव जाके-ताके,
गोलोकेर धन प्रेम
दिव सवे आय॥
(जे) वल्‌वे हरि एकटि वार,
सेइ पावे सुधाधार,
(ओरे) मिट्‌वे तारे भवक्षुधा
घूच्‌वे हाय-हाय॥
सोनार गौराङ्ग वले
आय, सवे आय।
(गौर आमार वले रे)
हरे कृष्ण हरे राम,

नयनोंसे वहती जलधारा,
यह देख प्राण फट जाये॥
गौराङ्ग प्राण-जीवन मेरा,
(वह) चला नाचता जाये।
तू देखेगा यदि आये॥
प्रेम छका सुध-बुधसी खोये,
जीव-दुःखसे गोरा रोये,
क्षणमें हँसता, क्षणमें रोता,
पुनः लोट भूपर जाये॥
बुला रहा वह कर-कर गर्जन,
आओ चले, तप्त-पापी जन
दूँगा मै गोलोक - विभव
आओ रे! कदम वढ़ाये।
धूल रमाये स्वर्ण - देहमें,
कञ्चन-काय निमाई मेरा,
(वह) चला नाचता जाये।
नवद्वीप-निवासी नर-नारी,
जो दर्शनेच्छु, वह आये॥
कह रहा गौरहरि है मेरा—
लाया हूँ मैं प्रेम-रूप धन,
चिन्तामणि दुष्प्राप्य, असाधन,
सुरभि-लोकसे लिये तुम्हारे,
आओ, न एक रह जाये।
भुजा उठाकर टेर रहा है,
जन-जनको दूँगा—कहता है,
प्रेम-रूप गोलोक - विभव
दूँगा सव जनता आये।
जो एकवार ले हरि पुकार,
वह पायेगा पीयूष-धार,
होगी उसकी भव-क्षुधा शान्त,
सव हाय-हाय मिट जाये॥
कहता कञ्चन-काय निमाई,
आये, समाज सव आये।
(सुनो, कहता मेरा गौराङ्ग)
जय हरे कृष्ण, जय हरे राम,

बल्वे मुखे अविराम,
परमायु अल्प जीवेर
समय ब'ये जाय।
दु'हात जुड़ि बले 'हरि',
भजिले गौराङ्ग हरि,
कलिर जीवे अनायासे
प्रेमधन पाय।
(ताँर) चरणे शरण निले,
गोलोकेर धन मिले,
त्रितापेर जाय ज्वाला,
जाय हाय-हाय ॥
सोनार गौराङ्ग आमार,
(ऐ) नेचे चले जाय।
(तोरा) देख्बि यदि आय।
(कीर्त्तन लइया नगरे गमन)

बोलो मुखसे, मत लो विराम,
परमायु अल्प ही जीवोंकी,
नित समय बीतता जाये।
'हरि' कहता है कर जोड़ युगल,
गौराङ्ग-भजनका है यह फल,
अनायास कलियुगका प्राणी
दिव्य प्रेमका धन पाये।
जो चरण-शरण उनकी जाये,
गो-लोक-सम्पदा वह पाये,
हो दूर त्रितापोंकी ज्वाला,
हा, हाय, हाय मिट जाये ॥
कञ्चन-काय निमाई मेरा
(वह) चला नाचता जाये।
तू देखेगा यदि आये ॥
(कीर्तन करते नगरमें जाना)

शचीमाता—

पण्डित श्रीवास !
श्रीपाद नित्यानन्द ! गौरभक्तवृन्द !
देखितेछि दिव्य चक्षे आमि,
सोनार निमाइचाँद,
बाहु तुले हरि बले,
करिछे मधुर नृत्य,—नयन रञ्जन,—
संकीर्तन माझे।
देख देख, कि सुन्दर,—
सेइ तार चाँचर चिकुरराशि;
पड़ेछे सुन्दर बदन झापि;
सेइ तार परिसर वक्षःस्थले,
शोभिछे अपूर्व्व मालतीर माल;
परिधाने सेइ तार
कोँचान धुति लाल पेड़े;
सूक्ष्म उड़ानि दृढ़बद्ध,

शचीमाता—

पण्डित श्रीवास !
श्रीपाद नित्यानन्द ! गौरभक्तवृन्द !
देखती हूँ मैं दिव्य चक्षुओंसे,—
सोनेके निमाईचाँदको,
बाहु उठा 'हरि बोल' कहते
करता है मधुर नृत्य—नयन-रञ्जन,—
संकीर्तनमें।
देखो तो सही, कितना सुन्दर,—
वह उसकी बिथुरी, कुञ्चित चिकुर-राशि,
लटक रही सुन्दर बदनको झाँप
वही उसके विशाल वक्षःस्थलपर
शोभित अपूर्व मालती-माला,
पहने हुए वही अपनी
चुनी हुई धोती लाल पाड़की
महीन उपरैना बँधा कसके

क्षीण कटिदेशे तार ।	क्षीण कटिदेशमें उसके ।
नवीन नाटुया वेश तार,	नवीन नटवर वेश उसका,
राङ्गा चरणे तार वाजिछे नूपुर ।	अरुण चरणोंमें उसके बज रहा नूपुर ।
ऐ नदीयार पथे,—भक्तवृन्द साथे,—	इस नदियाके पथपर—भक्तवृन्द साथ,—
बाछा मोर,—धूलि-धूसरित अङ्गे	छौना मेरा,—धूलि-धूसरित देहसे,
नाचिया चलेछे प्रेमरङ्गे ।	नाचता चल रहा है प्रेमरङ्गमें ।
एइ जे से,—	वही तो बस,—
अङ्गने नाचितेछिल मोर,—	आँगनमें नाच रहा था मेरे अभी,
नितायेर साथे,—	साथ निताईके,—
नाचिते-नाचिते राजपथे गेल च'ले,	नाचते-नाचते चला गया राजपथपर,
अगणन लोक सङ्गे तार ।	अगणित लोग साथ उसके ।
'बोल हरि बोल' रवे,	'बोल हरि बोल' की ध्वनिसे
क'रे दिगन्त कम्पित,	करता दिगन्त कम्पित,
सोनार निमाइचाँद—	सोनेका निमाई चाँद—
सोनार गौराङ्ग तोमादेर—	स्वर्ण-गौराङ्ग तुमलोगोंका—
संकीर्त्तन-रणरङ्गे मातियाछे आज ।	संकीर्तन-रणरङ्गमें मत्त हो उठा आज ।
(श्रीवास पण्डितेर हस्तधारणकरिया)	(श्रीवास पण्डितका हाथ पकड़कर)
पण्डित श्रीवास ! क'रे संकीर्त्तन	पण्डित श्रीवास ! करता संकीर्तन
प्राणेर निमाइ मोर,	प्राणोंका निमाई मेरा,
पुनः आसिबेन फिरे घरे ?	पुनः तो आयेगा लौट घर ?
सङ्गे आछे नदीयार भक्तवृन्द जत,	सङ्ग हैं भक्तवृन्द नदियाके जो,
तारा फिराये आनिबे अवश्यइ	वे अवश्य ही लौटा लायेंगे
पुनः गृहे तारे ।	पुनः घर उसको ।
देखेछि प्राण भरे, तारे आमि,	देखा है जीभर उसे मैंने,
परितृप्त हयेछे मोर प्राण-मन—	परितृप्त हुए हैं मेरे प्राण-मन—
बौमाओ देखेछे ताहारे;	बहूरानीने भी देखा है उसको;
द्विधा नाइ किछुमात्र मने आमादेर ।	कुछ भी संदेह नहीं मनमें हमारे ।
बहु दिन परे,	बहुत दिन बाद,
निताइ एनेछे ध'रे तारे नदीयाय ।	निताई पकड़ उसे लाये हैं नदियामें ।
मोर सब दुःख गेल दूरे,	मेरे सब दुःख हुए दूर,

मृत देहे आसिल पराण	लौट प्राण आये मृत देहमें,
देखिय बाछारे;	देखकर अपने लालको;
हारा धन फिरे पानु आमि	खोया धन फिर मैंने पाया।
मालिनी दिदि ! सर्व्वजया ! बौमा !	मालिनी दीदी ! सर्वजया ! बहूरानी !
कर गिये रन्धनेर उद्योग।	करो जाकर तैयारी रसोईकी।
महोत्सव हबे आजि गृहे मोर;	महोत्सव आज होगा घर मेरे;
ल'ये भक्तगण,	लेकर भक्तगणको,
फिरि आसि संकीर्त्तन ह'ते,--	लौट संकीर्तनसे,
निमाइ आमार,	मेरा निमाई,
